राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 208
लखनऊ, बुधवार 1 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सर्विलांस टीम ने 101 मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को सौंपें 10

बसपा आपराधिक छवि वाले को नहीं देगी टिकट : मायावती 03

# जैन धर्म का अहिंसा का संदेश पूरी मानवता के लिए जरूरीः मोदी

## आज दुनिया अशांति और अस्थिरता से जूझ रही हैः प्रधानमंत्री

**एजेंसी, गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया आज अस्थिरता और अशांति के दौर से गुजर रही है और ऐसे समय में जैन धर्म का अहिंसा का संदेश पूरी मानवता के लिए बेहद प्रासंगिक है। महावीर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर स्थित कोबा तीर्थ में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'आज दुनिया में जिस तरह के हालात हैं। विश्व अस्थिरता और अशांति की आग में झुलस रहा है। इस संग्राहलय की विरासत, इसका संदेश भारत ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए अहम है। हमारा प्रयास होना चाहिए दुनिया के देशों से यहां आने वाले जिज्ञासु, विद्यार्थी और शोधकर्ता और अन्य लोग भारत के जैन धर्म की शिक्षाओं को विश्व के कौने-कौने में पहुंचाएं। उन्होंने भगवान महावीर को नमन करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक हालात चिंता का विषय है, जहां कई क्षेत्रों में संघर्ष और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे समय में जैन दर्शन के अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह के सिद्धांत दुनिया को नई दिशा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्राट संप्रति ने शासन को सेवा का माध्यम बनाकर अहिंसा के विस्तार का कार्य किया और उनका जीवन आज भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय न केवल भारत की प्राचीन धरोहर को संरक्षित करता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को इससे जोड़ने का माध्यम भी बनेगा। मोदी ने कहा कि भारत में ज्ञान की परंपरा हमेशा समृद्ध रही है लेकिन विदेशी आक्रमणकारियों ने मजहबी संक्रीणता में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों की अमूल्य पांडुलिपियां नष्ट कर दीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी इन धरोहरों के संरक्षण पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों ने पांडुलिपियों की उपेक्षा की, लेकिन अब उन्हें खोजने, सहेजने और संरक्षित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में 'ज्ञान भारतम मिशन' जैसे कदम उठाए गए हैं, जिसमें आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है और उन्हें वैज्ञानिक तरीकों से संरक्षित किया जा रहा है। इन प्रयासों में उच्च-गुणवत्ता वाली स्कैनिंग, रासायनिक उपचार और व्यापक डिजिटल संग्रहों का निर्माण शामिल है। इन सभी का उद्देश्य हमारी समृद्ध विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। उल्लेखनीय है कि सम्राट संप्रति संग्रहालय जैन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है। सात दीर्घाओं में विभाजित इस संग्रहालय में दुर्लभ अवशेष, जैन कलाकृतियां, प्राचीन पांडुलिपियां और पारंपरिक धरोहरों का व्यापक संग्रह प्रदर्शित किया गया है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय आगंतुकों और शोधकर्ताओं को भारत की सभ्यतागत यात्रा का गहन अनुभव प्रदान करता है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने कोबा में सम्राट सम्प्रति म्यूजियम का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अहमदाबाद पहुंचने पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने स्वागत किया। इसके बाद वे कोबा पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी एक महीने में दूसरी बार गुजरात पहुंचे हैं। उन्होंने महावीर जयंती के अवसर पर कोबा स्थित 'सम्राट सम्प्रति म्यूजियम' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रसंत पूज्य आचार्य पद्मसागर सूरीश्वरजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, गृह राज्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी और महावीर जैन आराधना केंद्र के अध्यक्ष सुधीर मेहता सहित देशभर से कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नालंदा विश्वविद्यालय का पतन केवल भारत नहीं, पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी : राष्ट्रपति

▸ भगवान महावीर और गौतम बुद्ध ने इसी क्षेत्र से अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया : राष्ट्रपति



**एजेंसी, राजगीर।** बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय ने लगभग आठ शताब्दियों तक ज्ञान के एक महान केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई थी, और इसका पतन न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'इसका पुनरुद्धार, आधुनिक परिवेश में विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत को फिर से स्थापित करने की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 'स्नातकों को डिग्रियां प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्थान के छात्रों को मानवता की एक 'साझी विरासत' प्राप्त होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि यहां से स्नातक होने वाले छात्रों को दो चीजें मिलती हैं – एक डिग्री और एक विरासत। जहां डिग्री उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, वहीं मानवता की जो विरासत वे यहां से पाते हैं, वह एक साझी विरासत है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष स्नातक होने वाले छात्रों में से आधे से अधिक छात्र 30 से अधिक देशों के थे। राष्ट्रपति ने कहा, 'भगवान महावीर और बुद्ध ने बिहार के इसी क्षेत्र से पूरी मानवता को अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया था।' दीक्षांत समारोह से पहले उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

## सीबीआई ने एमसीडी के उपायुक्त और प्रशासी अधिकारी को चार लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शाहदरा उत्तरी जोन में तैनात प्रशासी अधिकारी गौतम और उपायुक्त अभिषेक मिश्रा को चार लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने 30 मार्च को प्रशासी अधिकारी गौतम के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि उन्होंने उपायुक्त अभिषेक मिश्रा की ओर से शिकायतकर्ताओं से चार लाख रुपये की घूस मांगी थी, ताकि उनकी जांच रिपोर्ट को सक्षम प्राधिकारी के पास अनुकूल रूप से भेजा जा सके। एजेंसी ने उसी दिन जाल बिछाकर प्रशासी अधिकारी गौतम को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आगे की कार्रवाई में उपायुक्त अभिषेक मिश्रा की भूमिका भी सामने आई, जिसके बाद दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एजेंसी ने बताया है कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। आरोपियों की निशानदेही पर साक्ष्यों को ढूंढा जा रहा है और तफ्तीश को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी को मिली गंगा राम अस्पताल से छुट्टी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें 24 मार्च को बुखार होने के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉक्टरों के अनुसार वे एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स दी गई। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार सोनिया गांधी को 24 मार्च की रात 10:22 बजे बुखार के चलते सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. डीएस राणा, डॉ. एस. नंदी और डॉ. अरूप बसु की देखरेख में उन्हें एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स से इलाज दिया गया और उन्होंने इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दी। अब वे ठीक हो चुकी हैं और आज सुबह उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, ताकि घर पर उनका आगे का इलाज और फॉलो-अप हो सके।

### कुवैत में मिसाइल का मलबा गिरने से तमिलनाडु के मजदूर की मौत, परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**एजेंसी, रामनाथपुरम।** ईरान-इज़राइल युद्ध के बीच कुवैत में हुए एक दर्दनाक हादसे में तमिलनाडु के एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान 36 वर्षीय संथाना सेल्वम के रूप में हुई है, जो पिछले लगभग 10 वर्षों से कुवैत में इलेक्ट्रिशियन के तौर पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, रामनाथपुरम जिले के मुदुकुलथूर के पास स्थित अनिकुरुंधन गांव के निवासी संथाना सेल्वम एक इंजीनियरिंग जनरल ट्रेडिंग और कॉन्ट्रैक्टिंग कंपनी में काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर वह रह रहे थे, वहां युद्ध के दौरान दागी गई एक मिसाइल का मलबा आकर गिरा, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर जैसे ही उनके परिवार और गांव वालों को मिली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पत्नी कौसल्या, एक बेटे और एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। परिजनों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर संथाना सेल्वम के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने और परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। स्थानीय प्रशासन ने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# भारत बनेगा वैश्विक हबः अश्विनी वैष्णव

▸ सेमीकंडक्टर प्लांट 14 महीनों में तैयार हुआ



**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को अहमदाबाद के साणंद जीआईडीसी स्थित केयन्स सेमीकॉन संयंत्र के उद्घाटन अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर इंजीनियर का सपना साकार हो रहा है और भारत तेजी से सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि महज 14 महीनों में फाउंडेशन से लेकर कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत होना प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और राज्य सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि भारत के औद्योगिक विकास और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वैष्णव ने बताया कि 28 फरवरी को पहले प्लांट का उद्घाटन हुआ था, जबकि 31 मार्च को दूसरे प्लांट का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जुलाई तक तीसरा प्लांट भी शुरू हो जाएगा। वर्ष 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो और प्लांट शुरू होंगे। इसके अलावा, धोलेरा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर फैक्ट्री 2028 तक तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने गुणवत्ता और लागत प्रतिस्पर्धा पर जोर देते हुए कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर टिके रहने के लिए इन दोनों पहलुओं में श्रेष्ठता हासिल करनी होगी। उन्होंने बताया कि देश में करीब 60,000 इंजीनियरों को उन्नत चिप डिजाइन टूल्स जैसे सिपनोपिस और केडेंस पर प्रशिक्षण दिया गया है और 315 विश्वविद्यालयों में यह क्षमता विकसित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज दुनिया की अग्रणी कंपनियां भारत में 2 नैनोमीटर तक की अत्याधुनिक चिप्स का डिजाइन कर रही हैं। 'डिजाइन इन इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' के तहत पूरा सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम देश में विकसित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 'सेमीकॉन 2.0' के तहत प्रधानमंत्री ने स्पष्ट दिशा दी है कि सेमीकंडक्टर से जुड़े केमिकल्स, गैसेस और मशीनरी का निर्माण भी भारत में ही होना चाहिए, ताकि देश पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन सके। वैष्णव ने विश्वास जताया कि वर्ष 2032 तक भारत दुनिया के शीर्ष छह सेमीकंडक्टर देशों में शामिल होगा और 2047 तक शीर्ष तीन देशों में अपनी जगह बनाएगा।

# असम में अब विकास और आधारभूत संरचना की होती है बात : राजनाथ सिंह

▸ पहले कांग्रेस शासन में असम की पहचान अशांति और उग्रवाद से जुड़ी थी, लेकिन अब राज्य विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है : राजनाथ सिंह



**एजेंसी, गोलाघाट (असम)।**

असम विधान सभा चुनाव 2026 के मद्देनजर मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनवी सभाओं में हिस्सा लेते हुए भाजपा सरकार के पूर्वोत्तर के विकास के लिए उठाए गये कदमों को गिनाया। उन्होंने कहा कि अब असम में विकास और आधारभूत संरचना की बात होती है। रक्षा मंत्री सिंह आज शोणितपुर जिले के तेजपुर और गोलाघाट जिला के देरगांव विधान सभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देरदाव में चुनावी सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि कांग्रेस के कुशासन में असम की पहचान अशांति और इन्सर्जेंसी के साथ जुड़ी थी। कांग्रेस ने असम समेत पूर्वोत्तर की अनदेखी की लेकिन अब असम में आधारभूत संरचना की बात होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर अपराध, अलगाववाद, नक्सलवाद और उग्रवाद से निकलकर प्रगति, विकास और समृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में दशकों तक भ्रष्टाचार चरम पर था, लेकिन आज 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के तहत असम के लोगों को सुरक्षा, सम्मान और गरिमा वापस मिली है। कांग्रेस असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाकर वोट बैंक मजबूत करना चाहती है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के द्वारा राज्य में चलाए गये विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगली सरकार में इसे और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

## यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह ने दिया इस्तीफा



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने मंगलवार को अचानक अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। आईएएस रिंकू सिंह राही ने इसे अपना नैतिक निर्णय बताया है। वे वर्तमान में राजस्व परिषद से संबद्ध चल रहे हैं। आईएएस रिंकू सिंह राही ने राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफे में लिखा है कि आठ माह पहले शाहजहांपुर में एसडीएम रहते हुए एक कार्रवाई के बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया। तबसे उन्हें न तो फील्ड पोस्टिंग दी जा रही थी और न ही कोई गरिमापूर्ण कार्य सौंपा जा रहा था। हालांकि उन्हें वेतन मिलता रहा, लेकिन काम करने और जनसेवा के अवसर से वंचित रखा गया। इस समय एक अलग सामानान्तर व्यवस्था चल रही है। उल्लेखनीय है कि रिंकू सिंह ने वर्ष 2009 में मुजफ्फरनगर में समाज कल्याण अधिकारी रहते एक बड़े घोटाले को उजागर किया था। इसके बाद उन पर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें उन्हें सात गोलियां लगी थी, लेकिन वह बच गये थे।

## गढ़चिरौली में 30 लाख रुपये के इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में 30 लाख रुपये के इनामी नौ नक्सलियों ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें तीन पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। यह सभी छत्तीसगढ़ के इंद्रावती नेशनल पार्क में एक्टिव थे। गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय के मुताबिक़ 'नक्सल-फ्री इंडिया' की डेडलाइन 31 मार्च थी। इसी डेडलाइन के आखिरी दिन गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी पर 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें दो एरिया कमेटी मेंबर और 7 मेंबर हैं। आज सरेंडर करने वाले नौ नक्सली छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं।

## विश्व में शांति का संदेश लेकर थाईलैंड से अयोध्या की पदयात्रा पर निकले राजू चान



**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच शांति का संदेश लेकर राजू चान थाईलैंड के अयोध्या से लेकर अयोध्या नगरी के लिए पदयात्रा पर निकले हैं। चैत्र मास की रामनवमी के अवसर पर थाईलैंड के प्रसिद्ध वाट फनंगछन मंदिर से यह दिव्य यात्रा प्रारंभ की गयी। थाईलैंड की अयोध्या नगरी से डोनमुअंग (बैंकॉक) अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक पदयात्रा कर फ्लाइट से सोमवार को देर शाम दिल्ली पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने महिपालपुर से अपनी पदयात्रा शुरू की है। वे दिल्ली से अयोध्या तक की 750 किलोमीटर की दूरी पैदल पूरा करेंगे। दिल्ली एयरपोर्ट से पैदल बदरपुर के रास्ते, मथुरा वृंदावन होते हुए वे अयोध्या पहुंचेंगे। उद्देश्यपूर्ण यह पदयात्रा की दिल्ली से शुरूआत करते हुए राजू चान ने बताया कि पदयात्राएं दिलों को जोड़ती है। करीब 850 किलोमीटर की पैदल यात्रा का उद्देश्य विश्व में लोगों तक भगवान श्री राम के जीवन का संदेश पहुंचाना है। प्रभु राम का जीवन प्रेम, भाईचारे और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखते हुए बिना स्वार्थ के अपने कर्तव्यों को पूरा किया। उनके जीवन के इसी स्वाभाव को मन में लिए अयोध्या नगरी जाने की ठानी। पैदल यात्रा के सवाल पर राजू चान कहते हैं कि उनके दादा ने पैदल ही थाईलैंड तक की यात्रा की थी और वहीं बस गए। वहीं अयोध्या नगरी बसा ली। श्री राम के संदेश को मन में बसाया। थाईलैंड ने उनके दादा को शरण दी और आज वहां तीन लाख से भी ज्यादा भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि वे इस यात्रा के जरिए थाईलैंड के राजा का आभार व्यक्त करते हैं। राजू चान ने बताया कि उनके दादा थाईलैंड में बसे वहीं कारोबार किया। लेकिन भारत से अपना नाता नहीं तोड़ा। जड़ो से जुड़े रहे। अयोध्या नगरी ने दिल के तार हमेशा जोड़े रखा, इसलिए थाईलैंड में भी एक अयोध्या नगरी बसा ली। उन्होंने बताया कि उनका अंतिम पड़ाव प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि, अयोध्या धाम के बाद वे अपने मूल गांव भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद का पोखरी गांव है, जिसे लोग प्रेमपूर्वक 'मिनी थाई' के नाम से भी जानते हैं। थाईलैंड में रहते जरुर हैं, आस्था अपनी जन्मभूमि और सनातन संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है।

## राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक हुई

▸ कार्यकारिणी की पहली बैठक लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में हुई। जिसमें पत्रकारों के हितार्थ विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि नाथ दूबे ने प्रस्ताव रखा कि देश-प्रदेश के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक संस्थानों से राज्य मुख्यालय स्तरीय एवं जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकारों सहित गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की आवाज मुख्यालय पर हमारा एसोसिएशन उठाएगा। पत्रकार उत्पीड़न किसी भी हाल में नहीं होना चाहिये। इसके लिए एसोसिएशन संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाने से लेकर धरातल पर उतरवाने तक संघर्ष करेगा। उनके इस प्रस्ताव को कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मत से पारित किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित सचिव-शेखर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष-हरजीत सिंह, संजय श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव-अमिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष-प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यकारी सदस्य-सुभाष पांडेय, अनिल कुमार सिंह, आर.बी.सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। नई कार्यकारिणी की पहली बैठक लोकभवन में सकारात्मक सोच और नई ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। सभी साथियों को आखिर में सचिव ने धन्यवाद दिया।

**उद्देश्य** उज्जैन में सिंहस्थ के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए काशी मॉडल अपनाया जाएगा

## उज्जैन सिंहस्थ में विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा भीड़ प्रबंधन, तकनीक के एमओयू हस्ताक्षरित




**समृद्धि न्यूज़, वाराणसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जिस तरह बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन हो रहा है, उसी तरह का प्रबंधन हम सिंहस्थ में भी चाहते हैं। हमारा दौरा उसी की जानकारी लेने और योजना बनाने के लिए है। सभी राज्यों में बेहतर धार्मिक पर्यटन की व्यवस्था हो, धार्मिक पर्यटन से लोगों की जिंदगी में बदलाव आए, इस पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए मंदिर न्यास के साथ एक एमओयूहस्ताक्षरित किया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में भाग लेने पहुंचे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। मंदिर में विधि विधान से वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में अध्ययन भ्रमण किया। धाम के सभागार में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने काशी विश्वनाथ मंदिर के क्राउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का अवलोकन किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भीड़ प्रबंधन पर मंदिर न्यास की विशेष प्रस्तुतियां देखीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर के अधिकारियों के साथ भी बैठक कर मंदिर प्रबंधन से जुड़ीं कई जानकारियां भी ली। इसके बाद मंदिर में क्राउड मैनेजमेंट की तकनीक को लेकर मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ विश्व भूषण मिश्रा ने उज्जैन के आयुक्त के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन स्थल होटल रामाडा पहुंचे और सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भीड़ प्रबंधन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि धाम का प्रबंधन बहुत अच्छा लगा। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। उसके साथ ही, यहां के निवासियों ने इस निर्णय को स्वीकार कर बड़ा योगदान दिया।

# मुख्यमंत्री की मां को अपशब्द कहने वाले मौलाना को बहराइच पुलिस ने भेजा जेल

- बिहार निवासी मौलाना से कोतवाली नगर पुलिस ने की पूछताछ
- आठ मार्च को विश्व हिंदू परिषद के संयोजक ने दर्ज कराया था मुकदमा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को अप शब्द कहने वाले बिहार निवासी मौलाना को कोतवाली नगर पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट पथराबाड़ी निवासी मोहम्मद सलीम मौलाना है। उसने मार्च माह में एक सभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को अपशब्द कहे थे। इसको लेकर पूरे देश में बवाल हुआ था। विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। 2 दिन पूर्व यूपी एसटीएफ ने बिहार से मौलाना को गिरफ्तार कर लिया था। मौलाना को लेकर यूपी एसटीएफ गोरखपुर टीम के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह की अगुवाई में उसे बहराइच के कोतवाली नगर थाने लाया गया। यहां पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने मौलाना से पूछताछ की। इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज ले जाकर स्वास्थ्य जांच कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद मौलाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे टीम उसे लेकर आई। सारी कार्रवाई और पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है।

**मौलाना बोला-दोबारा गलती नहीं होगी**

मौलाना की गिरफ्तारी के बाद एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह हाथ जोड़कर माफी मांगता दिख रहा है। वह कह रहा है कि भाषण के दौरान मेरी जुबान से कुछ आपत्तिजनक बातें निकल गई, जो नहीं निकलनी चाहिए थीं। इसके लिए मैं सीएम और उनकी मां से दिल से माफी मांगता हूं। मौलाना ने बताया कि 5 मई 2024 को बिहार के भागलपुर के मीरान चक इलाके में एक तालीमी जागरूकता सम्मेलन हुआ था। इसमें भाषण के दौरान उसकी जुबान से आपत्तिजनक बातें निकल गई थीं। उसने कहा कि उससे गलती हो गई है और वह भरोसा दिलाता है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। उसने लोगों से अपील की कि भाषण में ऐसी कोई बात न कहें, जिससे किसी व्यक्ति या धर्म की भावनाएं आहत हों और समाज का माहौल खराब हो।

# एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने संभाला कार्यभार



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने देर रात जिला मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। मंगलवार को उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बात करते हुए अपनी प्राथमिकताएं बताई। उन्होंने कहा कि चोरी और नकबजनी सहित सभी प्रकार के अपराधों की रोकथाम उनकी प्राथमिकता होगी। महिला संबंधी अपराधों पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पहले वे लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थे। बिजनौर और रायबरेली सहित अन्य जिलों में उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य किया है। बतौर पुलिस अधीक्षक यह उनकी पहली तैनाती है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी भी मौजूद रहे।

# साइबर पुलिस ने 6 ठगों को किया गिरफ्तार

- बैंक खाते खुलवाकर करते थे पैसों का लेनदेन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उनमें अन्य जिलों और प्रदेशों से बड़ी मात्रा में रुपयों का लेनदेन करता था। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। साइबर पुलिस को सूचना मिली थी कि यह गिरोह बड़े पैमाने पर लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उनमें साइबर ठगी के पैसे मंगवाता था। इसके बदले में खाताधारकों को कमीशन दिया जाता था। इस जानकारी के आधार पर साइबर और सर्विलांस टीम ने जाल बिछाकर गिरोह के सरगना सहित 6 सदस्यों को धर दबोचा। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मो कैफ, नूर अहमद, सुहेल, आमिर, रामजी यादव और सत्येंद्र चौहान के रूप में हुई है। मो कैफ इस गिरोह का सरगना है, जबकि रामजी यादव और सत्येंद्र चौहान वे खाताधारक हैं, जिनके खातों का उपयोग साइबर ठगी के पैसों के लेनदेन के लिए किया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 लाख 40 हजार रुपये नकद, एक महिंद्रा एसयूवी गाड़ी, एक नोट गिनने की मशीन, कई चेकबुक और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## बस ने कार को मारी टक्कर बैंक कर्मी घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र में कुर्मीन पुरवा मोड़ के पास एक निजी यात्री बस ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार एक महिला बैंक कर्मी घायल हो गई। घटना का सीसीटीवी वीडियो मंगलवार को सामने आया है, जिसमें बस कार को टक्कर मारते हुए दिख रही है। घायल महिला की पहचान प्रीति के रूप में हुई है, जो नानपारा कोतवाली क्षेत्र की निवासी हैं। वह मिहिपुरवा स्थित स्टेट बैंक में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार को प्रीति बैंक का काम खत्म कर अपनी कार से घर लौट रही थीं। कुर्मीन पुरवा के पास पहुंचने पर एक निजी यात्री बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस टक्कर में प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



सुपोषित उत्तर प्रदेश सशक्त भारत के उद्देश्य से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नवचयनित 18,440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 02 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण तथा रू. 450 करोड़ की लागत से निर्मित 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों के लोकार्पण/शिलान्यास के उद्देश्य से लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में सजीव प्रसारण किया गया। आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व अन्य अतिथियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना हुजूरपुर, चित्तौरा व रिसिया हेतु नवनियुक्त 230 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा परियोजना क्षेत्र नगर की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतिकात्मक रूप से मोबाइल का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद बहराइच में 1376 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। पयागपुर व विशेश्वरगंज को छोड़कर शेष समस्त बाल विकास परियोजनाओं अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। समारोह को सम्बोधित करते पूर्व सांसद श्री गोंड ने सभी नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सीख दी। श्री गोंड ने कहा कि आप लोगों पर बच्चों एवं महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार द्वारा माह अप्रैल से वेतन वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। शीघ्र ही सहायिकाओं एवं मुख्य सेविकाओं को मोबाइल फोन का वितरण भी किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों में संस्कार का होना जरूरी, जिससे बड़े होकर देश समाज व परिवार की करें सेवा : आर.के. नारद

**मनकापुर /गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** बच्चों में संस्कार सदाचार नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा कुटुंब प्रबोधन का होना बहुत जरूरी है जिससे बच्चे बड़े होकर देश समाज एवं परिवार की सेवा कर सकें उक्त बातें विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीपुरम भरहूं में मुख्य अतिथि आर के नारद ने परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण के दौरान कहीं विद्यालय में पढ़ने वाले सभी कक्षाओं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय में सबसे अधिक दिन आने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम तिवारी कोषाध्यक्ष भरत लाल अध्यक्ष जवाहरलाल अनुपम उपाध्याय प्रधानाचार्य विनीत कुमार मिश्रा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रह कार्यक्रम का समापन बंदे मातरम् के साथ हुआ।



### किसान के बेटे ने बदली तकदीर, तराई क्षेत्र के अंकुर सिद्धार्थ बने नायब तहसीलदार

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के तराई और ग्रामीण अंचल से एक प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा दिया है। विकास खण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत बलुई निवासी किसान परिवार के होनहार पुत्र अंकुर सिद्धार्थ, पिता अरविन्द कुमार, का चयन नायब तहसीलदार के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। अंकुर की इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। अंकुर सिद्धार्थ एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं, जहां संसाधनों की कमी हमेशा एक चुनौती रही। इसके बावजूद उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। सीमित संसाधनों के बीच रहकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। अंकुर की प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 5 तक किसान आदर्श बाल विद्या मंदिर, रमईडीह से हुई। इसके बाद उन्होंने कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा नवोदय विद्यालय, बलरामपुर से प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से आईआईटी (बीटेक) की डिग्री हासिल की। शिक्षा के प्रत्येक चरण में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और वे लगातार अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहे। ग्रामीण परिवेश में पढ़ाई करते हुए अंकुर को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हर कठिनाई को अवसर में बदलते हुए अपने सपनों को साकार किया। उनकी सफलता वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट संकल्प का परिणाम है। अंकुर सिद्धार्थ की उपलब्धि आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। विशेषकर ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के लिए यह संदेश है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। अंकुर के चयन की खबर मिलते ही ग्राम बलुई सहित पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि अंकुर ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही दिशा, लगन और परिश्रम से हर सपना साकार किया जा सकता है।



### साड़ से टकरा कर बाइक सवार मिस्त्री की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेलसर मार्ग स्थित पहाड़वा चौराहा लैवा टेपरा के पास सोमवार की सुबह बेलसर की तरफ जा रहे तिलक राम पुत्र नंद राम की बाइक के सामने अचानक साड़ के आ जाने से टकरा गई। बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गई। इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए । चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक तिलक राम टाइल्स लगाने का मिस्त्री था। टाइल्स लगाने के लिए ही बेलसर की तरफ जा रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षाफल वितरण समारोह

- मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, रामकृष्ण नगर, नानपारा में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम शंकर मिश्र, कोषाध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ला और डॉ. असीम शुक्ला ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कन्या भारती की बहनों ने मंचस्थ अतिथियों का तिलक और बैच लगाकर स्वागत किया, जिसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ला ने वार्षिक परीक्षाफल वितरण की विधिवत घोषणा की। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख अवधेश मिश्रा ने वार्षिक परीक्षाफल का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कक्षा अरुण से एकादश तक की कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना (चतुर्थ) स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कोषाध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ला ने छात्रों को संबोधित किया, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. असीम शुक्ला ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यालय के नवीन प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ।

इस अवसर पर अभिभाविका मीना गुप्ता, अभिभावक रमेश, दीपक श्रीवास्तव, अभिषेक सहित विद्यालय परिवार के आचार्य चंद्रशेखर, अरविंद, अक्षय लाल, अजय, अशोक और आचार्या बहनें कल्पना, नैन्सी, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

## पति से विवाद के बाद नवविवाहिता ने खाया जहर

### इलाज के दौरान मौत, एक माह पहले हुई थी शादी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पति से कहासुनी के बाद एक नवविवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र निवासी जगदीश ने अपनी बेटी श्रीलेखा का विवाह करीब एक माह पूर्व जानकी ग्राम निवासी रितेश के साथ धूमधाम से किया था। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद से आहत होकर श्रीलेखा ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता के अनुसार, पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से लगातार विवाद हो रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## रोजवुड इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा फल वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** रोजयुड इण्टर कालेज गोण्डा का वार्षिक परीक्षाफल वितरण हमारे विद्यालय की नई शाखा रोजयुड इंटरनेशनल स्कूल बालपुर जाट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथां पी0 जी0 से लेकर तसा अप्ठ तक तथा कक्षा नी व ग्यारह के प्रथन, द्वितीय सथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले और पक्षा में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं की पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्राम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मंच का संचालन यथार्थ मोहन तिवारी राचा सुप्रिया ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि श्री शशि भूषण लाल सुशील कमिश्नर देवीपाटन मंडल तथा श्रीमती गरिमा भूषण तथा श्री रामचन्द्र जी जिला विद्यालय निरीक्षक गोण्डा ने सरस्वती वन्दना व दीप प्रज्वालित करके किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हंगर डांस, इण्डियन फेस्टिवल आपरेशन सिंदूर तथा सितारे जमी पर आदि कार्यक्रमों की बच्चों ने बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अविका पाण्डेय, एकाश, आसी श्रेया, आराध्या, अंशिका, लक्ष्य, रुसवा, अनिवार, अर्वतिनीलम, रिमझिम, ऐश, आस्था, सुनी, सिद्धी, रेयॉस, रिया, पावनी, संजना, श्रेयांश, चैतना, सूर्यो, प्रशंसा, आदि बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबन्धक अमित कुमार पाण्डेय व अध्यक्षा जया पाण्डेय तथा रोजवुड इंटर कालेज की प्रधानाधायों सरिता पाण्डेय, एवं रोजपुड इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचायो श्वेता त्रिपाठी ने सभी अभिभावकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों में विद्यालय संस्थापक राकेश पाण्डेय, प्रेमसागर पाण्डेय तथा अवधेश शुक्ला प्रधानः चन्दयतपुर एवं दुर्वेश सोनी चेयरमैन मनकापुर तथा रज्जू यादव प्रधान बालपुर जाट, मनीष द्विवेदी, श्रवण शुक्ला आदि मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने उच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चों का सर्वागीण विकास होता है।

# संस्कृति, संस्कार की कार्यशाला है विद्या भारती : डॉ. रामचन्द्र

- वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** शहर के मध्य स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मालवीय नगर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 रामचन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने अतिथियों का परिचय स्वागत कराते हुए वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की। मुख्य अतिथि डीआईओएस डॉ0 रामचन्द्र ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालय भारतीय संस्कृति ज्ञान परम्परा एवं श्रेष्ठ संस्कारयुक्त शिक्षा देने के लिये समाजहित में कार्य करने के संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परम्परा की संरक्षक है। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह खुराना ने छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा विद्यालय युगानुकूल परिवर्तन के लिए क्रियाशील है। जिला प्रचारक सतीश ने कहा कि हम ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करने के संकल्पित हैं जो राष्ट्रभक्ति एवं समाज उपयोगी हो। कार्यक्रम में अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्त ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। अतिथि के रूप में उपस्थित वाणिज्य कर अधिकारी कुमार रितेश, कोषाध्यक्ष पंकज सोनी सहित अन्य गणमान्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र पाण्डेय हलचल ने किया। उपर्युक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार संयोजक शशांक गौरव त्रिपाठी ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# 25 हजार का छिनौती बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले और आसपास के जिलों में छिनौती की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश अमित तिवारी उर्फ घुरले पुत्र राजित राम निवासी करनी पुर थाना तरब गंज को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया है। उस के पास से 22 हजार नगद रुपया ओर एक बाइक भी बरामद किया है।बीते 19. फरवरी को अंकुश तिवारी पुत्र सुशील तिवारी निवासी ग्राम सोनहरा जियापुरवा थाना कर्नलगंज ने सूचना दी गयी कि वह अपनी माता के साथ बाइक से विवाह कार्यक्रम में जा रहे थे। समय करीब 01:35 बजे दिन चकरीत बाजार से लगभग 1 किमी पहले दो अज्ञात पल्सर बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा उनकी माता के कान की झुमकी झपट्टा मारकर लूट ली गई, जिससे उनकी माता का कान फट गया एवं चोट आई । छिनैती की घटना को संज्ञान में लेते पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पर्यवेक्षण में चार पुलिस टीम का गठन किया गया तथा प्रभारी एसओजी सर्विलांस को भी घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था। पुलिस टीम द्वारा सक्रियता दिखाते हुए घटनास्थल के आसपास तथा संभावित स्थानों पर सीसी टीवी कैमरों का अवलोकन कर संदिग्धों को चिन्हित किया गया तथा सघन चेकिंग की कार्यवाही की गई । कर्नलगंज पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए बीते 27. मार्च . को प्रकाश में आये शातिर बदमाश विवेक पाण्डेय उर्फ विक्कू पुत्र सुशील कुमार पाण्डेय निवासी शिवबक्स पुरवा, थाना तरबगंज, को कुतुबपुर बंधा मोड़ से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न छिनैती के 11,900 रुपया नकद व घटना में एक चोरी की मोटरसाईकिल बरामद किया गया था । जिसमें फरार चल रहे अमित तिवारी उर्फ घुरले की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने 25,000 रुपया का इनाम घोषित किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु सोमवार के दिन थाना कर्नलगंज की पुलिस एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी कि सूचना प्राप्त हुई कि शातिर बदमाश नारायणपुर मांझा की तरफ सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल से आ रहे है। पुलिस टीम द्वारा नारायणपुर मांझा के पास शातिर बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें बदमाश द्वारा स्वयं को घिरता हुआ पाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी।

# विश्व युद्ध और बुद्ध की प्रासंगिकता पर सेमिनार

## कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



राजधानी लखनऊ के उद्यान भवन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से युद्ध विराम पर सेमिनार का आयोजन। विश्व में चल रहे युद्ध पर मायूसी जताई गई। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विश्व युद्ध और बुद्ध की प्रासंगिकता विषय पर चर्चा हुई, जिसमें बौद्ध धर्म से जुड़े लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा- भारत एक शांतिप्रिय देश है। बौद्ध का नाम आते ही शांति का संदेश समाज में जाता है। बुद्ध की धरती भारत है और भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय लीडर है। दुनिया में कहीं भी युद्ध हो सभी देश के लोग पीएम मोदी की तरफ निगाहें गड़ा कर देखते हैं। पीएम मोदी भारत की कूटनीति अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सबसे ज्यादा चर्चा में रहती है। भारत की भूमिका सबसे अहम होती है हम एक शक्तिशाली देश होने के नाते हमेशा चाहते हैं कि कहीं भी युद्ध ना हो। लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य की लोगों को युद्ध से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी जाए। युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान नेचर का होता है कुदरत ने हमें सुन्दर वातावरण दिया है। पेड़, पौधे और पहाड़ अद्भुत दृश्य और जानवर यह सब अनावश्यक बर्बाद होते हैं। युद्ध में हजारों लाखों की तादाद में बेगुनाहों की मौत होती है। बड़ी संख्या में ऐसे बच्चों की मौत होती है, जिन्होंने अभी तक ठीक से दुनिया न देखी हो और अपना जीवन न जी सकें हों।

### युद्ध से कभी भी समस्या का हल नहीं निकलता

निर्मल ने कहा कि गौतम बुद्ध का युद्ध के विरुद्ध संदेश स्पष्ट रहा है। उनके अनुसार युद्ध से कभी भी समस्या का हल नहीं निकलता, बल्कि बर्बादी लाता है। उनका मानना था कि नफरत को नफरत से नहीं, बल्कि प्रेम और शांति से ही जीता जा सकता है। युद्ध में जन-धन का भारी नुकसान होता है। बुद्ध का मानना था कि किसी भी जीवित प्राणी को मारना सबसे बड़ा पाप है। हर कोई अपने जीवन से प्रेम करता है । पूरे विश्व के लोगों को एक दूसरे के प्रति मानवता का भाव रखना चाहिए और प्रेम से जीना चाहिए।

# गिरने के मामले में रुपये और भाजपा की छवि के बीच जबरदस्त मुकाबला हो रहा है : अखिलेश यादव

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि गिरने के मामले में रुपये और भाजपा की छवि के बीच जबरदस्त मुकाबला हो रहा है। लोकसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आ रहे हैं, पार्टी की छवि और खराब होती जा रही है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, गिरने के मामले में रुपये और भाजपा की छवि के बीच जबरदस्त मुकाबला चल रहा है। उन्होंने दावा किया, जैसे-जैसे भाजपाई लोगों के कांड-कुकर्मों और भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो रहा है, वैसे-वैसे भाजपा की छवि और नीचे गिरती जा रही है। यादव ने कहा, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के खुलासे तो हो रहे हैं, लेकिन इस्तीफे नहीं। भाजपा में हमेशा नैतिक दिवालियापन रहा है, अब तो वह पराकाष्ठा पर है। यह तंज ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले कारोबार के दौरान एक दिन में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर गया और बाद में कुछ सुधार के साथ 15 पैसे की बढ़त लेकर 94.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यादव ने 29 मार्च को गौतमबुद्ध नगर के दादरी में एक बड़ी रैली के साथ अपनी पार्टी के 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर भाजपा की आलोचना की।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में 2 क्विंटल गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एसटीएफ ने ट्रक से 2 क्विंटल गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत करीब 52 लाख बताई जा रही है। टीम ने तस्कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ को पिछले कुछ दिनों से कई राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। टीम तस्करों की तलाश में लगी थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि ओडिशा से गांजा लदा ट्रक (नंबर जेएच-05 सीएक्स-4295) सुलतानपुर रोड के रास्ते लखनऊ आएगा और एचसीएल के पास सर्विस लेन में सुनसान जगह पर माल उतारा जाएगा। इस पर एसटीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और ट्रेलर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में बनी गुप्त कैविटी से 200 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 52 लाख रुपए है। इसके बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। चालक की पहचान नालंदा बिहार निवासी अजीत कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में चालक ने बताया कि झारखंड निवासी टीपू और तपन उसके गाड़ी मालिक हैं। उनके कहने पर ओडिशा से गांजा लोड कर अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई की जाती थी। ट्रेलर में खास तौर पर गुप्त कैविटी बनाई गई थी। जिसमें करीब 5 कुंतल तक गांजा छिपाया जा सकता है। आरोपी ने बताया कि वह 3-4 बार पहले भी इस तरह की खेप ला चुका है और हर चक्कर के लिए उसे 40 से 50 हजार रुपए मिलते थे। एसटीएफ के मुताबिक वाहन मालिक टीपू और तपन फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में थाना सुशांत गोल्फसिटी में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सभी विकास खण्डों, तहसील व जनपद मुख्यालय से मिलेगी परिवहन सेवा: दयाशंकर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** प्रदेश के हजारों गांवों को सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए परिवहन निगम द्वारा संचालित सभी 20 क्षेत्रों से आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक 1010 आवेदन प्राप्त हुए है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रियां पूरी कर ली जाएगी। लखनऊ क्षेत्र से 42, अयोध्या से 20, अलीगढ़ से 87, आगरा से 38, आजमगढ़ से 43, इटावा से 27, कानपुर से 24, गाजियाबाद से 37, गोरखपुर से 40, चित्रकूट बांदा से 39, झांसी से 59 देवीपाटन से 25, नोएडा से 12, प्रयागराज से 118, बरेली से 41, मुरादाबाद से 78, मेरठ से 36, वाराणसी से 90, सहारनपुर से 144 एवं हरदोई क्षेत्र से 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस योजना से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। योजना के माध्यम से प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।12,200 गांवों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निजी मिनी बसों के संचालन की व्यवस्था की जा रही है।प्रदेश सरकार की मंशा ग्रामीण मार्गों पर 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसों के संचालन की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को सुगम एवं सस्ती परिवहन सेवा से जुड़े हेतु प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खण्डों, तहसील एवं जनपद मुख्यालय से सीधे परिवहन सुविधा से शत-प्रतिशत जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के दूरस्थ एवं असंबद्ध ग्राम पंचायत को मुख्य धारा से जोड़ने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाना इस योजना का मुख्य आधार है। ग्रामीण जनता को ब्लॉक तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच प्रदान करना है।

### निधन पर शोक

**एजेंसी, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता आदित्य विक्रम सिंह की पत्नी कुमुद सिंह का आज हृदयाघात के कारण दुखद निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है। श्रीमती कुमुद सिंह एक सौम्य, सरल एवं सामाजिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उनका जीवन परिवार एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा। राष्ट्रीय लोकदल परिवार ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है तथा ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की है।

# पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन समन्वयक समिति के अध्यक्ष चुने गये

- राजनीतिक पार्टी से संबंध विभिन्न पार्टियों के कायस्थ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव एवं समाजसेवी शेखर श्रीवास्तव ने संयुक्त बयान में बताया कि आज लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों के कायस्थ चित्रांश संगठन के पदाधिकारी एवं प्रांतीय संगठन के पदाधिकारी व गणमान्य बिरादरी के लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को समन्वयक समिति का अध्यक्ष चुना गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष इंद्रसेन श्रीवास्तव एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के अध्यक्ष संजीव वर्मा ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी डी एन लाल ने इस प्रयास की सराहना की। मुख्य अतिथि आलोक रंजन ने विनम्रता से पद को स्वीकार किया एवं बिरादरी के नौजवानों से अपील किया की प्रशासनिक सेवा में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी बढ़ाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमल वर्मा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए बिरादरी के ज्यादातर लोगों की मदद करें। उक्त अवसर पर उपस्थित फाउंडर अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त वीरेंद्र सक्सेना ने कहा की सही व्यक्ति और सही दिशा में यह प्रयास है और उन्होंने बधाई दिया। इस अवसर पर स्वर्गीय विनोद बिहारी वर्मा के द्वारा चित्रांश की सेवा को भी याद किया गया उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, संतोष निगम, दीपक रंजन, अमित श्रीवास्तव त्यागी, अंशु, पुष्पेंद्र , देवेश, अरुण निगम, बालकेश्वर, विकास, रितु खरे, मिथिलेश, ममता , नकुल सक्सेना, इंदिरा नगर के राजेंद्र श्रीवास्तव, गोमती नगर के राजेश श्रीवास्तव, आवास विकास नगर केअतुल श्रीवास्तव , विक्रम नगर के मुनेंद्र श्रीवास्तव , संगत, पंकज, मनोज लाल, आरके श्रीवास्तव,मोहित श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, दिनेश खरे इत्यादि। विभिन्न संगठनों के भारी संख्या में पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। राजनीतिक पार्टी से संबंध विभिन्न पार्टियों के कायस्थ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का हमेशा विध्वंसक तत्वों के प्रति नरम रुख रहा: केशव

- भय से भरोसे तक: मोदी सरकार के कारण लाल गलियारे में वंदे मातरम की गूंज



**समृद्धि न्यूज़ लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के लौह संकल्प ने देश को दशकों तक जकड़े रखने वाले लाल आतंक की कमर तोड़ दी है। जो क्षेत्र कभी नक्सलियों के कब्जे में थे, वहां आज विकास, विश्वास और राष्ट्रभक्ति की नई धारा प्रवाहित हो रही है।श्री मौर्य ने कहा कि एक समय था जब वामपंथी विचारधारा से पोषित नक्सलियों-माओवादियों ने पशुपति से तिरूपति तक लाल गलियारा बनाने का ऐलान करने का दुस्साहस किया था और देश के एक बड़े हिस्से को अपने शिकंजे में जकड़ लिया था। लेकिन मोदी सरकार की निर्णायक नीति और सखप्त कार्रवाई ने उस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। आज उसी कथित लाल गलियारे में 'वंदे मातरम' की गूंज सुनाई दे रही है । यह नए भारत की सबसे बड़ी विजय है। एक कड़वी सच्चाई है कि कांग्रेस और उसका नेतृत्व हमेशा इन विध्वंसक तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाता रहा।

# चीता-तेंदुआ के अंगों की तस्करी में 6 दोषी

## सीबीआई कोर्ट ने सुनाई 2 साल की सजा




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** सीबीआई की जांच में सामने आए एक बड़े वन्यजीव तस्करी मामले में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने छह आरोपियों को दोषी करार दिया है। चीता और तेंदुए के अंगों की अवैध तस्करी से जुड़े इस मामले में अदालत ने सभी दोषियों को दो-दो साल की सजा और जुर्माने से दंडित किया है, जिससे वन्यजीव अपराध के खिलाफ सख्त संदेश गया है। लखनऊ सीबीआई कोर्ट ने मुमताज अहमद, जैबुन निशा, अजीज उल्लाह, वहीद, सरताज और मजीद को दोषी करार दिया। अदालत ने सभी छह आरोपियों को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने माना कि आरोपी संगठित तरीके से वन्यजीव तस्करी के अवैध नेटवर्क का हिस्सा थे। मामले की जांच के दौरान सीबीआई ने आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित वन्यजीव के अंग बरामद किए थे। बरामद सामग्री में 18,000 तेंदुए के नाखून, 74 तेंदुए की खाल, 4 बाघ की खाल और बाघ-तेंदुए की हड्डियां शामिल थीं। ये सभी वस्तुएं अत्यंत संवेदनशील श्रेणी में आती हैं और इनका व्यापार पूरी तरह प्रतिबंधित है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के वन्यजीव अंगों की तस्करी अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के जरिए की जाती है, जो एक संगठित अपराध का रूप ले चुकी है। बरामद सभी वन्यजीव सामग्री वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट-1972 की अनुसूची-1 के अंतर्गत आती है। इस श्रेणी में आने वाले वन्यजीवों को देश में सर्वोच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त है। इनके शिकार, संग्रह, व्यापार या परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध है। सीबीआई ने इस मामले को 23 मार्च 2000 को दर्ज किया था। शुरुआती जांच में ही वन्यजीव तस्करी के संगठित गिरोह के सक्रिय होने के संकेत मिले थे। इसके बाद विस्तृत जांच करते हुए 15 जुलाई 2000 को लखनऊ की अदालत में शिकायत दाखिल की गई। करीब दो दशक लंबे ट्रायल और साक्ष्यों के परीक्षण के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर यह माना कि आरोपी न केवल प्रतिबंधित वन्यजीव सामग्री के कब्जे में थे, बल्कि उसके अवैध व्यापार में भी सक्रिय रूप से शामिल थे। अदालत ने उन्हें वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट-1972 की धारा 49बी और 51 के साथ-साथ सीबीआई की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया।

# बसपा आपराधिक छवि वाले को नहीं देगी टिकट : मायावती

- राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि चुनाव में किसी भी आपराधिक छवि वाले को पार्टी टिकट नही देगी। साथ ही उम्मीदवारों के चयन में सर्वसमाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की अहम बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में मायावती ने पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त है और अब वह उम्मीद भरी नजरों से बसपा की ओर देख रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ काम करना होगा, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खासकर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है। मायावती ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता के मुद्दे पर कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए, जिसमें सभी दलों को शामिल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में मिशनरी भावना से मनाने का आह्वान किया और लखनऊ स्थित अम्बेडकर स्मारक पर बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि देने की अपील की।

# 'स्कूल से स्किल' को बढ़ावा

- अटल आवासीय विद्यालयों में लागू होगा 'प्रोजेक्ट प्रवीण'
- 18 विद्यालयों के 3447 विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' लागू किया जाएगा, जिसके तहत 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में प्रोजेक्ट प्रवीण अंतर्गत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर कराए गए सर्वे के आधार पर विद्यालयों को चयनित किया गया है। आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद स्थित 18 अटल आवासीय विद्यालयों के 3447 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए पात्र पाया गया है। विद्यार्थियों की रुचि आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एपरेल सेक्टर में देखी गई है।

### रबी सीजन में एमएसपी पर होगी दलहन-तिलहन की भी खरीद

**एजेंसी, लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में रबी सीजन 2026-27 के लिए दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को लेकर विस्तृत रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रभावी व्यवस्था की गई है।कृषि मंत्री ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त अनुमति के अनुसार की खरीद 2 अप्रैल से 30 जून तक की अवधि में की जाएगी।

**राहत** — ऐप के माध्यम से सारी जानकारी मिलेगी

# स्मार्ट मीटर से कटा बिजली कनेक्शन 2 घंटे में जुड़ेगा: रिया केजरीवाल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**




राजधानी लखनऊ में अगर आप स्मार्ट मीटर का यूज करते हैं तो आपके लिए राहत भरी खबर है। अब अगर आपके स्मार्ट मीटर पर बिजली कनेक्शन कट जाता है, तो उपभोक्ता द्वारा बिजली बिल जमा करने के दो घंटे के अंदर कनेक्शन दोबारा जोड़ दिया जाएगा। वहीं, बिजली बिल नेगेटिव में चला जाता है, तो उपभोक्ताओं को केवल 3 दिन का ही ग्रेस पीरियड दिया जाएगा। इसके लिए यूपीपीसीएल का स्मार्ट ऐप डाउनलोड करना होगा। इस ऐप के माध्यम से सारी जानकारी मिलेगी। ये बातें मगंलवार को लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) की एमडी रिया केजरीवाल ने कहीं। इसके अलावा उन्होंने स्मार्ट मीटर और वर्टिकल व्यवस्था में हो रहे कामों के बारे में बताया। स्मार्ट मीटर पर रीडिंग को लेकर आ रही समस्याओं पर उन्होंने कहा कि मध्यांचल की तरफ से 69 हजार चेक मीटर विभाग की तरफ से लगाया गया है,लेकिन एक भी मीटर में कोई डिफ्रेंस नहीं आया है। एमडी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लोग तेजी से लगवा रहे हैं। इसमें कंज्यूमर की सुविधा के लिए कई फीचर्स हैं। समय के साथ में सभी चीजें बेहतर करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसमें ह्यूमन इंटरफेस कम हुआ है। इससे प्रभावी काम बढ़ा है। किसी भी कंज्यूमर को अब लाइन मैन नहीं खोजना है। यूपी पीसीएल का स्मार्ट ऐप डाउनलोड करना होगा। यहीं पर पूरी जानकारी मिलेगी। लोगों को नए नियम के बारे में जागरूक करने के लिए हम लोगों ने लाखों मैसेज करवाए हैं। हर दिन 100 लोगों की टीम फोन कर रही है। इसके साथ ही 1912 और बिजली विभाग के व्हाट्सअप चौट बोट से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इससे समस्या का निस्तारण होगा। ईएसएल के स्मार्ट मीटर में बिजली कनेक्शन कटने के बाद आ रही समस्या पर बात करते हुए एमडी ने माना कि बिजली कनेक्शन कटने के बाद में इसे जोड़ने में समस्या आती है। उन्होंने कहा कि मध्यांचल की तरफसे अभी तक 3,46,000 हैं। इसमें से 52 हजार शिकायत आने के बाद में चेंज कर दिया गया है। इसके साथ ही एमडी ने बताया कि इस बार ट्रिपिंग की तुलना में भी गिरावट है। इसमें पिछले सालों की तुलना है। ट्रिपिंग को जिस तरह से डील किया जाता है। उसमें बेहतर स्थिति है। मेंटेनेंस में लाइन और ट्रांसफार्मर पर फोकस किया है। पिछले तीन चार साल में हमने इसमें काम किया है। लखनऊ में प्रायोरिटी पर काम किया गया है।

# काशी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन से व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई दिशा

- काशी विश्वनाथ धाम महाकाल कॉरिडोर सहयोग से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा
- एमएसएमई और ओडीओपी से रोजगार सृजन में नया आयाम: सचान

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंगलवार को वाराणसी स्थित रामाडा होटल में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, स्टाम्प एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल सम्मेलन में उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच 2026 में हुए सहयोग सम्मेलन में श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण, वाराणसी और श्री महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति उज्जैन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत, काशी विश्वनाथ धाम में सफल मानक संचालन प्रक्रियाओं को उज्जैन स्थित श्री महाकाल मंदिर कॉरिडोर की आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में यह एमओयू आदान-प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश की ओर से आशीष सिंह आयुक्त उज्जैन संभाग और उत्तर प्रदेश की ओर से विश्व भूषण मिश्रा मुख्य कार्यपालक अधिकारीश्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। एमओयू श्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टश् पहल को मजबूत करेगा, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा और अंतर्राज्यीय सहयोग से आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगा। मध्य प्रदेश की ओर से चंद्रमौली शुक्ला प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी और उत्तर प्रदेश की ओर से रोहित आनंद अपर आयुक्त उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस एमओयू का आदान-प्रदान किया। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश ने ओडीओपी और जीआई टैग कारीगर सहयोग के लिए एक औपचारिक ढांचा तैयार किया है। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच सहयोग का एक ढांचा स्थापित करना और संयुक्त ज्ञान का आदान-प्रदान करना है। ओडीओपी उत्पाद का हस्तांतरण भी दोनों राज्यों के बीच किया गया, जो श्एक जिला एक उत्पादश् की अवधारणा को साकार करता है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से जन्म मिला है।एमपी के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारत की विरासत को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को राज्य की प्रगति में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

## खबरें एक नजर में

### शादी समारोह में गई युवती का अपहरण, सात लोगों पर एफआईआर

**कांट,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी पूर्वी सुनील ने पुलिस को तहरीर देकर उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया अपनी रिश्तेदारी में युवती मोहम्मदपुर थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी में बबलू के यहां शादी समारोह में गई थी। वहीं पर उसकी मुलाकात दीपक निवासी ग्राम जांघासी रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड से हुई। इसके बाद दोनों आपस में मोबाइल फोन से बात किया करते थे जिसकी जानकारी कुछ समय पहले मुझे हुई थी मैने युवती को रोक दिया तथा दीपक को भी समझाया कि वह युवती से दूर रहे और बात न करे। लेकिन दीपक ने बात नहीं मानी। 10 मार्च को सुबह लगभग 08:30 बजे दीपक मेरे घर से बाहर युवती का अपहरण कर ले गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्या ने बताया तहरीर के आधार पर दीपक, सावित्री, ललिता, गुंजन, सूरज पाल, दीपू सिंह, लल्ला, के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

### ईद मिलन समारोह आज

**शाहजहांपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से आज बुधवार को समय 3:30 बजे राजीव सभागार में ईद मिलन समारोह मनाया जाएगा। जिसमें सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जानकारी सीबीए महासचिव नंदकिशोर राजेश अवस्थी ने दी।

### इश्क़ में पागल हुए युवक का पुलिस ने किया चालान



**तिलहर-शाहजहांपुर।** इश्क का इजहार करने टावर पर चढ़े युवक के इलाज के बाद पुलिस ने शांति भंग में उसका चालान कर दिया है। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेड़ा निवासी रामू कश्यप गांव बिलहरा मोड़ स्थित करीब तीन सौ फिट ऊंचे बीएसएनएल टावर पर चढ़ गया था । इश्क का इजहार करते हुए एक लड़की जो उसकी रिश्ते में मौसेरी बहन बताई गई उससे शादी कराए जाने की जिद पर छह से सात घंटे तक अडा रहा। हाई वोल्टेज ड्रामा के चलते लड़की से नाटकीय ढंग से इकरार करवा कार्युवक को बमुश्किल उतरवाया जा सका ।टावर से उतरते ही उसकी हालत नाजुक होने पर उसे पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। राहत मिलने पर उसे हिरासत में ले लिया गया । मंगलवार को उसका शांति भंग में चालान कर दिया गया।

### पुलिस की मददगार बनेंगी 10 दामिनी, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर लगेगा अंकुश



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में पुलिस ने एक और प्रभावी कदम बढ़ाया है। 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत कोतवाली जलालाबाद में मिशन दामिनी का आगाज किया गया। इसके अंतर्गत क्षेत्र की 10 सक्रिय और जागरूक महिलाओं को 'दामिनी' के रूप में चयनित कर उन्हें सम्मानित किया गया। ये महिलाएं अब समाज में होने वाले अन्याय और अपराधों के खिलाफ पुलिस की आंख और कान बनकर काम करेंगी।घ्कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी राजीव कुमार तोमर और महिला उप निरीक्षक काजल ने मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'मिशन दामिनी' का मुख्य लक्ष्य अपराध होने से पहले ही उसकी सूचना पुलिस तक पहुँचाना है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से चुनी गई ये महिलाएं अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, छेड़खानी या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की जानकारी तुरंत पुलिस को देंगी, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके। 'दामिनी' के चयन में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसमें ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता, सोशल मीडिया पर सक्रिय महिलाएं, भाजपा संगठन से जुड़ी सदस्य और शिक्षित गृहणियों को शामिल किया गया है। पुलिस का मानना है कि समाज के बीच रहने वाली ये महिलाएं जमीनी स्तर पर सूचनाएं एकत्र करने में अधिक सक्षम हैं। घ्कार्यक्रम के दौरान चयनित सभी 10 महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रियंका गुप्ता, शर्मिला कुशवाहा, मालती कश्यप, कुसुम देवी शर्मा, माधुरी गौतम, गिरिजा देवी, संतानों देवी, काव्य गुप्ता, गुलाबो देवी और ज्ञान देवी शुक्ला शामिल रहीं। घ्इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक सकतावत सिंह, महिला उप निरीक्षक काजल, महिला आरक्षी विनय सोलंकी, प्रियंका, पुष्प गौतम और रत्ना अनस्टॉप सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# आग का कहर: 65 बीघा से अधिक गेहूं की फसल राख

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बंडा ब्लॉक के ग्राम पड़रिया दलेलपुर में सोमवार शाम करीब चार बजे अज्ञात कारणों से लगी भयंकर आग ने करीब 65 बीघा से ज्यादा खड़ी गेहूं की फसल को चंद मिनटों में राख कर दिया। इस हादसे से दर्जनों किसान प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई ने ठेके की जमीन पर फसल उगाई थी। पीड़ितों ने दमकल विभाग से ब्लॉक में स्थायी फायर वाहन तैनात करने और फसल क्षति का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।



शाम करीब चार बजे गांव पड़रिया के खेतों में अचानक धुआं उठने लगा। आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते कई एकड़ क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया । स्थानीय किसानों ने हड़बड़ी में ट्रैक्टर, बैलगाड़ियां और अन्य साधनों से पानी डालकर बाकी फसलों को बचाने का प्रयास किया। उनकी तत्परता से कुछ खेतों की फसल बच गई, लेकिन कई किसानों का पूरा नुकसान हो चुका था। दमकल विभाग की गाड़ी घटनास्थल पर एक घंटे बाद पहुंच सकी, जिससे नुकसान और बढ़ गया। आग बुझाने के दौरान कई किसान अपने खेतों पर खड़े होकर आंसू बहाते नजर आए। एक किसान ने बताया, ÷हमारी साल भर की कमाई जल गई। ठेके पर ली जमीन पर फसल बोई थी, अब कर्ज चुकाने का क्या होगा। आग की चपेट में सबसे ज्यादा नुकसान वेदराम (18 बीघा), लज्जावती (8 बीघा), संतकुमार (9 बीघा) और सालिकराम (7 बीघा) को हुआ इसके साथ ही रामौतार चार बीघा, रामनरेश के चार बीघा, गुड्डू के पांच बीघा, रामचंद्र के तीन बीघा, शेर सिंह के दो बीघा, प्यारी देवी के तीन बीघा और शिशुपाल के चार बीघा गेहूं आग के हवाले हो गए। किसानों ने बताया कि कुल प्रभावित क्षेत्र 65 बीघा से अधिक बताया जा रहा है। कई छोटे किसानों के पास महज 1-2 बीघा फसल थी, जो पूरी तरह नष्ट हो गई। अब किसान अपना सिर पकड़कर रोने को मजबूर हैं।

## नगरायुक्त को सिटी बस प्रबंधन ने दी विदाई



**शाहजहांपुर।** नगर निगम शाहजहांपुर से राज्य सड़क परिवहन लखनऊ में अपर प्रबंध निदेशक पद पर स्थानांतरित हुए नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा को ककरा स्थित ई-बस चार्जिंग स्टेशन पर कर्मचारियों ने विदाई दी। इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ में मौजूद रही। इस अवसर पर नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि शाहजहांपुर वालों ने दो वर्षों में जो सहयोग, प्यार दिया है, उसको भुला नहीं पाएगें। इस धरा पर रहकर लोगों से अपनापन हो गया था। नौकरी में आना जाना लगा रहता है। इस दौरान संचालन परिवेक्षक सीपी पाण्डेय, सीनियर स्टेशन इंचार्ज सुशील त्रिवेदी, आपरेशन मैनेजर समर्थ अवस्थी, ड्यूटी आफिसर विनीत त्रिवेदी, हेड कैशियर हिमांशु श्रीवास्तव, सीनियर सुपरवाइजर जतिन, प्रिंस, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन में महिला यात्री की तबियत बिगड़ी

**रोजा, शाहजहांपुर।** दिल्ली जंक्शन से चलकर प्रतापगढ़ जाने वाली पद्मावती एक्सप्रेस का जनरल कोच में चांदनी 30 वर्ष यात्रा कर रही थी जो कि दिल्ली से प्रतापगढ़ जा रही थी मुरादाबाद से चलने के बाद चांदनी की तबीयत बिगड़ने लगे और उसका बीपी लो हो गया चांदनी ने ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश्ट्रेन को शाहजहांपुर में प्लेटफार्म नंबर 1 पर रोका गया जहां डॉक्टर राजेंद्र माथुर और दाधीच कुमार ने महिला यात्री का प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण 10 मिनट ट्रेन शाहजहांपुर प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी रही स्टेशन अधीक्षक ने बताया पद्मावती एक्सप्रेस में महिला यात्री के बीपी कम होने की सूचना मिली थी कंट्रोल के आदेश पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## सरिया चोर भेजा गया जेल



**पुवायां,शाहजहांपुर।** सरिया चोरी करने बाले चोर को मकान मालिक ने सरिया समेत पकड़ किया ओर पुलिस को सूचना देकर उसे पकड़वा दिया। जिसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। नगर के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी पुष्पेंद्र सिंह का मकान बन रहा था। निर्माणाधीन मकान के बाहर निर्माण सामग्री रखी हुई थी। मकान के बाहर पड़ी सरिया को एक युवक चोरी कर रहा था जिसको स्थानीय लोगों ने युवक को मकान के बाहर से लोहे का सरिया चोरी करते हुए देखा। उन्होंने

- निर्माणाधीन मकान से चोरी किया था सरिया

तुरंत मकान मालिक पुष्पेंद्र सिंह को इसकी सूचना दी और आरोपी को पकड़ लिया।इसके बाद पुष्पेंद्र ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चोरी का सरिया बरामद किया। जिसके बाद मकान मालिक की तहरीर पर पुलिस ने टकेली गांव निवासी आलोक वर्मा उर्फ अरविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे जेल भेज दिया है।

## प्रशिक्षण से नैतिकता, सहयोग, मदद, निस्वार्थ भाव से किए जाने वाला सेवाभाव को सीखते

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिवस का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रूपांशुमाला द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्रो. दुर्गावती सिंह, रेंजर्स प्रभारी अनुराधा, पारुल यादव, सीतू सक्सेना व प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव और रेंजर्स छात्राएं शामिल रहीं। प्राचार्या प्रो. रूपांशुमाला ने रेंजर्स का प्रशिक्षण ले रहीं छात्राओं की निष्ठा व कर्मठता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी महाविद्यालय की अन्य छात्राओं से विशेष हैं क्योंकि इस प्रशिक्षण से आप नैतिकता, सहयोग, मदद, तत्परता व निस्वार्थ भाव से



किए जाने वाला सेवा भाव को सीखते हैं। किसी आपातकालीन स्थिति व दुर्घटनाओं में सीमित व उपलब्ध साधनों से लोगों के जीवन की रक्षा करना और आवश्यक मदद पहुंचाना आदि का प्रशिक्षण आप इस शिविर के माध्यम से प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण के चौथे दिवस पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी जानकारियां जैसे चिन्हों का ज्ञान, सड़क पर चलते समय व वाहन चलाते समय सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग आदि। इसके साथ ही टेंट का निरीक्षण और मीनार बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया। शिविर में की गई सभी गतिविधियों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन समापन कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण में सीखी गई गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

## रेल कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पावर केबिन के पास रेल कर्मचारियों ने आज महा के अंतिम दिन एक धरना प्रदर्शन किया। रेल कर्मचारियों की कई मांगी थी। जिसमें रेल कर्मचारियों ने बताया रोजा जंक्शन से सीतापुर डबल लाइन होने के बाद इंजीनियरिंग विभाग के विभिन्न पदों को भर जाए गेट मीना की ड्यूटी 12 घंटे 12 घंटे से 8 घंटे की की जाए। सहायक लोको पायलट के पद भरे जाएं 50 प्रमोशन लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर को दिया जाए 122 का एलजी पैनल शीघ्र बंद किया जाए ट्रेन मैनेजर को न्याय दिया जाए और अन्य कई मांगों को लेकर पावर केबल के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें रामनरेश अमित कुमार अवधेश कुमार मोहम्मद सलीम जेसी शर्मा योगेश पाल राजकुमार देशराज पीके पंडित सोहन कुमार रंजीत कुमार राम नरेश मनीष सिंह मनीष कुशवाहा संदीप कुमार सहित कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

## सेवा-समर्पण और नेतृत्व को भावपूर्ण विदाई समारोह

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र एवं सहायक अभियंता विक्रमाजीत यादव के सम्मान में नगर निगम द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर नगर निगम परिवार के लिए गर्व, सम्मान एवं भावनाओं से परिपूर्ण रहा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल को याद करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों की सराहना की। उनके मार्गदर्शन में शहर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली को एक नई पहचान मिली।इस दौरान निगम परिवार द्वारा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित




किया गया तथा उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया गया। नगर निगम परिवार ने उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा ने नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा द्वारा निगम के लिए किए गए कार्यो को याद करते हुए, उनके सरल व्यवहार व ईमानदार छवि की सराहना भी की। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता, पार्षद आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल चोर पब्लिक ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा साप्ताहिक बाजार सोमवार बुधवार और शुक्रवार को लगती है। जिसमें आसपास के क्षेत्र के लोग जरूरतमंद सामान और हरी ताजी सब्जी खरीदने आते रहें। पिछली कई बाजारों में मोबाइल चोरी हुए थे। जिसकी शिकायत कई लोगों ने रोजा जंक्शन थाने पर की। कल सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगी हुई थी बाजार में काफी भीड़ थी। आदर्श नगर कॉलोनी निवासी मोहम्मद इम्तियाज खान सब्जी लेने गए थे। उसी समय उनकी पॉकेट से एक ने मोबाइल निकला। जिसे उन्होंने पकड़ लिया। पकड़ने के बाद पब्लिक ने उसको मारपीट की। उसके बाद रोजा कोतवाल प्रभारी को दे दिया। जहां पुलिस पूछताछ कर रही है। वही मोबाइल चोरी करने वाला व्यक्ति अपना सही नाम बता कर पुलिस को गुमराह कर रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह से पूछा तो उन्होंने बताया मोबाइल चोर पकड़ा गया है। उसे पूछताछ की जा रही है। उसके गिरोह में और कितने लोग हैं।

### पंखा ऊपर गिरने से युवक घायल

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन स्टेशन कॉलोनी निवासी रोहित कुमार शर्मा अपने घर पर आराम कर रहे थे। तभी रात में किसी समय छत का पंखा ऊपर से खुलकर रोहित कुमार शर्मा के सर के ऊपर गिरा जैसे हैं रोहित कुमार शर्मा घायल हो गए। रोहित कुमार शर्मा के घर वाले जाग गए और रोहित कुमार शर्मा को रेलवे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां रोहित कुमार शर्मा का प्रारंभिक उपचार हुआ उसके बाद उनको जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## स्वावलंबन से जुड़कर संवर रही ज़िंदगी



- 242 पुरुषों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोज़ा पावर के द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के विभिन्न प्रयासों में स्वावलंबन का महत्वपूर्ण स्थान है। विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम अगस्त 2022 में प्रारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत युवाओं को उनकी पसंद की विधा में प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंक एवं सरकारी योजनाओं से लाभ दिलाकर स्वरोज़गार से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम में अब महिलाओं को भी जोड़ा जाने लगा है। कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 242 पुरुषों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जो विभिन्न व्यवसाय से जुड़कर अपनी आजीविका बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम ने आज एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया। स्वावलंबन कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र' के सातवें बैच का प्रमाण पत्र वितरण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्क्रीन प्रिंटिंग, चुटीला, परांदा निर्माण, आटा चक्की, तेल कोल्हू और गैस चूल्हा मरम्मत का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 31 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रोजा पावर के स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर ने लाभार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि हाथों में हुनर होना अनिवार्य है। स्वावलंबन कार्यक्रम जिस प्रकार से ग्रामीण परिवेश के लोगों को तकनीकी और व्यावसायिक रूप से सक्षम बना रहा है, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हमारा लक्ष्य स्थानीय समुदायों का सतत विकास करना है। कार्यक्रम के दौरान स्वावलंबन प्रभारी अखलाक खान ने परियोजना की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार एक से सातवें बैच के दौरान लाभार्थियों को सिलाई, खिलौना निर्माण, ब्यूटीशियन, चोटीला निर्माण, इलेक्ट्रिशियन, एसी, मोबाइल, मोटरबाइक, गैस चूल्हा मरम्मत, माटीकला, तेल कोल्हू, जूट उत्पाद, स्क्रीन प्रिंटिंग, प्लम्बर, राजमिस्त्री, कारपेंटर, सी.एस.सी., सब्जी, दुग्ध व मछली पालन, शहद प्रसंस्करण, जैसे विविध ट्रेडों में 242 लाभार्थियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया है जिसके माध्यम से सैकड़ों युवा स्वरोजगार से जुड़े हैं। कार्यक्रम में रोजा पॉवर के सी एस आर प्रमुख कुमार अवनीश, विनोबा सेवा आश्रम के सचिव मोहित कुमार, राजीव कुमार सिंह, अंकित मिश्रा, अरुण सिंह, प्रियांशु और शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग देने वाले रेमेडियल अध्यापक किशन वर्मा, वरुण कुमार, राहुल वर्मा, किरण और नीलम, शबा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सड़क पर उतरने को मजबूर हैं शिक्षक

- महासंघ के नेतृत्व में 13 अप्रैल कों जिला मुख्यालय पर सांकेतिक सभा - मशाल जुलूस निकालेंगे शिक्षक
- लखनऊ ईको गॉर्डन में राज्य स्तरीय शिक्षक हुंकार महारैली 3 मई को

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की आज रोटी गोदाम में जिला बैठक आयोजित हुई। जिसमे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा




कि आरटीई एक्ट की धारा 23(2) में एनसीईटी द्वारा अगस्त 2017 में गोपनीय तरीके से किये गए अनुचित संशोधन कों निरस्त कराने के लिए देश भर के प्राथमिक शिक्षक सड़क पर उतरने कों मजबूर है। केंद्र की मोदी सरकार एनसीटीई के इस गोपनीय संशोधन कों निरस्त करें अन्यथा जुलाई में देश भर के 25 लाख शिक्षक दिल्ली पहुंच कर संसद तक मार्च करेंगे। 13 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों पर सांकेतिक धरना और मशाल जुलूस निकाला जायेगा उसके बाद 3 मई कों लखनऊ में विशाल रैली भी होंगी।उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य ने बताया कि 13 अप्रैल कों संयुक्त शिक्षक महासंघ के नेतृत्व मे सभी शिक्षक खिरनीबाग रामलीला मैदान पर शाम 4 बजे से सांकेतिक धरना देंगे और उसके बाद मशाल जुलूस निकालते हुए शहीद स्तम्भ टाउन हॉल तक जाएगे।जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनीस अहमद ने भी सभी शिक्षकों से अनैतिक ढंग से थोपी गयी टीईटी के खिलाफ संघर्ष करने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि हम शिक्षक किसी भी परीक्षा से भयभीत नहीं है हम तो अनैतिकता और अन्याय के खिलाफ सड़को पर उतरने कों मजबूर है। अटेवा के जिला उपाध्यक्ष धनपाल ने बताया कि सभी पदाधिकारी लगातार ब्लॉक स्तर तक सम्पर्क करके मशाल जुलूस की सफलता कों जुटेंगे। टीएससीटी के जिलाध्यक्ष सतीश सिंह ने भी सभी ब्लॉक स्तर तक के पदाधिकारियों से अपील की है कि 13 अप्रैल के मशाल जुलूस की सफलता के लिए लगातार गूगल मीट करके जनजागरण अभियान चलाया जाएगा और कार्ययोजना बनाकर मशाल जुलूस कों सफल बनाने की तैयारी करें। उत्तर प्रदेश विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनंत बाजपेई ने कहा कि सरकार की मनमानी से शिक्षक दबाव मे नहीं आएगा और जो नियुक्ति की सेवा शर्तो से नियुक्त हुआ है। 20-25 साल बाद किसी नये नियम कों क्यों मानेगा इसलिए सभी शिक्षक आंदोलन का रास्ता उचित नेतृत्व मे अपनाकर इस तानाशाही का विरोध करें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित के संचालन मे हुयी बैठक मे 13 अप्रैल के मशाल जुलूस की पूरी कार्य योजना बनाई गई। बैठक मे संदीप मिश्रा, कौशलेश मिश्रा, सचिन मिश्रा, चंद्रभूषण शुक्ल, अरविन्द शुक्ला, राजेश पाण्डेय, अरविन्द वर्मा, अनिल पाठक, वेद वर्मा, सचिन कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# टीईटी अनिवार्यता थोपना पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं अव्यवहारिकः संजय

- 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे जिले के 2 हजार शिक्षक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने महानगर के टाउनहॉल स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं अव्यवहारिक है। इसके विरोध में पूरे देश के लाखों शिक्षक आगामी 4 अप्रैल को देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की अनुमति दिल्ली प्रशासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जनपद शाहजहांपुर से दो हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं इस प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए तैयार हैं तथा प्रत्येक विकासखंड से कम से कम एक बस भेजना अनिवार्य किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना के माध्यम से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया था, किन्तु उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस अनिवार्यता से छूट




प्रदान की गई थी। विभिन्न राज्यों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अलग-अलग तिथियों में लागू हुआ, ऐसे में पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी से छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय के 01 सितम्बर 2025 के आदेश के प्रभाव से देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। यदि निर्धारित समयावधि तक टीईटी उत्तीर्ण नहीं किया गया तो शिक्षकों को सेवा से पृथक करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो अत्यंत चिंताजनक है। श्री सिंह ने बताया कि टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रयास किए गए हैं। सांसदों के माध्यम से ज्ञापन, जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन एवं शिक्षा मंत्री से वार्ता लेकिन अब तक केंद्र सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही कानून बनाकर उक्त आदेश के प्रभाव को समाप्त करते हुए पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त नहीं किया गया, तो 4 अप्रैल 2026 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें देशभर के लाखों शिक्षक भाग लेंगे। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि अपने अधिकारों की रक्षा हेतु अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर इस आंदोलन को सफल बनाएं। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विकासखंडों से निर्धारित संख्या से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। प्रेस वार्ता के उपरांत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें 4 अप्रैल के दिल्ली प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुनीश मिश्र, रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, ब्रजेश कुमार वर्मा, राजकुमार सिंह, सरताज अली, यशपाल सिंह, डॉ. विनय गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह, अरुण भदौरिया, अश्विनी अवस्थी, अरविंद त्रिपाठी, अरविंद गौतम, देवेन्द्र सिंह कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, आदेश सिंह, अनंक पाल, आशुतोष मिश्र, जुबैर आलम, राजकुमार, बबिता श्रीवास्तव, नीरज सागर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# पड़ताल: युद्ध का असर क्या गेहूं खरीद तक आ पहुंचा, विकल्प तलाश रहे अधिकारी

- पीपी बोरी बनाने को पेट्रोलियम दाने की आपूर्ति हो रखी है प्रभावित
- आठ हजार किसान पंजीकरण में 3500 का किया जा चुका सत्यापन

प्रभाकर मिश्रा

शाहजहांपुर। मिडिल ईस्ट में ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के चलते अब पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई प्रभावित हो रखी है। पेट्रोलियम उत्पादों की किल्लत के कारण पीपी बैग का उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे प्रदेश में गेहूं के भंडारण के लिए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) बैग के बोरों की कमी की समस्या की बात सामने आ रही है। सूत्रों की माने तो अभी जनपद में कही भी बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। अगर खरीद ने रफ्तार पकड़ भी ली तो स्टाक करने के लिए बारदाना की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि अधिकारियों बारदाना की उपलब्धता के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कोटेदारों से खाली होने वाले बोरों को वापस के लिए डीएसओ से समन्वय स्थापित किया गया है। कोटेदार लोग खाली बैग तहसीलों में जमा करेंगें। जहां से यह बैग मंडियों में भिजवाएन जाएगे।बता दें कि जनपद में सोमवार को सरकारी दावों के बीच गेहूं खरीद की शुरुआत कर दी गई हैष लेकिन पहले दिन ही अधिकांश



खरीद केंद्रों पर सन्नाटा छाया रहा। किसानों के लिए छाया, पानी और बारदाने (बोरी) जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी देखने को मिला है। खोले गए 185 खरीद केंद्रों में बोहनी तक नहीं हुई और कहीं कहीं इक्का-दुक्का किसान केवल खरीद संबंधी जानकारी लेने ही पहुंचे। अधिकांश किसानों का कहना था कि गेहूं पंजीकरण तो करा रखा गया है, लेकिन अभी तक सत्यापन नहीं हो पाया है। मंगलवार को सरकारी आवास की वजह से खरीद नहीं हो पाई है। रोजा मंडी सचिव रिंकू सिंह ने बताया कि अभी गेंहू में नमी आ रही, 25-26 प्रतिशत। जबकि 12 प्रतिशत नमी वाले गेहूं की सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद हो सकेगी। बता दें कि इस बार सरकार ने एमएसपी 2585 रखी है। अब तक जनपद में 8 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें सत्यापन की बात करे तो 3500 हो सका है।

> पीपी बैग की दिक्कत बनी हुई है, जिसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। कोटेदारों के यहां खाली बैगों की वापसी के लिए डीएसओ से समन्वय स्थापित किया गया है। कोटेदार लोग खाली बैग -बोरा संबंधित तहसीलों में जमा करेंगे। जहां से मंडी सचिव उठवाकर खरीद के लिए प्रयोग में लाएंगे। जनपद में अभी 185 गेंहू क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। अगर और प्रस्ताव बगैर आते हैं तो उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। जिन किसानों ने आनलाइन पंजीकरण कराया है, उनका सत्यापन चल रहा है। अगर किसी किसान को कोई दिक्कत आ रही हैं तो वह मंडी सचिव या कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है। सरकार की मंशानुरूप एमएसपी पर किसानों से खरीद करना हमारी प्राथमिकता में है।
> 
> - राकेश मोहन पाण्डेय, डिप्टी आरएमओ।

### पेट्रोलियम दाना की आपूर्ति बाधित, नहीं बन पा रहे पीपी बैग

पीपी बैग निर्माण के लिए पेट्रोलियम दाना की आवश्यकता होती है, लेकिन युद्ध की वजह से कच्चा माल नहीं आ पाने से पेट्रोलियम दाना की किल्लत बनी हुई है। जिस कारण पीपी बैग नहीं बन पा रहे हैं। यह पीपी बैग की दिक्कत जनपद में ही नहीं,बल्कि देश में भी बनी हुई है। सरकार पीपी बैग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश शुरू कर दी है। जिससे कि बारदाना की समस्या को दूर किया जा सके और गेंहू खरीद सुचारू रूप से चलती रहे।

## पिज्जा कैफे पर तीन युवतियों के साथ पहुंचे युवक से हिंदू संगठन कार्यकर्ता भिड़े, हंगामा

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

तीन युवतियों के साथ एक कैफे पर पिज्जा खाने पहुंचे युवक से हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने लड़कियों के प्रति संदेह जताते हुए जमकर हंगामा का। युवक के साथी आ जाने पर धमकाने वाले कार्यकर्ताओं को मुंह की खानी पड़ी। नगर के पॉश इलाके में एक पिज्जा कैफे पर मंगलवार अपरान्ह करीब दो बजे एक बाइक सवार युवक के साथ तीन युवतियां पिज्जा खाने पहुंचीं थीं । इसी दौरान कथित तौर पर एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ता कैफे के बाहर जा धमके। और युवक पर लड़कियों को लाए जाने में संदेह जताते हुए उससे आधार कार्ड दिखाने को कहा। इस मौके पर हंगामा देख भरी भीड़ एकत्र हो गई। इस दौरान लड़कियां बेइज्जती होती देख स्कूटी पर सवार होकर चली गईं। कार्यकर्ताओं ने अपने अन्य साथी बुला लिए । वहीं उक्त युवक की सूचना पर उसके भी कई साथी भी पिज्जा कैफे पर आ धमके। फिर क्या था युवक का पलड़ा भारी होने पर वह कार्यकर्ताओं पर हावी हो ईट पत्थर लेकर दौड़ पड़ा। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक कथित कार्यकर्ताओं को मुंह की खानी पड़ी। यहां पहुंचे संभ्रांत नागरिकों ने युवक को समझा बुझाकर शांत कराया। उधर पिज्जा शॉप स्वामी ने बताया कि उसे युवक किसी फोर्स से ताल्लुक रखता है। लड़कियां कौन थीं इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। उसके लिए तो हर आने वाला ग्राहक है। शाम तक यह चर्चा बेहद गर्म रही।

## खबरें एक नजर में

### ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगरिया मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक घर के ताला तोड़कर हजारों का सामान चुरा लिया । पीड़ित ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के नगरिया मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव पिपरौली निवासी राजेश कुमार गंगवार ने पुलिस को बताया कि झटका मशीन , बैटरी ,चार्जर , पाइप आदि चोरी कर लिए हैं। पीड़ित ने पुलिस से अपना चोरी गया सामान बरामद कराने की गुहार लगाई है। वहीं कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि घटना की पड़ताल कराई जा रही है।

### रिपोर्ट कार्ड पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**बंडा, शाहजहांपुर।** बजाज पब्लिक स्कूल मकसूदापुर में वार्षिक परीक्षा फल वितरण किया गया। शुभारंभ बजाज पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुधाकर मिश्रा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कक्षा एक से लेकर नौ तक व कक्षा ग्यारहवीं सहित सभी छात्र-छात्राओं को प्रथम, दिव्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि बचपन से ही शिक्षा की नींव मजबूत हो तो सफलता की उम्मीद दो गुनी हो जाती है। बच्चे ही देश के भविष्य हैं उन्हें बेहतर शिक्षा देना ही शिक्षक की प्राथमिकता है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में तिलकराज सिंह, अथर्विका विश्नोई, अवनीत कौर, जसमीत कौर, वानी सक्सेना, अक्षत पटेल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के एचआर हेड गुरु जीत सिंह, रश्मि सक्सेना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आपदा प्रबंधन जल संरक्षण विषय पर रैली निकाली



**शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई। एवं द्वितीय इकाई द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन आपदा प्रबंधन, जल संरक्षण विषय पर किया गया।कार्यक्रम अधिकारी डा. रानू दुबे के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने बाडूजई प्रथम, ऋतु शर्मा के निर्देशन मे बाडूजई द्वितीय बस्ती में आपदा प्रबंधन जल संरक्षण विषय पर रैली निकाली तथा विभिन्न पोस्टरों व नारों, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं प्राकृतिक आपदाओं को दूर भगाएं, आपदा में होशियारी बचाएगी जान हमारी, समझदारी से काम लेंगे आपदा से नहीं डरेंगे,जन-जन का यही नारा सुरक्षित रहे परिवार) देश हमारा, जल ही जीवन है आदि द्वारा बस्ती में आसपास के दुकानों व घरों में जाकर प्राकृतिक व मानव निर्मित विभिन्न आपदाओं के बारे में व आगामी संकट से बचाव हेतु जानकारी भी दी। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सभी छात्राओं ने जल संरक्षण पर विचारों को साझा किया एवं सभी जागरूकता हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### महिला सशक्तीकरण: 'दामिनी पहल' का कोतवाली में हुआ आयोजन




**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली में मंगलवार दोपहर 'दामिनी पहल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिम कोतवाल जुगुल किशोर पाल व एसआई नेहा सैनी ने महिलाओं को पौधा लगे गमला भेंट किए । कोतवाल ने बताया कि 卐दामिनी पहल卐 आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्हें पुलिस व्यवस्था से जोड़ना और जन-सहभागिता के माध्यम से महिला सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस दौरान कोतवाल जुगल किशोर पाल और महिला एसआई नेहा सैनी ने शिक्षिका स्वेता सक्सेना, आंगनबाड़ी सरिता गंगवार, आंगनवाड़ी रामगुनी, आंगनबाड़ी सुनीता आदि को पौधे लगे गमले भेंट किए। कोतवाल ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'मिशन शक्ति' अभियान की सराहना करते हुए 'दामिनी पहल' को महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### स्वयंसेवकों ने चलाया सघन सफाई अभियान



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में 31 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना के चतुर्थ सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए ग्राम रुस्तमपुर में सघन सफाई अभियान चलाया गया। इसके पश्चात स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसकी थीम स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत रही जिसके अंतर्गत घर-घर संपर्क कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता रैली के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कृष्णा सिंह रहे। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 2014 को गांधी जी के 145 से जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई घ् इस पहल के माध्यम से छात्रों को सामाजिक सेवाओं में शामिल करके और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में योगदान देकर महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत की दृष्टिकोण को सार्थक किया जा सकता है कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर अवधेश कुमार, डॉ जयेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, पवन यादव, सुब्हाना वारसी, अंजलि, प्रियासिंह, मोनी देवी, आदि उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में बिखरे संस्कृति के रंग, मेधावियों के साथ अभिभावक भी सम्मानित

- तहसीलदार और बीईओ ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड के ग्राम बझेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के इस अनूठे संगम में जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं विद्यालय प्रशासन ने शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार अनुराग दुबे एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री शाहीन अंसारी द्वारा माँ सरस्वती



के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों ने लोकगीतों, लघु नाटकों और देश भक्ति गीतों पर ऐसी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं कि पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस वर्ष विद्यालय ने एक अनूठी पहल करते हुए केवल मेधावी छात्रों को ही नहीं, बल्कि सजग अभिभावकों को भी मंच प्रदान किया। विद्यालय परिसर और स्वयं को स्वच्छ रखने वाले छात्र-छात्राओं को 'स्वच्छता पुरस्कार' से नवाजा गया। उन अभिभावकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिनके बच्चे साल भर नियमित रूप से निर्धारित स्कूल ड्रेस में विद्यालय आए। वार्षिक मूल्यांकन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।तहसीलदार मुख्य अतिथि तहसीलदार अनुराग दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभा को निखारने का सबसे सशक्त माध्यम ऐसे स्कूली आयोजन ही हैं। विशिष्ट अतिथि बीओबी शाखा प्रबंधक जगमोहन सिंह और ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री शाहीन अंसारी ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अभिभावकों का सम्मान करना एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे समुदाय में शिक्षा के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य रूप से गौरीशंकर त्रिवेदी, विनोद राजपूत, सचिन राजपूत, कृष्ण मुरारी पांडे सहित भारी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया और बच्चों को मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। वार्षिकोत्सव में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का आत्मविश्वास और मंच पर उनकी बेबाक प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रभावी कार्य हो रहा है।

## एसडीएम ने किया वार्षिकोत्सव का शुभारंभ



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सोमवार को को पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कहमारा विकास क्षेत्र पुवायां में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम चित्रा निर्वाल व खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने बच्चों को कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ अध्यापक अनिल गुप्ता को दी गई विदाई

- शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

संविलयन विद्यालय गोरा रायपुर में शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संविलियन विद्यालय गोरा रायपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत बिलन्दपुर गद्दीपुर के समस्त विद्यालय से आए शिक्षकों ने शासन द्वारा निर्धारित एजेंडा के क्रम में ऑपरेशन कायाकल्प ,निपुण भारत एवं डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कक्षा शिक्षण से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर में हो रही प्रगति को अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया। विकास क्षेत्र सिधौली के ए आर पी श्री आरफीन




जीने बताया कि की बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा प्रदत शिक्षा बहुत प्रभावी होती है। संविलियन विद्यालय गौरा रायपुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने बताया कि कैसे प्रभावी ढंग से डिजिटल संसाधनों का प्रयोग कक्षा कक्ष में करते हैं जिससे बच्चों का शैक्षिक स्तर मैं वृद्धि होती है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त बच्चों को प्रगति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए साथ ही कक्षा कक्ष में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कक्षा 8 के बच्चों को प्रगति प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार के साथ-साथ विदाई समारोह का उपहार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदा किया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्री अनिल कुमार गुप्ता जी को ससम्मान भव्य विदाई कार्यक्रम कर शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। ग्राम पंचायत गोरा रायपुर के सरपंच सुमनलता दीक्षित ने उपहार भेट किया। तत्पश्चात ग्रामवासियो एवम अभिभावकों ने स्मृति चिन्ह एवम उपहार भेंट कर अनिल कुमार के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ संविलयन विद्यालय गोरा रायपुर, ग्राम प्रधान एवम विद्यालय प्रबंध समिति का बहुमूल्य योगदान रहा। साथ ही न्याय पंचायत बिलन्दपुर गद्दीपुर के समस्त विद्यालयों से आए शिक्षकों के उत्साह और कार्यक्रम में माहिती भूमिका के लिए बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद साथ ही सफल कार्यक्रम के लिए सभी शिक्षकों का ह्रदय से आभार एवं अभिनंदन।

## हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मरे तांगा बुग्गी चालक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सोमवार रात हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तांगा बुग्गी सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका साथी दूर जा गिरा। वह सदमा लगने से बदहबाश है। मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा है। सोमवार की देर रात हाइवे पर कोतवाली क्षेत्र के गांव धनेला के समीप किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से तांगा बुग्गी के परखच्चे उड़ गए। जिस पर बैठे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। अंततः शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस लिए भेज दिया गया। इस दुर्घटना में घायल हुए एक अन्य व्यक्ति को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। पूछताछ के तमाम प्रयास के बाद भी वह मृतक के बारे में सही जानकारी नहीं दे सका। न ही अपनी पहचान ही बता सका। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मृतक के शरीर पर आसमानी टी शर्ट व नीली जींस है। उम्र भी करीब 20 से 22 वर्ष प्रतीत हो रही है।

## गैस एजेंसी पर उमड़ रही भारी भीड़, उपभोक्ता परेशान

- अधिकारी कर रहे झूठे दावे.. हकीकत में परेशान हैं लोग

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कस्बे स्थित अजय इंडेन गैस एजेंसी पर मंगलवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि सिलेंडर प्राप्त करने में एक से दो दिन तक लग जाते हैं। पहले केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करानी पड़ती है, उसके बाद पर्ची कटवानी होती है, तब जाकर सिलेंडर मिल पाता है। उपभोक्ता सरोजिनी, उषा देवी, मालती, माधुरी, लालाराम, रईस, अजय कुमार और बाबूराम समेत कई लोगों ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लग जाते हैं, लेकिन सिलेंडर दोपहर बाद ही मिल पाता है। इस दौरान घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी दिक्कत होती है। कोटाबारी निवासी कालीचरण ने बताया कि वह तीन दिनों से गैस



सिलेंडर के लिए प्रयास कर रहे थे, लेकिन मंगलवार को जाकर उन्हें सिलेंडर मिल सका। उन्होंने बताया कि सिलेंडर के लिए 940 रुपये और पाइप के लिए 190 रुपये, कुल 1130 रुपये देने पड़े। वहीं, गोदाम प्रभारी दानिश ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिनकी प्रक्रिया पूरी हो जाती है, उन्हें उसी दिन गैस दे दी जाती है, जबकि बाकी को अगले दिन दिया जाता है।

## भक्ति और ईश्वर और सुख शांति बिना गुरु के प्राप्त नहीं हो सकती: साध्वी सुरजीता

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान द्वारा खिरनी बाग रामचरण लाल धर्मशाला में तीन दिवसीय श्री हरि कथा का आयोजन किया जा रहा है। तृतीय दिवस के प्रसंग में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुरजीता भारती ने बताया कि अगर एक मनुष्य अपने जीवन में वास्तविक भक्ति और ईश्वर और सुख शांति को प्राप्त करना चाहता है तो वह उसे बिना गुरु के प्राप्त नहीं हो सकता क्योंकि भक्ति से ही मनुष्य की जीवन में सुख प्राप्त होता है हमारे शास्त्रों में कहा भक्ति क्या होती है भक्ति भक्ति का अर्थ होता है जुड़ना ईश्वर से जुड़ना परमात्मा से मिलना परमात्मा को देखना और ईश्वर को दिखाने का कार्य कौन करता है पूर्ण गुरु बिना गुरु के वह उसे वास्तविक भक्ति को प्राप्त नहीं कर सकता ना भक्ति का आनंद और ना ही परमात्मा को प्राप्त कर सकता है। ऐसी स्थिति में एक मनुष्य को पूर्ण गुरु की पहचान नहीं होगी तो वह निश्चित ही झूठे पाखंडी गुरुओं के द्वारा ठगा जाएगा और अपने मानव जीवन को व्यर्थ कर देगा। इसलिए जब गुरु की बात आती है तो हमारे शास्त्र ग्रंथ गुरु की पहचान भी देते हैं। जिस प्रकार से असली नोट होता है तो असल की आड़ में नकली नोट भी चल जाता है और जिन्हें असली नोट की पहचान नहीं होगी वो ठगे भी जाते हैं इसलिए सरकार के द्वारा असली नोट की कुछ पहचान बताई जाती और जब एक व्यक्ति उस पहचान को लेकर नोट को परखता है तो वह कभी धोखा नहीं खाता ठीक इसी प्रकार से समाज के भीतर झूठे पाखंडी संत भी हैं तो इन



संतों के बीच हम सच्चे गुरु को कैसे खोजे ,तो यह पहचान भी हमारे शास्त्र ग्रंथ हमें देते हैं शास्त्रों में कहा। अर्थात वह परमात्मा जो अखंड है सभी जगह व्याप्त है ऐसे परमात्मा का दर्शन जो गुरु करवाते हैं ऐसे गुरु को बारंबार प्रणाम है भाव गुरु परमात्मा से मिलवाने का कार्य करते हैं ईश्वर को दिखाने का कार्य करते हैं जो परमात्मा इंसान के भीतर ही छिपा बैठा है इस रहस्य को गुरु ही एक मनुष्य के सामने प्रकट करते हैं अर्थात इंसान के संपूर्ण दुखो का नाश करने वाले वह परमात्मा एक मनुष्य के भीतर ही हैं लेकिन जब संत जीवन में आते हैं तो उसे ईश्वर को प्रकट कर वह मनुष्य के सभी दुखों को हरण करने की युक्ति एक मानव को दे देते हैं। भक्तों हम भी इस जीवन को सार्थक करें और ऐसी गुरु की तलाश करें जो हमारी दिव्य दृष्टि को खोलकर हमारे अंदर ही उसे परमात्मा को दिखा दे। वह दिव्य दृष्टि जहां मनुष्य बिंदी तिलक सजाता है वही स्थित होती ओर पूर्ण गुरु द्वारा खोली जाती है जब वह खुलती है उसी से अंदर परमात्मा का दर्शन होता है जब एक इंसान उस परमात्मा को देख के भक्ति करता हैं तो इसी में मानव जीवन की सार्थकता होती और उसका कल्याण है कल्याण भी होता है। आज की कथा का शुभारंभ आरती पूजन करके नीरज बाजपेई, विनोद गुप्ता, सुबोध शर्मा, मोहन ग्रोवर, शोभना गुप्ता, राजमाता वीरेश्वरी शर्मा ने कराया।

# खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में उर्स के चौथे दिन हुआ ताजुल उरफ़ा कॉन्फ्रेंस का आयोजन

- अलजामियतुल चिश्तिया से फारिग होने वाले दर्जनों छात्रों की हुई दस्तारबंदी

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में चल रहे पाँच रोजा उर्से कलीमी के चैथे दिन बाद नमाज़े फज्र कुरआन ख्वानी से प्रोग्राम का आगाज हुआ। बाद नमाजें असर हुजूर साहिबे सज्जादा सैयद मसऊद अहमद कलीमी साहब की सरपरस्ती में ताजुल उरफ़ा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया कॉन्फ्रेंस का आगाज़ तिलावते कलाम पाक से अलाजामियतुल चिश्तिया के कॉन्फ्रेंस का संचालन मफ्ती शब्बीर अहमद ने किया हज़रत शाह अली मंजर एजाज कुद्दूसी साबरी सज्जादानशीन कलीयर शरीफ व आप के छोटे भाई यावर अली कुददूसी साबरी व यासिर अली कुददूसी साबरी, खानकाह रदौली शरीफ के सज्जादानशीन हजरत मुहम्मद आरिफ अहमद अहमदी उर्फ सुब्बू मियां हजरत सैयद फाहद मियां दरगाह खुरमा शरीफ रामपुर, खानकाह रसीदिया रजबपुर से ख्वाजा सलीम फरीदी ब नाई वे सज्जादा अनवर फरीदी, इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां दरगाह शमशुद्दीन मियां तिलहर के सज्जादानशीन कॉन्फ्रेंस में भारी संख्या में उलेमा-ए-किराम व मुल्क के मशहूर दरगाह व खानकाहों के मशाएख, मदरसों के छात्रों, अइम्मा



इकराम, बुद्धिजिवी, प्रोफेसर डॉक्टर, राजनीतिज्ञ व सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा अकीदंतमों ने शिरकत करके खिराजे अकीदत पेश किया। कॉन्फ्रेंस में मशहूर आलिमे दीन मुफ़्ती इकरामुल हक मिस्बाही शैखुल हदीस गरीब नवाज मिशन मालदा, बंगाल, मौलाना शब्बीर अहमद अशरफ़ी, मुफ्ती ए आज़म झारखंड मुफ्ती रजाउल हक अशरफी मिस्बाही, मुफ्ती डॉ. मुफ़्ती दानिश कादरी ने कहा कि खानकाहों से इल्म को फरोग दिया जाना चाहिए खानकाहों का अस्ल काम ही इल्म को फरोग देना और आपस में भाईचारा कायम रखना है जिसकी मिसाल खानकाहे हुसैनिया कलीमिया है जिससे मुल्क में कई दीनी व दुनियावी इदारे चल रहे हैं। नात व मनकबत इस्राफील कलीमी ने पेश किया। खानकाहे हुसैनिया कलीमिया स्थित मदरसा अलजामियातुल चिश्तिया से फारिग होने वाले छात्रों में फज़ीलत के मो. हाशिम कलीमी, मो. नूर हुसैन कलीमी, नूर कलीम चिश्ती, किरअत के अब्दुल समद चिश्ती, गुलाम मोहम्मद चिश्ती, इसराफील चिश्ती व गुलाम मोहम्मद चिश्ती और हिफ्ज़ के हाफिज़ फरहान चिश्ती , हाफिज़ रेहान रज़ा चिश्ती, हाफिज़ मो. इमदादुल हक चिश्ती, हाफिज़ अमीर हमज़ा चिश्ती, हाफिज़ मो. गुलाम मुस्तफा चिश्ती, हाफिज़ गुलाम यासीन चिश्ती वगैरा की दस्तारबंदी साहिबे सज्जादा हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी साहब ने छात्रों के सर पर पगड़ी बाँध कर की। मदरसे के शिक्षकों मौलाना शफीकुल इस्लाम कलीमी, मौलाना अमीर हमजा, मुफ्ती समीउल अंसारी ने फारिग होने वाले छात्रों को सनद जारी कीं। सज्जादा नशीन हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी ने मुल्क में अमन व अमान व खुशहाली की दुआयें कीं। बाद नमाज़े इशा महफिले सिमाअ (कव्वाली) का आयोजन हुआ। फातेहा ख्वानी के साथ हुआ जिसमें मुल्क के मशहूर कव्वालों ने मशहूर फारसी शायरों जैसे अल्लामा जामी, अल्लामा रूमी, हजरत अमीर खुसरो व हाफिज शीराजी और बेदम शाह वारसी के उर्दू व फारसी के कलाम पढ़े जिसे सुनकर जायरीन पर वज्द तारी हो गया।

# धार्मिक स्वतंत्रता पर अमरीका का ढोंग

हाल ही में यू.एस. कमीशन ऑन इंटरनैशनल रिलीजियस फ्रीडम की एक रिपोर्ट आई, जिसमें बताया गया कि भारत में दिनों-दिन धार्मिक स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। यह भी कहा गया कि सरकारों द्वारा अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ावा दिया जाता है और सरकार एन.जी.ओज के पीछे पड़ी है। हालांकि सरकार ने सारे आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। यह भी कहा कि अमरीका पहले अपने गिरेबान में झांके, जहां मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों तथा दूसरे धर्मावलम्बियों पर लगातार हमले हो रहे हैं। दरअसल दुनिया भर में काम करने वाले तमाम एन.जी.ओज ही ऐसी रिपोर्ट्स बनवाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इनमें से अधिकांश को विदेशों से धन प्राप्त होता है। इनका कोई न कोई आका ऐसी रिपोर्ट्स बनवाता है। बहुत से पश्चिमी देशों, खासकर अमरीका के बारे में कहा जाता है कि वे ऐसे व्यापारी हैं, जो बिना किसी लाभ के एक डालर खर्च नहीं करते। तो आखिर इन रिपोर्ट्स से अमरीका को क्या लाभ होता है? वह लाभ है, लोगों को तरह-तरह से भड़काना, अस्थिरता पैदा करना। यदि अमरीका के ऐसे करतबों के बारे में जानना हो तो जॉन पर्किंस की बेहद महत्वपूर्ण पुस्तक-'कन्फैशन ऑफ ऐन इकोनॉमिक हिटमैन' पढ़ी जा सकती है। पर्किंस खुद इकोनॉमिक हिटमैन रहे हैं। हिटमैन शब्द का इस्तेमाल अक्सर हत्यारों के लिए किया जाता है। ऐसे में इकोनॉमिक हिटमैन का मतलब हर तरह से देश की तबाही करना होता है। जॉन बताते हैं कि यह बनने के लिए कठोर परीक्षा से गुजरना पड़ता है। यदि आप पकड़े जाएं, तो कोई आपकी जिम्मेदारी नहीं लेता। अमरीका के लिए काम करने वाले इन लोगों का काम तीन चरणों में होता है। पहले ये लोगों के सांस्कृतिक और बहुलतावादी संस्कृति के अंतवरोधों का लाभ उठाकर, कभी भाषा, कभी धर्म, तो कभी पहनावे आदि को लेकर लोगों को भड़काते हैं। इसके लिए लोगों को बाकायदा आर्थिक मदद दी जाती है। उनकी खबरें अधिक से अधिक प्रसारित कराने के लिए मीडिया मैनेजमैंट किया जाता है और जो भी सरकारें होती हैं, चाहे राज्य सरकारें या केंद्र सरकार, उसके खिलाफ आंदोलन कराए जाते हैं, ताकि सरकारें टूट जाएं। यदि तब भी सफलता न मिले, तो ये और अधिक खतरनाक हो जाते हैं। इन्हें जॉन ने नाम दिया है-जैकाल्स। इनका काम देशों के नेताओं को मरवाने का होता है। किस-किस नेता को इस तरह से मारा गया, इसके उद्धरण पुस्तक में दिए गए हैं। मान लीजिए नेताओं के मरने के बाद भी किसी देश में अस्थिरता नहीं फैलती, तो फिर अंतिम आप्शन होता है, युद्ध का ऐलान, सेना की चढ़ाई। पिछले कुछ दशकों में अमरीका ने जिन-जिन देशों पर युद्ध थोपा है, उनमें इन तीनों बातों को देखा जा सकता है। ईरान में भी जब लोगों का आंदोलन हुआ, तो अमरीका ने सोचा कि वहां सरकार टूट जाएगी। नहीं टूटी तो फौरन चढ़ाई करके वहां के सुप्रीम लीडर और अन्य नेताओं को मार दिया। कहने का अर्थ यह कि जिन भी देशों पर अमरीका हमलावर हुआ, वहां के लोगों की धार्मिक आजादी तो छोडिए, जीवन की आजादी तक का सम्मान भी नहीं किया गया। हां, 'पर उपदेश कुशल जरूर बहुतेरे' हो सकते हैं। यूं भी अमरीका में आज तक शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति राष्ट्रपति बना है, जो ईसाई धर्म को मानने वाला न हो। राष्ट्रपति वहां बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते हैं।

# हवाई चप्पल वाले विमान में या हवाई सेवाएं जमीन पर



हैरानी की बात नहीं है कि हमारे उद्घाटन-वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, पांच विधानसभाई चुनावों के लिए अपने प्रचार के औपचारिक चरण के लिए दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले, एक धमाकेदार उद्घाटन करना जरूरी समझा। हम राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में निर्माणाधीन नये हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन की बात कर रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस हवाई अड्डे के निर्माण को अपने राज में तेजी से हो रही प्रगति के साक्ष्य के रूप में ही पेश नहीं किया, देश के लिए जरूरी विकास के मॉडल के तौर पर भी पेश किया, जो उनकी पार्टी के डबल इंजन राज की ही कृपा से उत्तर प्रदेश को नसीब हो रहा है। यहां ढांचागत क्षेत्र के विकास के इस मॉडल की जरा नजदीक से पड़ताल करना अप्रासांगिक नहीं होगा, जिसे बहुत से विश्लेषणकर्ता नुमाइशी (वेनिटी) विकास मॉडल मानते हैं। स्वाभाविक रूप से शनिवार 28 मार्च के जेवर एअरपोर्ट के उद्घाटन की खबरों ने राजधानी में और खासतौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी सुर्खियां बटोरीं। आखिरकार, राजधानी से दिल्ली के वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कुछ ही 12 किलोमीटर की दूरी पर यह नया हवाई अड्डा बन रहा है, जिसे न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए हवाई यात्रा की सुगमता करने वाला बताया जा रहा था, बल्कि खबरों में तो श्देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डाश् कहकर भी प्रचारित किया जा रहा था। यह दूसरी बात है कि छोटे प्रिंट में दी जा रही जानकारियां, एक तरह से हाथ के हाथ इस दावे की अतिरंजना को भी उजागर कर रही थीं। सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री ने इस हवाई अड्डे के निर्माण के पहले चरण का ही उद्घाटन किया है, जिसमें कार्गो टर्मिनल तथा मरम्मत, रख-रखाव आदि से संबंधित हिस्से ही शामिल हैं। इस चरण पर करीब 11,200 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस हवाई अड्डे का निर्माण चार चरणों में, 2040 तक पूरा होना है। फिलहाल, कुछ घरेलू उड़ानों के शुरू होने की चर्चा जरूर है, लेकिन उसकी भी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गयी है। हैरानी की बात नहीं होगी कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभाई चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री एक बार फिर इस हवाई अड्डे के किसी हिस्से का उद्घाटन करने के लिए यहां लौटें।जहां तक संबंधित परियोजना का सवाल है, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक ढांचागत परियोजना ही नहीं है बल्कि श्विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का नया अध्याय है। यह एअरपोर्ट उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे बनकर निवेश, व्यापार और निर्यात को नयी गति देगा।...पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगाश, आदि। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि इससे, श्किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।श् प्रधानमंत्री ने इस परियोजना के साकार होने के लिए किसानों के श्जमीन के योगदानश् के लिए आभार ही व्यक्त नहीं किया, किसानों को यह सपना भी दिखाया कि उनके कृषि उत्पाद अब वैश्विक बाजारों तक पहुंचसकेंगे! प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि यह एअरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार और अवसरों की नयी दिशा देगा। लेकिन कैसे, यह स्पष्ट करने की उन्होंने जरूरत नहीं समझी। प्रधानमंत्री इस मौके पर गिनती को तर्क बनाने का खेल नहीं खेलते यह तो संभव ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने इसे अपने राज में उत्तर प्रदेश के तेजी से विकास कर रहे होने का पैमाना बनाया कि उत्तर प्रदेश अब पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य बन गया है। और यह भी कि मोदी के शासन संभालने से पहले, देश में कुल 74 हवाई अड्डे थे, जबकि अब तक यह संख्या बढ़कर 160 से अधिक हो चुकी है। हवाई अड्डों की संख्या और विकास के इसी समीकरण को और पुख्ता करते हुए, 28 मार्च के उद्घाटन ईवेंट से ठीक पहले, 25 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दी थी, जिसमें दस वर्ष में 100 हवाई अड्डे बनाने का ऐलान किया गया है। इस योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। अगर हवाई अड्डे बनना ही विकास का पैमाना है, तो जाहिर है कि मोदी राज में देश का बहुत तेजी से विकास हो रहा है। लेकिन, यहीं उत्तर प्रदेश का ही एक और आंकड़ा सामने आकर खड़ा हो जाता है, जिसकी प्रधानमंत्री मोदी के हवाई क्षेत्र के विकास के दावों के जवाब में, समाजवादी पार्टी नेता, अखिलेश यादव ने याद दिलाई है। यह आंकड़ा जो वास्तव में एक आरटीआई के सरकारी जवाब में सामने आया है, यह दर्शाता है कि हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार कर, अपेक्षाकृत कम आबादी के केंद्रों को उसके दायरे में लाने के इरादे से, पिछले पांच-छरू साल में उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए खर्च कर, 7 नये हवाई अड्डे शुरू किए गए थे। लेकिन, इनमें से पूरे 6 हवाई अड्डे बंद हो चुके हैं, जहां से नियमित रूप से कोई हवाई सेवा काम ही नहीं कर रही है। इनमें आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा, कुशीनगर, चित्रकूट आदि के हवाई अड्डे शामिल हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि सैकड़ों करोड़ रुपए की लागत से और कीमती जमीन लगाकर बनाए गए हवाई अड्डे अगर हवाई यातायात का ही काम नहीं कर रहे हैं, तो उन्हें फिजूलखर्ची की निशानी भले माना जा सके, विकास की निशानी तो किसी भी तरह नहीं माना जा सकता है।यह सिर्फ उत्तर प्रदेश की ही समस्या नहीं है। कम या ज्यादा, खासतौर पर पूरे ढांचागत क्षेत्र के विकास की यही समस्या है। चूंकि आम तौर पर यह माना जाता है कि ढांचागत सुविधाएं जितनी ज्यादा हों उतना ही बेहतर है, जोकि ऐसे विकासशील देश में स्वाभाविक भी है, जहां सुविधाओं की हमेशा तंगी रही है, यह समीकरण ढांचागत क्षेत्र में निवेश को आसानी से विकास का पर्याय बना देता है। लेकिन, इसमें यह भुला ही दिया जाता है कि हमारे समाज में इन सुविधाओं के उपयोग की सामर्थ्य कितनी है? उपयोग की समुचित सामर्थ्य के बिना बुनियादी सुविधाएं खड़ी की जाती हैं, तो उनका वही हश्र होता है जो उत्तर प्रदेश के उक्त नये हवाई अड्डों का हो रहा है। सिर्फ प्रधानमंत्री के यह कहने से कि वह हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करते देखना चाहते हैंश, हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा नहीं करने लग जाएंगे। उल्टे ऐसे बुनियादी ढांचागत निर्माण सफेद हाथी ही साबित होते हैं, जिनका उपयोग तो कुछ नहीं है, बस जिनके रख-रखाव पर लगातार खर्चा और करना पड़ता है। बेशक, बुनियादी सुविधाओं के मामले में आर्थिक सामर्थ्य के इस संकट का, मांग का संकट बनकर इस तरह सामने आ खड़ा होना, खासतौर पर नव-उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के अपनाए जाने का नतीजा है। जब तक बुनियादी सुविधाएं मुख्यतरू सार्वजनिक क्षेत्र में थीं, तब तक चूंकि उन्हें आर्थिक लाभ कमाने की दृष्टि से संचालित नहीं किया जाता था, इन सुविधाओं की आपूर्ति की तंगी तो हो सकती थी, लेकिन उनके मांग की कमी की वजह से अनुपयोगी रह जाने का संकट नहीं हो सकता था। लेकिन, अब जबकि बुनियादी सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा निजीकरण होता जा रहा है, मांग की तंगी से इन सुविधाओं के खाली पड़े रहने का संकट इतना आम हो चुका है कि उसकी तरफ ध्यान तक नहीं जाता है। सरकारी अस्पतालों में भारी भीड़ और निजी अस्पतालों में बैडों की बड़ी संख्या का किसी भी समय खाली पड़े होना, इसी का एक उदाहरण है। एक और इससे भी ताजा उदाहरण मोदी राज में शुरू की गयी नयी वंदे भारत आदि फैंसी ट्रेनों में बढ़ती संख्या में सीटें खाली जाना और साधारण ट्रेनों में भारी भीड़ें रहना है। यहीं से हम विकास के नुमाइशी मॉडल पर आ सकते हैं। नव-उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के तीन दशक के बाद और खासतौर पर नरेंद्र मोदी के राज में, विकास की परिकल्पना से ही जिस तरह से आम जनता को यानी अपनी मेहनत की रोटी खाने वालों को बाहर कर दिया गया है, उसका नतीजा यह है कि जनता का जीवन सुगम बनाने में सीधे निवेश के अर्थ में विकास की जिम्मेदारी से, शासन ने छुट्टी ही प्राप्त कर ली है। ऐसे में विकास का मुख्य अर्थ तो, पूंजीपतियों द्वारा निवेश और शासन का इसके लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक संसाधन थमाना ही रह गया है। फिर भी चूंकि कारपोरेट अब भी पूरी उत्पादक अर्थव्यवस्था संभालने की स्थिति में नहीं हैं, शासन द्वारा बढ़ते पैमाने पर अपने संसाधनों का बुनियादी क्षेत्र में लगाया जाना भी इसका जरूरी हिस्सा है, क्योंकि इससे फौरी तौर पर मेहनतकशों की एक बड़ी संख्या को रोजगार मिलता है और धीरे-धीरे इन सार्वजनिक सुविधाओं को बनाकर निजी क्षेत्रों के हवाले किया जा रहा होता है। इसी की अगली विकृति, नुमाइशी परियोजनाओं के रूप में सामने आती है, जहां विकास का प्रतीक और वास्तव में झूठी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर, ऐसी बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को थोपा जाता है, जिनका न सिर्फ आम लोगों के लिए कोई उपयोग नहीं होता है बल्कि जिनके लिए आम लोगों को, सीधे अपने हित के लिए उपलब्ध संसाधनों में कटौती के रूप में, असह्य कीमत भी चुकानी पड़ती है। नरेंद्र मोदी की बुलेट ट्रेन परियोजना, इस तरह की अकेली परियोजना नहीं है। विमानन से लेकर रेलवे तथा सड़क तक, मोदी राज की ज्यादा से ज्यादा बुनियादी सेवा विस्तार परियोजनाएं और शहरी क्षेत्र सुधार योजनाएं भी, ज्यादा से ज्यादा ऐसी नुमाइशी परियोजनाएं ही बनती जा रही हैं। यह विकास का ही अभिजातकरण है।

## विचार

# केरल के चुनाव सभी पार्टियों के लिए चुनौतीपूर्ण



विपक्ष में एक दशक बिताने के बाद, कांग्रेस पार्टी 2026 के चुनावों से पहले केरल में अपना प्रभाव फिर से हासिल करने की कोशिश कर रही है। सत्तारूढ़ सी.पी.आई. (एम) (माकपा) नियंत्रण बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज कर रही है। वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यू.डी.एफ सत्ता की तलाश में है, जिसे पिछले लोकसभा चुनावों और स्थानीय निकाय चुनावों के मजबूत परिणामों से बल मिला है। आगामी चुनाव एल.डी.एफ की सत्ता बरकरार रखने की क्षमता और यू.डी.एफ की कड़ी चुनौती का परीक्षण करेंगे। 1982 के बाद से, मतदाताओं ने हर 5 साल में बारी-बारी से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एल.डी.एफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यू.डी.एफ) का समर्थन किया है, जिससे किसी भी सरकार को लंबे समय तक सत्ता में रहने से रोका जा सका। हालांकि, 2021 में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व में एल.डी.एफ ने लगातार दूसरा कार्यकाल जीता। दोनों पाष्टयां वर्तमान में मोदी सरकार का विरोध और मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। एन.डी.ए. केरल में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। भाजपा अपना वोट शेयर बढ़ाने और महत्वपूर्ण सीटें जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। राज्य स्तर पर कांग्रेस के अधिकारी आश्वस्त महसूस करते हैं। हालांकि, स्थानीय स्तर पर गंभीर समस्याएं हैं, जो भविष्य के चुनावों में उनकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा प्रमुख राजनीतिक गठबंधन है, जिसे मुख्य रूप से हिंदुओं का समर्थन प्राप्त है। इसके विपरीत, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा अल्पसंख्यक समूहों के समर्थन पर निर्भर करता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उदय ने यू.डी.एफ से कुछ हिंदू वोटों को अपनी ओर खींचा है, जिसमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आई.यू.एम.एल.) और केरल कांग्रेस शामिल हैं, जो लगभग 27 प्रतिशत मुस्लिमों और 18 प्रतिशत ईसाइयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। केरल के 6 जिलों में कम से कम दस 'स्विंग' (अनिश्चित) निर्वाचन क्षेत्र हैं, जो महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पिछले दो विधानसभा चुनावों में, तीनों गठबंधनों को मतदाताओं का लगभग समान समर्थन मिला था। कांग्रेस के भीतर आंतरिक संघर्ष, विशेष रूप से उम्मीदवारों के चयन को लेकर, पार्टी की एकजुटता के महत्व को रेखांकित करते हैं। भले ही सतीशन, चेन्निथला और वेणुगोपाल जैसे नेता विधानसभा चुनावों से पहले एकजुट दिख रहे हों लेकिन वे अभी भी सत्ता के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 2026 के केरल विधानसभा चुनावों में, भाजपा ईसाई मतदाताओं, विशेष रूप से मध्य केरल में, के साथ जुडने की पूरी कोशिश कर रही है। पार्टी स्थानीय समुदायों के साथ जुडने, प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और अपने प्रयासों में वरिष्ठ नेताओं को शामिल करने की योजना बना रही है। उनका लक्ष्य खुद को पारंपरिक यू.डी.एफ गठबंधन के एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश करना है। पार्टी बुनियादी ढांचे, नौकरियों और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) ने स्थानीय चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। यह दर्शाता है कि केरल का राजनीतिक परिदृश्य, जिस पर यू.डी.एफ और एल.डी.एफ का दबदबा रहा है, बदल सकता है। उम्मीदवारों के चयन पर कांग्रेस के भीतर मतभेद, जिसमें टिकट वितरण के बारे में राहुल गांधी की चिंताएं भी शामिल हैं, पार्टी की एकजुटता को कमजोर और मतदाताओं के भरोसे को प्रभावित कर सकते हैं। प्रस्तावित सूची में लगभग 60 प्रतिशत उम्मीदवार लोकसभा सदस्य और पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल से जुड़े हैं। गांधी ने कांग्रेस के भीतर अधिक संगठित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। चुनाव समिति केवल राज्य इकाई के नामांकन पर निर्भर रहने की बजाय जाति समीकरण, जीतने की क्षमता और पिछले चुनावी परिणामों जैसे प्रमुख कारकों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी कार्यकर्त्ता उम्मीदवार सूची में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को लेकर भी चिंतित हैं। जमीनी स्तर पर स्थिति स्पष्ट है। माकपा ने प्रभावी प्रचार और स्पष्ट संगठन के माध्यम से मजबूत प्रगति की है। इसके विपरीत, कांग्रेस को अभी भी अपने सदस्यों को संगठित करने में कठिनाई हो रही है। कुछ लोग जो मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, वे अपने समर्थकों के लिए टिकट सुरक्षित करने हेतु कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वे केवल वफादार कार्यकर्त्ताओं की मदद करने या नए नेता बनाने का काम नहीं कर रहे, वे अपने समूहों को मजबूत करने की भी कोशिश कर रहे हैं। कई शीर्ष नेता अपने वफादार समर्थकों को महत्वपूर्ण पदों पर बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे इसे चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने से पहले समर्थन जुटाने के तरीके के रूप में देखते हैं। सतीशन, चेन्निथला और वेणुगोपाल विधानसभा चुनावों से पहले दुर्लभ एकजुटता दिखा रहे हैं। फिर भी, राजनीतिक नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा स्पष्ट बनी हुई है। 2026 के केरल विधानसभा चुनावों में भाजपा सक्रिय रूप से ईसाई मतदाताओं, विशेष रूप से मध्य केरल के सीरो-मालाबार समुदाय तक पहुंच रही है। स्थानीय स्तर पर जुड़कर, मुद्दा-आधारित अभियान चलाकर और नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय बातचीत की सुविधा प्रदान करके, पार्टी खुद को पारंपरिक यू.डी.एफ गठबंधन के व्यवहार्य विकल्प के रूप में पेश करना चाहती है। हाल के स्थानीय निकाय चुनाव और शुरुआती सर्वेक्षण संकेत देते हैं कि यू.डी.एफ थोड़ा आगे है लेकिन आंतरिक विभाजन का सामना कर रहा है। यदि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के अपने 19 प्रतिशत वोट शेयर को बनाए रखता है, तो उसे 2021 की तुलना में 7 प्रतिशत का लाभ हो सकता है। मुख्य प्रश्न यह है कि क्या यह लाभ एल.डी.एफ के वोटों से होगा या यू.डी.एफ के? ईसाई और मुस्लिम समुदाय किसे वोट देंगे? यू.डी.एफ चुनौतियों का सामना कर रहा है। अनिश्चितता इस बात पर है कि क्या विपक्ष में एक दशक के बाद, कांग्रेस 2026 के चुनावों के लिए वापसी की पटकथा तैयार कर रही है। यह स्पष्ट नहीं है कि वे (मतदाता) कांग्रेस पार्टी की ओर लौटेंगे या एल.डी.एफ के साथ बने रहेंगे, जिसे कुछ लोग भाजपा को चुनौती देने के लिए बेहतर स्थिति में मानते हैं। इन समुदायों के प्रभाव वाली 47 सीटों के परिणाम 2026 के चुनावों का नतीजा तय कर सकते हैं।

## साहित्य



### महिला सुरक्षा का सही रास्ता क्या है?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर बहस कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या महिलाओं को दी गई आधुनिक स्वतंत्रता वास्तव में उनके लिए लाभकारी है या उन्हें शोषण के अधिक जोखिम में डाल रही है। हाल की घटनाओं और उन पर समाज की प्रतिक्रिया को देखते हुए यह बहस फिर तेज हो गई है। कुछ लोग मानते हैं कि महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता ही उनके शोषण का कारण बन रही है, जबकि अन्य इसे एक संकीर्ण और गलत दृष्टिकोण मानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को भावनाओं के बजाय तर्क, तथ्यों और संतुलित दृष्टि से समझा जाए। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना।



# राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**वृषभः-**शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे़गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-**कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्कः-**कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-**किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे़गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-**सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-**विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-**अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# मथे ना माखन होय की ओर बढ़ता देश

इस देश में अल्पसंख्यकों-खास तौर पर मुसलमानों के प्रति घृणा का भाव दूर-दूर और बहुत गहराई तक फैल चुका है। हर उम्र, हर वर्ग और हर लिंग के लोग इस घृणा रोग से पीड़ित दिखाई देते हैं। उनमें अनपढ़ या अर्द्ध शिक्षित तो हैं ही, उच्च शिक्षा प्राप्त भी शामिल हैं। इसका ताजा उदाहरण है बेंगलुरु के पीईएस विश्वविद्यालय में अफ्फान नामक मुस्लिम छात्र को प्राध्यापक डॉ. मुरलीधर देशपांडे द्वारा एक नहीं, बल्कि 13 बार आतंकवादी कहकर संबोधित किया जाना। डॉ. देशपांडे ने कहा, ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ, ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा, और तुम मूर्ख हो, तुम नरक में जाओगे। ये टिप्पणियां भरी कक्षा में अन्य छात्रों के सामने की गईं। अफ्फान का समर्थन करने वाले कुछ छात्रों को कथित तौर पर कक्षा के दौरान बात करने के लिए निलंबित कर दिया गया। प्रोफेसर ने बाद में कॉलेज से माफी मांगी, लेकिन पीड़ित छात्र से नहीं। धार्मिक लेकिन आम तौर पर सांप्रदायिकता से परहेज रखने वाले दक्षिण भारत में यह हुआ, उसके दो दिन बाद राष्ट्रीय राजधानी से सटे गाजियाबाद के ओपुलेंट मॉल में पहनावे के आधार पर भेदभाव का शर्मनाक मामला सामने आया। यहां मॉल प्रबंधन ने मोहम्मद सैफुल्ला नामक दुकानदार को कुर्ता-पायजामा पहनने की वजह से कारोबार करने से रोक दिया। मॉल प्रबंधन का कहना था कि मालिकों ने दाढ़ी और कुर्ता पायजामा पहनकर कारोबार करने वाले सभी लोगों का प्रवेश निषेध किया हुआ है। इसके बाद उनकी दुकान कई दिन बंद रही। दुकान सैफुल्ला के नाम से ली गई थी लेकिन कारोबार उनके छोटे भाई फैज संभालते थे, जो कि धार्मिक रीति रिवाज का पालन करते हुए दाढ़ी रखते हैं और कुर्ता-पायजामा, टोपी पहनते हैं। सैफुल्ला ने इस मामले में पुलिस से गुहार लगाई लेकिन वे अभी तक कार्रवाई का इंतजार ही कर रहे हैं। हाल ही में बनारस में रमजान के दौरान 14 मुस्लिम लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि एक भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि इन्होंने नाव में सवार होकर गंगा में इफ्तार पार्टी की और चिकन बिरयानी खाकर पवित्र जल में हड्डियां फेंक दी। इससे उनकी और अन्य हिन्दुओं की भावनाएं आहत हो गई हैं। इस घटना को मुख्य धारा के टीवी मीडिया ने बहुत जोर-शोर से उछाला। आखिर आहत भावनाओं से टीआरपी कमाने का मौका था। उत्तेजक उद्घोषों-यह खबर देखिए, इसे देखकर आपका भी खून खौल उठेगा के साथ बार-बार यह खबर चलाई गई और कहा गया कि यह सनातन पर हमला है। जाहिर है इसका मकसद धार्मिक उत्तेजना फैलाना और समुदाय विशेष को प्रताड़ित करना ही था, वरना तो गंगा और अन्य पवित्र नदियों को हम सभी जिस तरह प्रदूषित और गंदा कर रहे हैं, वह किसी से छिपा नहीं है। नदियों की सफाई के बहुप्रचारित प्रोजेक्ट तो कभी पूरे होते ही नहीं। ऐसे में सिर्फ मुस्लिम लड़कों को पकड़ना, साफ तौर पर उन्हें निशाने पर लेना ही है। पिछले एक दशक से यही कुछ चल रहा है। शासन, प्रशासन और तथाकथित धार्मिक संगठनों द्वारा लोगों के दिमाग में जहर भरकर मुसलमानों को टारगेट करने, प्रताड़ित और अपमानित करने के मामले इतने हैं कि उनकी केवल फेहरिस्त बनाने पर ही अच्छा-खासा पोथन्ना तैयार हो जाएगा। 2015 में दादरी के एक गांव में अफवाह फैली थी कि अखलाक नामक एक शख्स के घर गौमांस रखा हुआ है। महज इस अफवाह और शक की बिना पर ही लोग उसके घर में घुस गए, उसे बाहर निकाला और फिर भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। यह न पहली घटना थी न आखिरी। तथाकथित गौ रक्षक दल गांव-गांव घूमते हैं, जाने किस अधिकार से वाहनों को रोककर जांच करते हैं। अक्सर झूठी शंका में वाहन मालिक, चालक के साथ मारपीट करते हैं, अगर वह मुसलमान हुआ तो उसकी जान तक लेने पर उतारू हो जाते हैं।

यह बात बहुत आम हो चुकी है कि रामनवमी आदि अवसरों पर गले में केसरिया गमछा डाले, हाथ में केसरिया ध्वज और तलवार वगैरह लिए तथाकथित धर्मरक्षक अपना जुलूस मस्जिद के सामने से निकालते हैं, वह भी डीजे पर नफरत से भरे गाने बजाते हुए। हाल ही में इस तरह के गाने चुनरी यात्राओं और धार्मिक शोभायात्राओं के लिए खासतौर पर बनाए गए हैं, मसलन- हम हिंद के गद्दारों को मिलकर सबक सिखाएंगे, अब ऐसे बाबर की छाती में हम भगवा लहराएंगे। ये धर्मरक्षक मस्जिद पर चढ़कर भगवा झंडा लगाने को बहादुरी समझते हैं। दरअसल, इस तरह मुसलमानों को उकसाया जाता है ताकि वह प्रतिक्रिया करें तो उन्हें और प्रताड़ित किया जा सके। कानून, अदालत सबूत जुटाए, फैसला करें उसके पहले ही विध्वंस की कार्रवाई हो चुकी होती है। अदालती प्रक्रिया के बगैर ऐसा करना इंसाफ है या पाप- यह थोड़ा भी दिमाग दौड़ाने पर समझा जा सकता है। इस नफरत को संस्थागत करने की कोशिश की जा रही है, तरह-तरह के कानून बनाकर। जैसे कांवड़ यात्रा के रास्ते पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेम प्लेट लगाने का आदेश, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हमने देखा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान बहुत से स्वयंसेवक हाथ में पवित्र जल के पात्र के बजाय लाठी लिए, गले में केसरिया गमछा लटका कर घूमे और दुकान-दुकान जाकर देखा कि कोई ठेले वाला या दुकान वाला मुस्लिम हो और उसने अपनी नेम प्लेट न लगाई हो। कुछ जगह तो यात्रा मार्ग में पड़ने वाली मस्जिदों-मजारों पर पर्दा लगाकर उन्हें ढंका गया। गोया उन पर नजर पड़ने भर से धर्म भ्रष्ट हो जाएगा! इस बीच भगवाधारियों ने तोड़फोड़ भी की, लेकिन खबरिया चौनलों ने बताया कि कांवड़िए अपनी आहत भावनाओं का बदला ले रहे हैं। लव जिहाद, थूक जिहाद, जमीन जिहाद, नौकरी जिहाद, ये जिहाद, वो जिहाद जैसे कई नव आविष्कृत शब्द हमारी शब्दावली में घुसा दिए गए। कोरोना के वक्त यह बात जोर-शोर से उठाई गई कि देश में बीमारी फैलाने के लिए मुस्लिम जान करके खाने की चीजों पर थूकते हैं। इसे थूक जिहाद बताया गया। हद तो यह है कि बड़ी संख्या में हिन्दुओं ने इस दुष्प्रचार पर विश्वास किया और मुसलमानों को दोगुनी नफरत से देखा, अलग-थलग किया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### इनायतपुर प्रा.वि. में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह संपन्न



**सण्डीला/हरदोई।** प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर, विकास क्षेत्र बेहंदर जनपद हरदोई में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया, जिसमें लगभग सभी अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड के साथ पुरस्कार भी वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अभिभावकों की ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश कुमार द्विवेदी ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सम्मानित जनों से आगामी 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहे नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक सीटू वर्मा, स्नेहिल गुप्ता, उच्च प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर के इंचार्ज अध्यापक शेखर गुप्ता एवं अजय कुमार अस्थाना सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं अभिभावकों में पप्पू मौर्य, महिपाल, सुनीता, रेखा देवी, आरती और अंजना ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### किशोरी के दुष्कर्मी को दस वर्ष की सख्त कैद और जुर्माना

**हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली में 2015 में किशोरी के साथ दुष्कर्म किये जाने के मामले में दस वर्ष बाद विशेष पास्को एक्ट न्यायालय ने 31 मार्च को आरोपी को दस वर्ष का कठोर कारावास और बीस हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

प्राप्त विवरण में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में 31 मार्च को विशेष न्यायाधीश पॉक्सों एक्ट द्वारा किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में घटना के दस वर्ष बाद पॉक्सों एक्ट में आरोपी रंजीत पुत्र तौले उर्फ तुलाराम को दस वर्ष का कठिन कारावास व बीस हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### दो दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई तीन लोगों की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**हरपालपुर, हरदोई।** गुरुवार को कटरा-बिल्हौर हाईवे पर ककरा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ईसेपुर गांव निवासी मोनू (30 वर्ष) अपनी पत्नी नीलम (28 वर्ष) और 10 वर्षीय बेटी लक्ष्मी के साथ गुरुवार की शाम को मोटरसाइकिल से सांडी दवा लेने जा रहे थे। ककरा दूध प्लांट के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक कंटेनर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोनू,नीलम और उनकी बेटी लक्ष्मी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। दुर्घटना में उनकी मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक कंटेनर लेकर मौके से फरार हो गया था। मृतक मोनू के भाई अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### वर्ष भर मेहनत का सार्थक परिणाम परीक्षाफल में मिलता है: पुनीत



**जालौन (उरई)।** महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मेधावियों को शील्ड व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि बच्चा वर्ष भर मेहनत करता है। इसका सार्थक परिणाम मिलने पर उन्हें खुशी मिलती है। भाजपा जिला महामंत्री धीरज बाथम ने कहा कि जो बच्चे स्थान प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वह निराश न हों। बल्कि आगे के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और अभी से तैयारी में जुट जाएं। अंजनी दुबे ने कहा कि सफलता निश्चित ही उत्साहवर्धन करने वाली होती है। सभी छात्रों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है। इस दौरान प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत ने परीक्षाफल की घोषणा करते हुए बताया कि प्राइमरी वर्ग में श्रृद्धा, जुनियर वर्ग में अंश गुप्ता और सीनियर वर्ग में गौरी गुप्ता ने विद्यालय टॉप किया है। कक्षा पीजी में परी शिवहरे, नर्सरनी में डोली, एक में हिमांशु, दो में श्रृद्धा व आयत मंसूरी, तीन में अमन तोमर, चार में प्रभात व माधव, पांच में कुशल प्रताप व आयत, छह में सुधांशु व आतिफ सात में दिव्यांशु व अनन्या पाल, आठ में अंश गुप्ता व राधिका, नौ में रूस्तम सिंह भदौरिया व गौरी गुप्ता, कक्षा 11 में आशिता राठौर ने बाजी मार है। सभी मेधावियों को प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने शील्ड व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर धीरज गुंप्ता, मानसिंह चौहान, राजेश प्रजापति, केके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसान ने पेड़ से फांसी लगायी



**कदौरा (जालौन)।** किसान करन पाल सिंह (52वर्ष) ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना देर रात की है, जब किसान ने अपने घर के पास लगे पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर जीवन समाप्त कर लिया। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी होने पर चीख मच गई। मृतक पिछले काफी समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, जिससे वह मानसिक तनाव में था। मृतक के परिवार में पत्नी शकुंतला चार पुत्र रामखिलावन (30), रवि (28), अवधेश (26), अशोक (24) तथा एक बेटी सीता (12 वर्ष) हैं। चारों बेटे बाहर रहके मजदूरी करते हैं, पत्नी और बेटी के बाथ मृतक घर रहता था। फांसी की सूचना मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी प्रभात सिंह ने बताया कि फांसी की सूचना प्राप्त हुई थी, मौके पर पहुंचकर फारेंसिक टीम ने जांच की है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### यूपीएससी परीक्षा उतीर्ण कर हस्सान खान ने दिया प्रेरणा भरा संदेश




**उरई (जालौन)।** अपने छात्र जीवन के स्कूल एफएफमेमोरियल शिक्षण संस्थान पहुंचने पर यादें हुईं ताजा, साथ ही वार्षिकोत्सव के अवसर पर अध्ययनरत रैंकर छात्रों को अपने हाथो से दिया ट्रॉफी व प्रेरणा भरा संदेश। शहर के होनहार बेटे हस्सान खान जिन्होंने यूपीएससी 2025 में आल इण्डिया 95वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनकर जनपद का नाम रोशन किया, उनके ही प्राथमिक विद्यालय एफएफ मेमोरियल शिक्षण संस्थान उरई में भावुक माहौल के बीच सम्मान किया गया। जिस विद्यालय में बैठकर उन्होंने कभी बड़े सपने देखे थे, उसी परिसर में कदम रखते ही पुरानी यादें ताजा हो गईं। शिक्षकों की आंखों में गर्व और छात्रों के चेहरों पर प्रेरणा की चमक साफदिखाई दी। सम्मान समारोह के दौरान मुहम्मद शादाब बेग ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर तालियों की तड़तड़ाहत से गूंज उठा। इस मौके पर हस्सान खान ने कहा कि यही वह जगह है, जहां से मेरे सपनों ने उड़ान भरी थी। आज यहां लौटकर जो सम्मान और स्नेह मिला है, वह मेरे लिए बेहद खास है। उनके शब्दों ने छात्रों को गहराई से प्रेरित किया। कार्यक्रम के बाद छात्रों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने भी अपने सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक मुहम्मद ऐजाज ने संचालन किया इस अवसर पर हाजी मुबीन, उस्मान, डॉव उमेश चंद्र मिश्रा, आफ्ताब आलम, समाजसेवी अलीम सर एवं शांतिस्वरूप माहेश्वरी सहित तमाम अभिभावकगण मौजूद रहे एवं उनका माला पहना कर सम्मानित किया ।

# विधायक सण्डीला की मौजूदगी में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

**सण्डीला/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक भरावन में ग्राम प्रधानों, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए आयोजित ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अलका सिंह अर्कवंशी विधायक संडीला को सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया एवं विज्ञान प्रदर्शनी एवं स्टॉल का भी अवलोकन कर उत्साहवर्धन की। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता में सतत उन्नयन, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों, सामुदायिक सहभागिता की सुदृढ़ भूमिका एवं विद्यालयों के समग्र एवं समावेशी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा हुआ। उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साह, कर्तव्यनिष्ठा एवं शिक्षा के प्रति समर्पण अत्यंत प्रेरणादायक रहा, जो निश्चित रूप से भावी पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आइए, हम सभी मिलकर ज्ञान, संस्कार और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त, जागरूक एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहें।

# गैंगस्टर का वांछित आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरदोई/टड़ियावां।** टड़ियाँवा पुलिस ने थाना छेत्र से वांछित चल रहे गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 27 फ़रवरी को थाना प्रभारी टड़ियावां द्वारा अजीम मंसूरी पुत्र रहीम बक्श निवासी ग्राम व थाना टड़ियावां सहित कुल 03 लोगों के विरुद्ध आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से संगठित रुप से गिरोह बनाकर अनुचित रूप से आर्थिक, भौतिक लाभ जैसे जघन्य अपराध करने/समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर थाना टड़ियावां पर आरोपियों के विरुद्ध गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 पंजीकृत किया गया था। थाना टड़ियावां के प्रभारी कुलदीप सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी अजीम मंसूरी पुत्र रहीम बक्श को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**INFORMATION**

I hitherto known as Rajnesh S/O Nathu Singh R/O: Ghatiyaghat, near ganga fillig station, bhagua nagla District: Farrukhabad State: Uttar Pradesh PIN Code: 209601, have changed my name and shall hereafter be Amit Kumar.

**Amit Kumar S/O Nathu Singh P/O: Ghatiyaghat, near ganga fillig station, bhagua nagla District: FarrukhabadState: Uttar Pradesh PIN Code: 209601**

# पांच नामजद सहित करीब पचास अज्ञात पर दर्ज हुई रिपोर्ट

- जेल से रिहाई के बाद शहर में जश्न मनाना और भाषणबाजी करना पड़ा भारी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी का वीडीओ वायरल होने के मामले में आरोपी सपा नेता द्वारा जमानत पर जेल से छूटने पर सड़क जाम और भाषण बाजी करने में हरदोई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यदुनंद लाल वर्मा, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रितेश पासी समेत पांच नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हाल ही में एक नेता की जेल से रिहाई के बाद उनके समर्थकों द्वारा शहर में जुलूस जैसा माहौल बनाया गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई और सार्वजनिक स्थानों पर भाषणबाजी भी हुई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बिना अनुमति इस तरह का आयोजन किया गया।मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित किया, लेकिन घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच के बाद यदुनंद लाल वर्मा, रितेश पासी सहित पांच लोगों को नामजद करते हुए करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने सार्वजनिक शांति भंग करने, बिना अनुमति भीड़ एकत्र करने और उकसावे वाली गतिविधियों में हिस्सा लिया। अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के आयोजन से पहले प्रशासन की अनुमति अवश्य लें और कानून का पालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी सेवा में सेवा निवृत एक सतत प्रक्रियाः अंकित मिश्रा

- सेवानिवृत हुए तीन पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

**हरदोई, समृद्धि न्यूज**



पुलिस कार्यालय में मंगलवार को छह पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीयों के सेवा निवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।सीओ नगर अंकित मिश्रा ने सेवा निवृत पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीओ श्री मिश्रा ने कहा सरकारी सेवा में सेवा निवृत होना एक सतत प्रक्रिया होती है।उन्होंने शनिवार को सेवानिवृत्त हुए उ.नि. रामचंद्र, फॉलोअर रमेश बाजपेई और चालक कबीर अहमद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया सभी अधिकारी व कर्मचारीयों को शॉल व गीता भेंट कर उनके निःस्वार्थ सेवा और मेहनत के लिये हरदोई पुलिस की तरफ से धन्यवाद दिया। इस दौरान सभी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों के पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे।सीओ श्री मिश्रा ने कहा सेवा निवृत हुए सभी कर्मचारियों ने अपनी सरकारी सेवा में अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन किया।वह इसके लिए बधाई के पात्र हैं। सेवा निवृत के बाद उनके उज्जवल भविष्य और सुखमय जीवन के लिए उन्हें शुभ कामनाएं दीं।

### बन्द मकान में चोरी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हरपालपुर, हरदोई।** कस्बे में तीर्थ यात्रा पर गए एक परिवार के घर हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने तीन सगे परिवारी जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी शिवपाल सिंह ने अपने ही करीबियों पर जेवरात पार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, जब वह परिवार सहित पूर्णगिरी देवी के दर्शन करने गए थे, तभी पीछे से घर के बक्सों के कुंडे काटकर दो सोने के हार, दो मंगलसूत्र, 8 अंगूठियां, 4 चूड़ियां और अन्य आभूषण चोरी कर लिए गए। पीड़ित ने तहरीर में स्पष्ट रूप से अपने पुत्र अनुराग सहित दो पारिवारिक जनों पर शक जताया है, जिनका घर में लगातार आना-जाना था। पुलिस ने शिवपाल की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# समयबद्ध पठन पाठन एवं सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें: अशोक

- एसआर पब्लिक स्कूल उरई में वार्षिक परीक्षा परिणाम का वितरण समारोह आयोजित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




मंगलवार को कालपी रोड, उरई स्थित अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई विद्यालय एसआर पब्लिक स्कूल में शिशु कक्षा से लेकर कक्षा 11वीं तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत आख्या के साथ किया गया, जिसमें उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार राठौर ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार साधना के लिए साधनों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समयबद्ध पठन-पाठन, सोशल मीडिया का सीमित एवं सकारात्मक उपयोग तथा स्वाध्याय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसमें विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिससे बच्चे सही दिशा में आगे बढ़कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर सकें। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर, कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में वर्ष भर आयोजित विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं खेल प्रतियोगिताओं जैसे कबड्डी, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शॉटपुट, जैवलिन तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अभिभावक मुन्ना लाल चंसौलिया ने की। अंत में विद्यालय के चेयरपर्सन रमाकांत द्विवेदी ने सभी उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य राघव गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक एम. एच. खान एवं रमेश चन्द्र प्रजापति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा, जिसके लिए अंत में विद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार राठौर ने सभी का उत्साहवर्धन किया।

# 'स्मार्ट मीटर, स्मार्ट उपभोक्ता, स्मार्ट जालौन के लक्ष्य से उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं'

- रीयल-टाइम खपत, आसान रिचार्ज और 2 प्रतिशत छूट के साथ नई व्यवस्था लागू
- घर बैठे रिचार्ज की सुविधा, बीसी सखी व विभाग में विशेष काउंटरों से भी आसान भुगतान व्यवस्था

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को लेकर प्रेस ब्रीफिंग आयोजित की गई, जिसमें विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर प्रणाली की विशेषताओं, लाभों एवं उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक जानकारियों को विस्तार से साझा किया गया। प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक आधुनिक तकनीक आधारित प्रणाली है, जो उपभोक्ताओं को रीयल-टाइम में बिजली खपत एवं भुगतान की जानकारी उपलब्ध कराती है। यह मीटर प्रीपेड मोड पर कार्य करता है, जिसमें मोबाइल फोन की तरह रिचार्ज कर बिजली का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही, यह मीटर सटीकता, डेटा सुरक्षा एवं सौर ऊर्जा (सोलर) के लिए भी पूर्णतः तैयार है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी नए कनेक्शनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य किए जा रहे हैं तथा पुराने मीटरों को भी चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को अनेक लाभ प्राप्त होंगे, जिनमें बिजली खपत की दैनिक एवं प्रति घंटे निगरानी, सटीक एवं पारदर्शी बिलिंग, कम बैलेंस की पूर्व सूचना, ऑटोमैटिक रीकनेक्शन तथा प्रीपेड पर 2 प्रतिशत की छूट शामिल है। साथ ही, पहले जमा सुरक्षा धनराशि को उपभोक्ताओं के खाते में समायोजित अथवा क्रेडिट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ता यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप के माध्यम से घर बैठे बिजली उपयोग की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा यूपीआई, पीटीएम, जीपेय आदि माध्यमों से आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करने, रिचार्ज इतिहास देखने एवं मासिक विवरण प्राप्त करने की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर, स्मार्ट उपभोक्ता, स्मार्ट जालौन के लक्ष्य के तहत उपभोक्ताओं को अधिकतम सुविधा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता योगेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता प्रथम जितेंद्र नाथ, अधिशासी अभियंत महेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांक-493/न0पं0खिम0/2025-26 दिनांक 30/03/2026

**निर्माण और विध्वन्स कचरा (C&D Waste) से सम्बन्धित सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निर्माण और विध्वन्स कचरा (C&D Waste) से निकली सामग्री के निस्तारण हेतु हेल्पलाइन नम्बर 1533/14420 या नगर पंचायत द्वारा निर्धारित मोबाइल नं0 6389507189 है। उक्त कार्य हेतु नगर पंचायत का वाहन सं0-01 निर्धारित है। उपरोक्त विज्ञप्ती जारी होने के पश्चात नगर पंचायत सीमान्तर्गत यदि कोई व्यक्ति खुले में निर्माण और विध्वन्स कचरा (C&D Waste) से सम्बन्धित सामग्री खुले रास्ते मार्ग पर एकत्र करता हैए तो उस पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)** **(पुष्पराज सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0** **नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांक-494/न0पं0खिम0/2025-26 दिनांक 30/03/2026

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि माननीय उच्चतम न्यायालय/मा0 एन0जी0टी0 न्यायालय द्वारा पॉलिथीन के प्रयोग, भण्डारण, उत्पादन पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया गया है। शासन के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 02 अक्टूबर 2018 से नगर में पॉलिथीन प्लास्टिक का थर्माकोल से निर्मित ग्लॉस, पत्तल तथा दोने आदि सभी को पूर्णतः प्रतिबन्ध किया जाता है। उ0प्र0 प्रशासन द्वारा पॉलिथीन की बिक्री/उपयोग/भण्डारण किये जाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक सेवा उत्पादों के क्रय-विक्रय, भण्डारण आदि पर निम्नवत् आर्थिक दण्ड की व्यवस्था की गई है।

| क्र0सं0 (क) | प्रतिषिद्ध श्रेणी के निस्तारण योग्य पॉलीथिन कैरी बैगों, प्लास्टिक और थर्माकोल वस्तुओं की मात्रा | आर्थिक दण्ड |
|---|---|---|
| 1 | 100 ग्राम तक | 1000 रु0 |
| 2 | 101-500 ग्राम तक | 2000 रु0 |
| 3 | 501 ग्राम-1 कि0ग्रा0 | 5000 रु0 |
| 4 | 1 कि.ग्रा.-5 कि.ग्रा. | 10000 रु0 |
| 5 | 5 कि.ग्रा. से अधिक | 25000 रु0 |
| (ख) | किसी संस्था/वाणिज्यिक संस्था/वाणिज्यिक प्रतिष्ठान/शैक्षिक संस्थाओं/ कार्यालयों/होटलों/दुकानों/रेस्तराओं/मिष्ठान दुकानों/ढाबों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों/भोजन कक्षों आदि द्वारा परिसर के अन्तर्गत और सडकों, मार्गों, नालों, नदियों, झीलों, तालाबों, वन क्षेत्रों, सार्वजनिक पार्को समस्त सार्वजनिक स्थलों आदि पर प्लास्टिक अपशिष्ट का फेंका जाना। | 25000 रु0 |
| (ग) | व्यक्तियों द्वारा निजी या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों यथा शैक्षिक सस्थाओं/कार्यालयों/होटलों/दुकानों/ रेस्तराओं/मिष्ठान दुकानों/ढाबों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों/भोजन कक्षों आदि में और सडकों मार्गों, नदियों, झीलों, सार्वजनिक पार्को, वन क्षेत्रों और समस्त सार्वजनिक स्थानों आदि पर प्लास्टिक अपशिष्ट का फेंका जाना। | 1000 रु0 |

यदि कोई व्यक्ति पॉलिथीन का प्रयोग करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)** **(पुष्पराज सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0** **नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांक-497/न0पं0खिम0/2025-26 दिनांक 30/03/2026

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैए कि नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 01 से 16 समस्त वार्डो को खुले में शौचमुक्त **ODF** (ओ0डी0एफ0) किया जा चुका है। नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से मानकों अनुरूप निकाय के समस्त 1-16 वार्डो को खुले में शौच से मुक्त **ODF** (ओ0डी0एफ0) किया जा चुका है। इस आशय का प्रयास शासन को प्रेषित किया जाना है, कि नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के वार्ड 01 से 16 को खुले में शौच से मुक्त **ODF** (ओ0डी0एफ0) से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति/सामाजिक संस्था को किसी भी वार्ड में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह इस विज्ञसि के जारी होने के 03 दिवस के अन्तर्गत कार्यालय नगर पंचायत खिनसेपुर में किसी भी कार्यशील दिवस में लिखित रूप से अपनी आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति/सुझाव स्वीकार्य नहीं होंगे।

| क्र0 सं0 | वार्ड संख्या | वार्ड का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | अम्बेडकर नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 2 | 2 | सन्त रविदास नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 3 | 3 | महारानी लक्ष्मीबाई नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 4 | 4 | पं0 दीनदयाल नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 5 | 5 | राव उदित नारायण नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 6 | 6 | विद्यावती नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 7 | 7 | शिवाजी नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 8 | 8 | अवन्तीबाई नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 9 | 9 | अहिल्याबाई नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 10 | 10 | गंगा नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 11 | 11 | सुभाष नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 12 | 12 | महाराणा प्रताप नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 13 | 13 | केशव नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 14 | 14 | अशोक नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 15 | 15 | लोहिया नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |
| 16 | 16 | परशुराम नगर | खुले में शौच मुक्त किया जा चुका है। ODF |

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)** **(पुष्पराज सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0** **नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांक-492/न0पं0खिम0/2025-26 दिनांक 30/03/2026

**नगर पंचायत खिमसेपुर सीमान्तर्गत फिकल स्लज सेप्टिक टैंक से निकलने वाली गन्दगी से सम्बन्धित सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत खिमसेपुर की सीमान्तर्गत किसी भी स्थान पर फिकल स्लज/सेप्टिक टैंक से निकलने वाली गन्दगी को खुले में या किसी भी स्थान पर डालना पूर्णतयाः प्रतिबन्धित है। यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था फिकल स्लज को खुले में या किसी भी स्थान पर डालते हुए पाया जाता है तो उस व्यक्ति/संस्था पर नगर पंचायत द्वारा 5000/-रुपए का जुर्माना आरोपित किया जायेगा। नगर पंचायत खिमसेपुर सीमान्तर्गत यदि कोई सीवर टैंक की सफाई करने वाली आदि कोई संस्था/व्यक्ति है, तो वह नगर पंचायत खिमसेपुर में अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करे।

नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा फिकल स्लज (सेप्टिक टैंक से निकलने गली गन्दगी को साफ करने की सुविधा दी जा रही है, जिसके लिए आप हेल्पलाइन नम्बर 1533/14420 अथवा कार्यालय के 6389507189 पर सम्पर्क कर सकते हैं। निकाला गया फिकल स्लज (सेप्टिक टैंक से निकलने वाली गन्दगी) अनुबन्धित संस्था के एफ0एस0टी0पी0 पर उचित निस्तारण के लिए भेजा जायेगा। जिसका प्रति टैंकर रू0 2500/- प्रति टैंकर नगर पंचायत खिमसेपुर में जमा कराना होगा।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)** **(पुष्पराज सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0** **नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

# स्वास्थ्य-स्वावलबन के लिए छात्रों को किया जागरूक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड,आयुष मंत्रालय भारत सरकार से प्रायोजित बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा जिले में 10 स्कूल व कालेजों में हर्बल गार्डन स्थापित किया जा रहा है। इंटर कॉलेजों व डिग्री कालेजो में 25 प्रकार के औषधीय पौधों का गार्डन लगाकर उन पौधों का उपयोग की जानकारी देकर छात्रों व अभिभावकों में आयुष आधारित स्वास्थ्य स्वावलंबन की जागरूकता प्रदान कीज रही है। आयुष जागरूकता अभियान के क्रम में वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ज्योरी मसौली में प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने औषधीय पौधों की उपयोगिता के साथ ही आयुष आधारित स्वास्थ्य स्वावलंबन की जानकारी प्रदान की। डॉ अवस्थी ने कहा कि हमारा प्राथमिक स्वास्थ्य प्रबंधन आयुर्वेद व जड़ी बूटियां पर आधारित होना चाहिए जिससे हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वावलम्बी हो सके। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद आयु का विज्ञान है और यह विज्ञान हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति औषधिय पौधों जड़ी बूटियों पर आधारित थी। आज वही



औषधिय पौधों का गार्डन संस्था द्वारा स्कूलों व कॉलेज में स्थापित किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस को आयुष आधारित स्वास्थ्य स्वावलंबन बढ़ सके। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक डॉक्टर विनय कुमार दास ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा की फार्मा इंडस्ट्री के चक्रव्यूह में फंसा समाज अपनी पुरानी चिकित्सा पद्धति भूलता जा रहा है। जिसे अब अपनाने की जरूरत है। साहित्यकार व लेखक डॉ श्याम सुंदर दीक्षित ने भी छात्रों को आयुष आधारित स्वास्थ्य स्वालंबन के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता द्वारा किया गया।

संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने औषधिय पौधों की उपयोगिता तथा उनकी उपलब्धता के बारे में बताया। कौन सा पौधा किस काम में उपयोग किया जाता है इसका एक बड़ा सा पोस्टर व बैनर कॉलेज में उपलब्ध कराया वही महाविद्यालय के समन्वयक डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में भाग लेने वाले 50 छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## ट्रेन में चढ़ते समय गिरा युवक, मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर दर्दनाक हादसे में एक युवक की ट्रेन में चढ़ते समय गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के पिछूती कोट गांव निवासी शिवम सिंह उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शिवम अपनी भाभी और उनके चार वर्षीय जुड़वा बच्चों के साथ लखनऊ दवा लेने जा रहे थे। वह तड़के करीब 4 बजे अपनी मौसी के घर से इलाज के लिए निकले थे। सुबह लगभग 5 बजे सुल्तानपुर से मुंबई जाने वाली लोकमान्य तिलक ट्रेन में चढ़ते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच गिर गए। बताया जा रहा है कि शिवम ने पहले दोनों बच्चों को सुरक्षित ट्रेन में चढ़ा दिया था और अपनी भाभी को चढ़ाने का प्रयास कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के तुरंत बाद रेलवे सुरक्षा बल ने उन्हें बाहर निकालकर जगदीशपुर स्थित ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# मिशन शक्ति 5.0 में "बाल विवाह को न" जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बाल विवाह को न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के विषय में जानकारी दे गई। साथ ही उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने तथा 1090, 181, 1098, 112, 102, 108, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जानकारी भी



प्रदान की गई। उनको बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बनाना है, ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता की जागरूकता हेतु सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एच.ई.डब्लू. से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह एवं जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, विकास पटेल और महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

## फोटोग्राफर एसोसिएशन ने सिद्ध किया कि संगठन होता है पिता तुल्य



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय आदित्य स्टूडियो के संचालक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं फोटो ग्राफर एसोसिएशन के कर्मठ पदाधिकारी जिला सचिव संजीव कुमार ने बताया कि विगत दिनों सरबनियन का पुरवा पयागपुर,गदागंज रायबरेली निवासी फोटो ग्राफर पंचमपाल का रोड ऐक्सिडेंट हो गया था जिसका संज्ञान लेते हुए फोटो ग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने अपने संगठन के सदस्य पंचमपाल की आर्थिक मदद का वीणा उठाया तथा इलाज हेतु संगठन ने मदद की पहली किश्त पीड़ित को सौंपी इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों में नीरज प्रजापति, अजीत, संजीव कुमार, इंद्रेश कुमार,सौरभ बघेल,कुंतल प्रजापति, संदीप मौर्य, सुमित,लक्ष्मी, श्याम ,लवी,सोहन,करन, यश आदि स्टूडियो संचालकों के साथ ही अरुण,सुभेन्द्र आदि स्टूडियो संचालक मौके पर उपस्थित रहे।

## एसबीएस पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

गंगागंज कस्बा स्थित एस बी एस पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम आज गरिमामय वातावरण में वितरित किए गए। कार्यक्रम पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपप्रबंधक अखिलेश चरण सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात् अमरेश तिवारी ने विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक पूज्य बाबू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। दीप प्रज्वलन विद्यालय के लेखा पर्यवेक्षक श्री गुरू प्रसाद सोनकर ने किया। इस पवित्र अनुष्ठान से पूरे परिसर में सकारात्मक और प्रेरणादायक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र



चौधरी जी ने की। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही, वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले हाउसों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य माता प्रसाद वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। उन्होंने छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया और मेहनत से सफलता हासिल करने का संदेश दिया। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम पूरे विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ के लिए यादगार रहा। एस बी एस पब्लिक स्कूल गंगागंज (नर्सरी से 8वीं तक, इंग्लिश मीडियम) शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नियम ताख पर रखकर हो रहा सड़क का निर्माण

**सिद्धौर, बाराबंकी।** विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सारे मानकों को ताक पर रख सड़क का निर्माण कार्य कराए जाने से सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है । क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है प्रांतीय खंड लोकनिर्माण विभाग बाराबंकी द्वारा वर्तमान समय में हैदरगढ़ - भिटरिया मार्ग से भठिया गांव तक करीब 10 लाख की लागत से 1.65 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार द्वारा सारे मानकों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है ।बिना सही से सफाई के ही पुरानी सड़क पर कार्य शुरू करवा दिया गया । मानक के अनुरूप डामर का प्रयोग न कर नाममात्र के लिए डामर का प्रयोग किया जा रहा है। जीरा गिट्टी के स्थान पर डस्ट का ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है। जीरा गिट्टी का मोटा लेयर न किए जाने से सड़क का सरफेस सही नहीं है ।जिससे इस पर चलने वाले वाहन हिचकोले खा रहे हैं ।क्रस्ट भी नहीं मिल रही है ।मनमाने ढंग से सड़क निर्माण कार्य होने से क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है । क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य करवाकर सरकार को लाखों का चूना लगा रहा है ।रोड सरफेस सही न होने से बरसात में पानी रुकने पर सड़क की गिट्टियां उखड़ कर सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाएंगी ।लोगों ने उच्चाधिकारियों से सड़क निर्माण की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## प्राथमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव में परीक्षा फल वितरित



**सलोन रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार विकासखंड सलोन के प्रधानाध्यापक मोहम्मद वसीम के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें परीक्षा फल वितरण के साथ विदाई किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष संजू देवी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक मो. वसीम ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से स्कूल चलो अभियान 2026-27 के उपलक्ष्य में अनुरोध करते हुए कहा कि बच्चों को आगामी नवीन सत्र में नियमित विद्यालय भेज कर शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय में आयु वर्ग 6 से 14 वर्ष के बच्चों का नामांकन कराकर निशुल्क पाठ्य पुस्तक,मध्यान्ह भोजन योजना, डीबीटी आदि का लाभ लें। नवीन सत्र में विद्यालय में खेलकूद सामग्री पुस्तकालय आदि व्यवस्थित करा लिया गया है। नए प्रवेश आगामी 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे हैं।पहले आओ पहले पाओ के तहत नामांकन कराकर सरकार की योजना का बढ़ चढ़कर लाभ प्राप्त करें। बच्चों को फूलमाला पहनाकर मिष्ठान वितरण किया गया। साथ ही कक्षा 5 के उत्तीर्ण बच्चों को इस संकल्प के साथ की आगामी सत्र में किसी भी शासकीय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन अवश्य करेंगे भावभीनी विदाई दी गई।इस मौके पर सहायक अध्यापक सैय्यद साजिद अली जैदी, बीना,बबली गुप्ता,अजय सिंह,कृष्णा देवी,पंकज कुमारी,राम सागर,लालता प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा से ही देश और समाज का उत्थान संभवः सुनील सिंह

### पोखरा स्थित हेलो किड्स एमवीएच प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के पोखरा स्थित हेलो किड्स एम वी एच प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सामने लाने का एक मंच है। ऐसे आयोजनो से बच्चों को आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता हैं। शिक्षा के माध्यम से ही देश और समाज का उत्थान संभव है,



और देश की उन्नति का भार भावी पीढ़ी के कंधों पर है। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया।

प्रतिभाशाली बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। प्रबंधक सूरज तिवारी द्वारा आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रिंसिपल सुषमा शुक्ला राहुल दीक्षित भीम प्रताप सिंह दिव्यांश शुक्ला सेंटर कोऑर्डिनेटर अग्रिम सिंह अध्यापिका कल्पना अवस्थी अनन्या सिंह अंशिका सिंह चौहान कविता सिंह मुस्कान सिंह साक्षी बाजपेई कांति यादव पुष्पा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बबलू राजभर की हत्या का मामला गरमाया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र में आइसक्रीम विक्रेता बब्लू राजभर की हत्या का मामला गरमा गया है। मंगलवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बब्लू राजभर की तीन दिन पहले गला काटकर हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोपी फिलहाल जेल में बंद है। कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने मृतक की पत्नी चंदमुनी और पिता पूर्णमासी से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर भी सवाल-जवाब किए। कैबिनेट मंत्री राजभर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

## भीषण आग से गेहूं की फसल खाक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर उस समय खेतों में मची तबाही देखने को मिली जब भीषण आग से जलकर कई बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गेहूं के खेत में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कई बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद पीड़ित किसान का बुरा हाल है, उसकी मेहनत की पूरी कमाई फसल कुछ ही देर में बर्बाद हो गई। वहीं गांव के लोग मौके पर जुटकर आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## भाजपा की विकास पुस्तिकाएं कूड़े में मिलने से हड़कंप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकासखंड खैराबाद परिसर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रकाशित विकास कार्यों से संबंधित पुस्तिकाएं कूड़े के ढेर में पड़ी हुई मिली हैं। ये पुस्तिकाएं आम जनता को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के उद्देश्य से छपवाई गई थीं, लेकिन उनका इस तरह कूड़े में फेंका जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

बताया जा रहा है कि इन पुस्तिकाओं पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र भी छपे हुए हैं। ऐसे में इनका कूड़े में पड़ा मिलना न केवल सरकारी संसाधनों की बर्बादी माना जा रहा है,



बल्कि इसे शीर्ष नेतृत्व के चित्रों के अपमान के रूप में भी देखा जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विकासखंड खैराबाद के प्रांगण में स्थित सचिव सचिव के कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में ये पुस्तिकाएं बिखरी पड़ी थीं। कुछ पुस्तिकाएं फटी हुई हालत में थीं, जबकि कई कूड़े के ढेर में दब गई थीं। स्थानीय लोगों और वहां आने-जाने वाले नागरिकों ने जब यह दृश्य देखा तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर इस तरह की सामग्री छपवाई जाती है, लेकिन यदि वही सामग्री जिम्मेदार लोगों द्वारा कूड़े में फेंक दी जाए तो यह बेहद गंभीर लापरवाही है। लोगों ने इस पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, इस घटना के बाद ब्लॉक परिसर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। हालांकि, अभी तक इस संबंध में किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को किस तरह संज्ञान में लेकर जांच करता है और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

## प्रभारी मंत्री के आदेश पर भी डीपीआरओ ने नहीं की कार्यवाही

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

राज्यमंत्री, संसदीय काय, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण उ0प्र0 शासन जो जनपद सीतापुर के प्रभारी मंत्री हैं, के द्वारा पत्र सं0 45 दिनांक 02-02-2023 के साथ रीता सिंह ब्लाक प्रमुख विकास खण्ड ऐलिया का शिकायती पत्र जॉच हेतु जिलाधिकारी सीतापुर को प्रेषित किया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि पूर्व ब्लाक प्रमुख के कार्यकाल वर्ष 2020-21 में मे0 देव बिल्डर्स जगना द्वारा कराये गये कार्यों की जॉच कराई जाय क्योंकि बिना कार्य कराये भुगतान हेतु दबाव बनाया जा रहा है। तत्कम में मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को पत्र



सं0 453 दिनांक 13-02-2023 द्वारा जाँच कराने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर के पत्र सं0 3162 दिनांक 13 फरवरी, 2023 द्वारा जाँच करके आक्ष्या प्रस्तुत करने हेतु त्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया जिसमें जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, सहायक अभियंता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सीतापुर थे। जाँच समिति द्वारा प्रकरण को दबाये रखा गया तथा तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी ऐलिया का स्थानान्तरण जब विकास खण्ड ऐलिया से अन्यत्र जनपद में हो गया तब त्रिस्तरीय समिति की जाँच आख्या पत्र सं0 2245 दिनांक 06.02.2025 द्वारा जिला विकास अधिकारी द्वारा प्रेषित की गयी। इस जॉच आख्या के आधार पर तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी ऐलिया अजीत कुमार यादव को पत्र सं0 33 दिनांक 03-04-2025 द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया गया जिसका जवाब देना उनके द्वारा उचित नहीं समझा गया तथा प्रकरण आज तक लम्बित है। जबकि प्रभारी मंत्री द्वारा तीन वर्ष पूर्व जॉच के आदेश दिये गये थे परन्तु पत्रावली अन्य पत्रावलियों की तरह आज भी जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय सीतापुर में अग्रिम कार्यवाही हेतु लम्बित है।

## युवक के ऊपर चढ़ी कार, पैर कटा, हालत नाजुक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत गौरीगंज-जामों मार्ग पर दयालापुर गांव के पास एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बाइक सवारों ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। बताया जाता है कि इसी दौरान सामने से आ रही कार उसके पैर पर चढ़ गई, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान इलेक्ट्रीशियन विनोद यादव निवासी जेठोना के रूप में हुई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस, जनपद-अमेठी

पत्रांक - 1318/न.पा.प.जा/2025-26 दिनांक- 30.03.2026

**नगर पालिका परिषद जायस को बनाये नं.-1**
**(आवश्यक सूचना)**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 के अन्तर्गत नगर के सभी सम्मानित नागरिकों, दुकानदारों, थोक विक्रेताओं, सब्जी विक्रेताओं, वेस्ट जनरेटर, अन्य जनमानस आदि से अपील है कि-

01. घर अथवा दुकान मे जनित होने वाले सूखा, गीला कूड़ा व घरेलू खतरनाक अपशिष्ट (बच्चों के डायपर्स/सेनेटरी पैड) को अलग-अलग डस्टबिन में एकत करें। नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कूड़े को घर-घर से कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन/नगर पंचायत कर्मी को ही कूड़ा दें। कूड़े को किसी भी दशा में नाला/नाली, सड़क व खुले स्थान पर न फेंके और न ही जलायें। कूड़ा जलाने व खुले स्थान पर फेंकने से गन्दगी व वातावरण प्रदूषित होता है। कूड़ा जलाना व खुले स्थान पर फेंकना एक दण्डनीय अपराध है और इसके लिए दण्ड के प्राविधान के अन्तर्गत प्रथम बार पाये जाने पर 100/- रू0 एवं पुनरावृत्ति करने पर 500/- रू0 प्रति प्रकरण जुर्माना वसूल किया जायेगा।
02. नगर पालिका सीमान्तर्गत भवन निर्माण सामग्री (निष्प्रयोज्य सामग्री) को खुले स्थानों (खुली जगह एवं सड़क किनारे) पर डालने से एस.डब्ल्यू.एम. नियम 2016 तथा नगर पंचायत के नियम के अनुसार प्रथम बार उल्लंघन करने पर 500/- रू0 तथा पुनरावृत्ति किये जाने पर 1000/- प्रति प्रकरण जुर्माना हो सकता है। कोई भी व्यक्ति सी.एण्ड.डी. वेस्ट से संबंधित सूचना स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी के मो0 नं0 9532607788 पर देकर सी.एण्ड.डी. वेस्ट की सेवायें नियमानुसार शुल्क अदा करके नगर पालिका परिषद जायस से प्राप्त कर सकता है। सार्वजनिक मार्ग/नाली पर मलवा डालने पर उपरोक्तानुसार जुर्माना वसूल किया जायेगा।
03. नगर पालिका सीमान्तर्गत सभी होटलों, रेस्टोरेन्ट, हॉस्पिटल, विद्यालय, बारात घर व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि जिनका कचरा प्रतिदिन 100 किलोग्राम (वल्क वेस्ट जनरेटर), से ज्यादा है अपने गीले कूड़े का निस्तारण अपने ही परिसर में स्वयं करना सुनिश्चित करें अन्यथा एस.डब्ल्यूएम. नियम 2016 के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा 1000/- रू0 प्रति प्रकरण जुर्माना वसूल किया जायेगा।
04. नगर पालिका सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंको से निकलने वाली गन्दगी (फीकल स्लज) को साफ करने हेतु सीवर सेक्शन मशीन नगर पालिका में उपलब्ध है। जिसका शुल्क रू0 2000/- प्रति चक्कर है। यदि कोई भी फीकल स्लज ऑपरेटर रोड के किनारे अथवा अन्य स्थान पर फीकल स्लज का निस्तारण करते हुए पाया गया तो नियमावली के अन्तर्गत अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। यदि कोई भी मकान मालिक किसी भी प्राइवेट व्यक्ति से सेप्टिक टैंक साफ कराता है तो सफाई के दौरान यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती हे तो इसके लिए संबंधित व्यक्ति एवं कर्मी स्वयं ही जिम्मेदार होगा। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मैनुअल स्कैवेंजर अधिनियम 2013 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा।
05. नगर पालिका सीमान्तर्गत खुले में शौच या यूरिन करना एक दण्डनीय अपराध है। कृपया खुले में शौच या यूरिन कदापि न करें। अपने आस-पास बने सार्वजनिक/सामुदायिक/पेट्रोल पम्प पर बने शौचालयो का ही प्रयोग करें एवं दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। खुले में शौच करते हुए पकड़े जाने पर 500/- रू प्रति व्यक्ति जुर्माना वसूला जायेगा। तथा खुले में यूरिन करते हुए पकड़े जाने पर 100/- रू प्रति व्यक्ति जुर्माना वसूला जायेगा।
06. नगर पालिका सीमान्तर्गत मच्छर जनित स्थिति पैदा करने वाले व्यक्तियों से 500/- रू0 जुर्माना वसूल किया जायेगा।
07. किसी भी प्रकार के धर्माकोल/प्लास्टिक के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली, आदि 100 माइक्रॉन से कम प्लास्टिक प्रयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है, इसलिए इसका प्रयोग कदापि न करें। सभी दुकानदार, विक्रेता, ठेले वाले, फेरी वाले, सब्जी वाले एवं अन्य जनमानस द्वारा थर्माकोल/प्लास्टिक के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि 100 माइक्रॉन से कम प्लास्टिक का क्रय विक्रय करते हुए पाये जाने पर शासनादेश में उल्लिखित धनराशि के सापेक्ष जुर्माना वसूल किया जायेगा।
08. नगर पालिका के समस्त सम्मानित नागरिको से अपील है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में भारत सरकार की ओर से नियुक्त सर्वेकर्ता/आब्जर्वर द्वारा सफाई से संबंधित प्रश्नों पर अपना पॉजिटिव फीड बैंक दें।
09. गूगल प्ले स्टोर से स्वच्छ ऐप (MoHUA) प्रोत्साहित और डाउनलोड करायें। इसी ऐप के माध्यम से सफाई एवं कूड़े से संबंधित शिकायतों को दर्ज कराया जा सकता है।
10. स्वच्छता संबंधी शिकायतों के लिए हेल्पलाईन नम्बर 1533 तथा सेप्टिक टैंक सफाई के लिए हेल्पलाईन नम्बर 14420 का प्रयोग करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**जायस जनपद-अमेठी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**जायस जनपद-अमेठी**

# पशु रोगों पर नियंत्रण के लिए जागरूकता जरूरी : प्रिया शाक्य

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया गोष्ठी का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




ग्राम लक्षीराम नगला में पशु रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत पशु रोगों के प्रति जागरूकता गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा पशु रोगों पर नियंत्रण के लिए जागरूकता आवश्यक है।

उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित हैं। इसके लिए पशुपालन विभाग भी पूरी तत्परता के साथ जुटा हुआ है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ नेम कुमार ने पशुपालकों को खुरपका, मुंहपका, गलाघोंटू, लंपी स्किन डिजीज, रेबीज, पीपीआर, स्वाइन फीवर, बर्ड फ्लू आदि पशुओं की प्रमुख बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समय समय पर प्रमुख बीमारियों के टीकाकरण के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा गर्मी के इस मौसम में तेज धूप एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए पशुओं को दो से तीन बार स्वच्छ पानी अवश्य पिलाएं एवं पशुओं को छायादार जगह पर रखें। इसके साथ ही गर्मी में तेज गर्म हवा एवं लू से पशुओं को बचाकर रखने के लिए प्रेरित किया। मौसम परिवर्तन से जीवाणु एवं विषाणु जनित रोगों से बचाव की भी जानकारी दी जिससे पशुधन में होने वाली हानि से बचा जा सके।

उन्होंने कहा दुग्ध उत्पादन वाले पशुओं को मिनरल सप्लीमेंट और समय-समय पर पेट के कीड़ों की दवा अवश्य खिलाते रहें जिससे दुग्ध उत्पादन में निरंतर बढ़ोतरी होती रहे। पशुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इस दौरान पशु मित्र अमित कुमार, अभिषेक, विवेक, नीरज, सत्येंद्र, सुनील सहित सुरेश चंद्र, सुभाष चंद्र, श्याम सिंह, विपिन कुमार, बांकेलाल, आलोक, संजू व सोनू सहित बडी सख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

# मेला में खोई बच्ची को पुलिस ने ढूंढकर परिवार को सौंपा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के मधौनगर में मां आनंदी देवी मंदिर के मेले में निगोह खास निवासी 3 वर्षीय बच्ची माही खो गई थी। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई कर बच्ची को सुरक्षित ढूंढ लिया और उसकी मां मधु व पिता सौरभ के सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम में एचसी शक्ति सिंह, पीआरडी सरोजनी और पीआरडी सतीश चंद्र शामिल थे। इस त्वरित सहायता से परिवार ने राहत की सांस ली।

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रतिभा से किया मंत्रमुग्ध

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कालिका देवी मंदिर के समीप स्थित प्रतिष्ठित दयाल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे-छोटे कलाकारों की अदाकारी और नृत्य देखकर लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।

कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक दयाशंकर दीक्षित एवं श्रीमती मुन्नी देवी दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद बुद्धि के देवता भगवान गणेश एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन व माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने बच्चों द्वारा रामचरितमानस के कथानक पर आधारित प्रस्तुति की खूब सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हर स्कूल में आयोजित होने चाहिए, ताकि बच्चे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ें और देश सही दिशा में आगे बढ़े। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा 10 तक के बच्चों ने नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल की सबसे छोटी बच्ची का एकल नृत्य विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम में पत्रकारों, डॉक्टरों, वकीलों, अभिभावकों, अधिकारियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शुभम सक्सेना, तृप्ति सिंह एवं अवन्तिका सिंह के संचालन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन आशीष दीक्षित, डायरेक्टर राधा दीक्षित, प्रबंधक संदीप प्रताप वर्मा, प्राचार्य बृजेश कुमार पांडेय सहित गौरव चौहान, सौरभ सर, विजय सर, मोनिका यादव, मीनाक्षी दुबे, अलका सिंह, सौम्या आदि शिक्षकगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शिक्षा से ही समाज की तरक्की सम्भव: अशोक कुमार



प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व प्रवक्त ऋषि भूमि इण्टर कालेज अशोक कुमार सिंह राठौर ने कहा शिक्षा से ही समाज की तरक्की सम्भव है। उन्होंने समस्त कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत किया और कहा नवीन सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो रहा है। अभिभावक अधिक से अधिक प्रवेश कराकर बच्चों को शिक्षा व्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने कहा अभिभावक बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें जिससे प्रदेश व भारत सरकार की योजनाओं का बच्चों को लाभ मिल सके। प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव ने कहा बच्चों की बेहतर व्यवस्था के लिए साफ सफाई, पेयजल, बैठने के लिए हवादार कमरे एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु विद्यालय में मुख्य द्वार पर गेट लगा है और आने-जाने का सुगम रास्ता है। अभिभावकों से निवेदन करते हुए कहा कि अपने 0 6 वर्ष के बच्चों को विद्यालय में अवश्य प्रवेश दिलाए । तथा 06 वर्ष कम बच्चों को अपने निकटतम आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रवेश दिलाए। इस अवसर पर सभासद नरेंद्र शर्मा, विजय कुमार, गौतम, रोहित, हिमांशु गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, रवि शर्मा, छैला बाथम, शिखा गुप्ता, नम्रता, रश्मि दुबे, सीमा यादव आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक : अर्चना पांडेय

**फायर स्टेशन के पास दिल्ली कॉन्वेंट एकेडमी की नई शाखा का शुभारंभ**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




ग्राम रंधीरपुर में फायर स्टेशन के निकट दिल्ली कॉन्वेंट एकेडमी (डे बोर्डिंग स्कूल) की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा यह विद्यालय संस्कारित बच्चे तैयार करके सराहनीय कार्य कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में इसके अद्वितीय योगदान से गर्व की अनुभूति होती है। विधायक अर्चना पांडेय ने आगे कहा कि इस विद्यालय में रामचरितमानस, श्रीमद् भागवत गीता सहित सनातन संस्कृति की शिक्षा बच्चों को दी जाती है, जो राष्ट्रीय गौरव की बात है। प्रधानाचार्य एवं संस्थापक दीपक द्विवेदी (एमए, बीएड, एमबीए) ने बताया कि दिल्ली कॉन्वेंट एकेडमी दरअसल सनातन कॉन्वेंट स्कूल यानी सरस्वती विद्या मंदिर का ही अंग्रेजी माध्यम का संस्करण है। आवास विकास कॉलोनी में जगह की कमी के कारण यहां नई ब्रांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष संजय भदोरिया ने भी सनातन मूल्यों पर आधारित शिक्षा की सराहना की। इस अवसर पर बच्चों ने सनातन संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में कक्षा 3 से 8 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किए गए। महाभारत संस्कार परीक्षा में उमाकांत यादव, कल्प द्विवेदी एवं उज्जवल सक्सेना को विशेष पुरस्कार मिले। हर कक्षा के टॉपर्स तथा संस्कृत ज्ञान परीक्षा में मेधावी छात्रों को ट्रॉफी दी गई।

रामचंद्र दुबे की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन श्रेय व कृतिका ने किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश शुक्ल 'अज्ञात', डायरेक्टर सीमा तिवारी, विवेक यादव, अमूल्य पांडेय, अस्मिता यादव, राम मोहन, कौशिकी पाल, कोमल, तृप्ति दुबे, अमित कुमार सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत शिक्षक को सम्मानित करके दी भावभीनी विदाई



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बिर्रा में सेवानिवृत्त इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्रीपाल वर्मा को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामबक्स वर्मा ने कहा शिक्षक कभी भी सेवानिवृत नहीं होता है बस उसके कार्य करने का दायरा और भी ज्यादा बड़ा हो जाता है। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री सत्येंद्र यादव ने कहा आज हमारे लिए बेहद चिंतन का क्षण है। श्रीपाल वर्मा की सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के नाम पर शून्य धनराशि प्राप्त होगी। आज के दौर में एक लाख रुपए वेतन पाने वाला व्यक्ति अगले ही महीने में शून्य धनराशि पर कैसे उसका जीवनयापन होगा यह सोचने का विषय है। आज से विद्यालय का कार्यभार ग्रहण करने वाले अवनीत राजपूत ने भी श्रीपाल वर्मा के कार्यों पर प्रकाश डाला और उनके व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व डायट प्रवक्ता योग शिक्षक सत्यराम यादव ने श्रीपाल को योग के क्षेत्र में आने का आमंत्रण दिया और कहा योग के माध्यम से ही स्वस्थ शरीर के साथ समाज की सेवा संभव है। सहायक अध्यापक मो. रिजवान ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षक नेता शैलेंद्र दुबे के संचालन में हुए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरिगोविंद, कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप प्रधान, अभिनीत राजपूत, रॉबिन, आशीष, मालिखान, रावेंद्र और बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



## धूमधाम से मनाया गया डॉ. नीरज बोरा का जन्मदिन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष विधायक डॉ. नीरज बोरा जी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि डॉ. नीरज बोरा समाज के प्रति हमेशा सक्रिय रहते हैं। वे समाज के सुख-दुख में शामिल होते हैं। उनके मार्गदर्शन में यह संगठन पूरे भारत में सक्रिय है और समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। ऐसे व्यक्तित्व के धनी बोरा जी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। समाजसेवी विमलेश गुप्ता ने कहा कि नीरज बोरा के पिताजी के साथ उनका राजनीतिक सफर रहा। आज उनके पुत्र के जन्मदिन में शामिल होना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता लालू, रामाधार गुप्ता, अवनीश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, विवेक गुप्ता, आलोक गुप्ता, जीतू राजीव गुप्ता, करुणा शंकर गुप्ता, रिंकू गुप्ता, किशोर गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, शरद गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, एडवोकेट विकास गुप्ता व मामन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# केडीए के खिलाफ किसानों का आंदोलन तेज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के मंडल कार्यालय में केडीए (कानपुर विकास प्राधिकरण) के खिलाफ मुआवजा न मिलने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

मौजा संभलपुर मैनावती मार्ग, तोमर फार्महाउस के पास 18 मार्च से लगातार 15 दिनों से किसान महिलाएँ, बच्चे, बुजुर्ग और युवा भाकियू भानू के बैनर तले धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी समस्या सुनने नहीं पहुँचा। बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सोमवार, 6 अप्रैल को कानपुर में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। यदि वहाँ भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुँचते और किसानों की मुआवजे की समस्या का समाधान नहीं होता, तो किसान कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) के लिए कूच कर देंगे। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए उनके खाने-पानी की व्यवस्था सरकार/ अधिकारियों को करनी होगी।

कानपुर मंडल के सभी जिलों को इस महापंचायत की तैयारी करने के लिए सूचित किया गया है। बैठक में मंडल अध्यक्ष अमित राजपूत, रविकांत श्रीवास्तव (युवा मंडल अध्यक्ष), अमन यादव (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), आरपी ठाकुर (राष्ट्रीय सचिव), विनय गुप्ता, रामकुमार यादव, फैजान खान, अरशद खान, रामानंद गुप्ता, विनोद यादव, रोहित यादव, अमित नगर, जाकिर खान, शाहिद उर्फ चिंटू, भट्टू, इशरत खान, अजय यादव, कामिल, अमित ठाकुर, रोहित यादव, आशु खान सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एमएलसी आगरा खंड प्रत्याशी ने शिक्षकों से किया संपर्क

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के अलीगढ़ व कन्नौज के पदाधिकारियों की संयुक्त टीम ने आगरा खण्ड के जनपद कन्नौज के मूल्यांकन केन्द्रों पर पहुंचकर रामानन्द द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी आगरा खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के नेतृत्व में शिक्षक संपर्क कर शिक्षकों से संवाद किया तथा शिक्षक समस्याओं को जाना तथा संगठन की उपलब्धियों से शिक्षकों को अवगत कराया तथा आगामी आगरा खण्ड के शिक्षक एमएलसी चुनाव में डॉ. जगवीर सिंह नौहवार के लिए शिक्षकों के संपर्क किया। इस मौके पर डॉक्टर जगरीर सिंह संभावित शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी आगरा खंड जनपद कन्नौज से अनिल पाठक जिलाध्यक्ष, रमेश चन्द्र वर्मा जिला मंत्री, पवन सिंह संयुक्त मंत्री, प्रवेश कुमार पूर्व जिला मंत्री, मुकेश बाबू जिला संगठन मंत्री,संदेश कुमार जिला उपाध्यक्ष, विनोद कुमार शुक्ला, उपेन्द्र सिंह, पुनीत दुबे, रॉबिनसन कुमार, महेंद्र सिंह, तथा जनपद अलीगढ़ से डॉ. जगवीर सिंह नौहवार के साथ डी.एन. तिवारी संयुक्त मंत्री, दुष्यंत चौधरी जिला उपाध्यक्ष, गौरव चिकारा प्रधानाचार्य, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## शराब ठेके के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा, पियक्कड़ों को खदेड़ा

**कन्नौज।** मानीमऊ चौकी क्षेत्र के उगापुरवा गांव में मंगलवार को महिलाओं ने शराब ठेके के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। 'शराब नहीं, सम्मान चाहिए' और 'बच्चों का भविष्य बचाओ' के नारों के बीच दर्जनों महिलाएं लाठी-डंडों के साथ ठेके पर पहुंच गईं और वहां कब्जा कर लिया। इस दौरान ठेके पर मौजूद ग्राहक और सेल्समैन मौके से भाग खड़े हुए। महिलाओं का कहना है कि ठेका प्राथमिक विद्यालय के करीब होने से बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। स्कूल जाते समय बच्चों को नशे में धुत लोग दिखाई देते हैं, जिससे उनके मानसिक विकास पर असर पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाम होते ही शराबियों के कारण गांव में असुरक्षा और अभद्रता का माहौल बन जाता है। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि जब तक ठेका यहां से हटाया नहीं जाता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

# जान जोखिम में डालकर बच्चों से कराई टंकी की सफाई

- छत पर चढ़ाकर कराया गया खतरनाक काम
- वीडियो वायरल, शिक्षा विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जनपद कन्नौज के ठठिया थाना क्षेत्र स्थित शिखवापुर प्राथमिक विद्यालय से गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्यालय में तैनात शिक्षक व प्रधानाध्यापक प्रेरणा यादव द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल की छत पर चढ़ाकर पानी की टंकी की सफाई कराई गई। इस दौरान किसी भी प्रकार के सुरक्षा इंतजाम नजर नहीं आए। घटना का एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि वायरल फोटो कुछ दिन पुराना है। बावजूद इसके, मामला सामने आने के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक मंजिला भवन की छत पर बच्चों से सफाई कार्य कराया गया, जो बेहद जोखिम भरा था। यदि इस दौरान कोई हादसा हो जाता, तो इसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता। लोगों का कहना है कि बच्चों को शिक्षा देने के बजाय उनसे इस तरह का कार्य कराना न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। वहीं, शिक्षा विभाग की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। गंभीर आरोपों के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी जांच कराई जा रही है कि वायरल वीडियो/फोटो किस दिन का है।

# स्मार्ट मीटर पर गलतफहमियां छोड़ बकाया बिल करें जमा : अधीक्षण अभियंता

- पुराने बिल के कारण कट रही बिजली
- ऐप से घर बैठे मिल रही रोजाना खपत की जानकारी
- उपभोक्ताओं के भ्रांतियां दूर करने के लिए की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिले में बिजली विभाग की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में अधीक्षण अभियंता संघप्रिय गौतम ने स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में फैली भ्रांतियों को दूर करने की अपील की। इस मौके पर अधिशासी अभियंता मगन सिंह समेत मुख्यालय के एसडीओ भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कई उपभोक्ताओं की बिजली अचानक कटने की वजह पुराने पोस्टपेड मीटर का बकाया है। मौजूदा बिल में मूल धन का करीब 10 प्रतिशत बकाया के रूप में जुड़ता है, जिससे कुछ रकम लंबित दिखाई देती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे अपना पूरा बकाया जल्द जमा कर दें, ताकि ब्याज का बोझ न बढ़े। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि उपभोक्ता गूगल क्रोम के जरिए यूपीपीसीएल बिल पेमेंट ऐप पर अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या मीटर नंबर दर्ज कर आसानी से बिल और बकाया की जानकारी ले सकते हैं। विभाग की अन्य ऐप के माध्यम से रोजाना बिजली खपत पर भी नजर रखी जा सकती है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर में जितनी बिजली खपत होगी, उतना ही भुगतान करना होगा। यदि बिजली का उपयोग नहीं होता है तो केवल निर्धारित मासिक शुल्क का 75 प्रतिशत ही देना होगा। साथ ही हर दिन रात 12 बजे तक उपभोक्ताओं को एक दिन की खपत का अपडेट मोबाइल पर मिल जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता कार्य दिवस में विभागीय कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता: वैशाली



**कन्नौज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर कन्नौज वैशाली ने मंगलवार को एम.सी. अग्रवाल फिलिंग स्टेशन, गोवर्धनी तिराहा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था व अभिलेखों का गहन परीक्षण किया और कर्मियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मकरंद नगर में राशन उठान व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया, उठान की नियमितता और लाभार्थियों तक समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि वितरण प्रणाली में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पूरी व्यवस्था पारदर्शी व व्यवस्थित रहनी चाहिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी जारी रहेगी।

# लाइब्रेरी युवाओं के लिए ज्ञानवर्धन का सशक्त केंद्रः डीएम

- अनौगी पहुँचे डीएम निरीक्षण कर परखी डिजिटल लाइब्रेरी व गौ आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



मतौली सचिवालय में डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मौजूद अन्य

क्षेत्र के ग्राम पंचायत मतौली स्थित सचिवालय पंचायत भवन में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी तथा अनौगी गौ आश्रय स्थल का जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। डिजिटल लाइब्रेरी के निरीक्षण में डीएम ने पुस्तकों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, वर्गीकरण और रजिस्टर संधारण को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाठकों को उनकी जरूरत की पुस्तक आसानी से मिलनी चाहिए। लाइब्रेरी में बच्चों, युवाओं और धार्मिक विषयों की उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता पर संतोष जताते हुए नई पुस्तकों की व्यवस्था करने को भी कहा। पुस्तक निर्गमन के लिए विधिवत रजिस्टर संचालित करने तथा इच्छुक पाठकों को निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि यह लाइब्रेरी युवाओं के लिए ज्ञानवर्धन का सशक्त केंद्र है, इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके बाद डीएम ने गौ आश्रय स्थल अनौगी का निरीक्षण किया और गोवंश को गुड़, चना व केला खिलाया। आश्रय स्थल में 195 गोवंश संरक्षित पाए गए। उन्होंने गोवंश के लिए छायादार वृक्षों के रोपण, स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता और केयरटेकरों की रोस्टरवार ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आश्रय स्थल की बाउंड्री के आसपास शहतूत और बोगनवेलिया जैसे पौधों के रोपण पर भी विशेष जोर दिया गया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरदुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# बेटी संग जा रहे स्कूटी सवार को डंफर ने मारी टक्कर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



बेटी को दवा दिलाने जा रहे हैं स्कूटी सवार पिता- बेटी को डंपर ने टक्कर मार दी। पिता और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद ले गए। हालत में सुधार न होने पर दोनों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे क्षेत्र के तहसीपुर ठठिया निवासी अरविंद कुमार उर्फ पप्पू (56) पुत्र राधेश्याम अपनी पुत्री शिवा (20) को अपने घर से सीएचसी जलालाबाद दवा दिलाने जा रहे थे, तभी गौरियापुर- जलालाबाद मार्ग पर मिट्टी से भरे तेज रफ्तार डंफर संख्या यूपी 78 एफएन 6307 ने अनियंत्रित होकर स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे कि स्कूटी सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। आनन फानन में राहगीरों ने एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुँचाया। घटनास्थल पर मौके से चालक डंफर छोड़ भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जलालाबाद- गौरियापुर मार्ग पर डंफर चालक ओवरलोड कर तेज गति से दौड़ाते है, जिससे कि दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, लोगों ने प्रशासन से गति सीमा निर्धारित और ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने की मांग की। इस संबंध में अनौगी चौकी प्रभारी देवीचरण साहू ने बताया कि मैं इलाहाबाद में हूं, चौकी क्षेत्र में हुई घटना के बारे में मुझे जानकारी नही है, जानकारी करता हूँ।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़










# आईजी ने थाना नवाबगंज का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर जोन हरीश चंदर ने मंगलवार शाम नवाबगंज थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने उन्हें शस्त्र सलामी दी। उन्होंने थाने के कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में मौजूद हेडमोहर्रिर वीरेन्द्र सिंह से थाना क्षेत्र के गुंडा व हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रजिस्टर के अवलोकन के दौरान हेडमोहर्रिर वीरेन्द्र प्रताप सिंह से एचओबी नंबर का अंकन करने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गांव उम्मरपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर ओमवीर सिंह के बारे में जानकारी लीं। थाने के रजिस्टर अपूर्ण देख उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने थाने में मिशन शक्ति डेस्क पर मौजूद पहुंचकर मौजूद महिला कांस्टेबल शालिनी से जानकारी ली। डेस्क पर कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने थाने के मेस का अवलोकन किया। उन्होंने थाने परिसर में खड़े निष्प्रयोग वाहनों को देखकर मलखाना प्रभारी हेडमोहर्रिर आलोक कुमार से



थाने का निरीक्षण करते आईजी

जानकारी लेकर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने में बने आवासों को देखकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार से नए पुलिस कर्मी को ठहरने की व्यवथा की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने थाने में मौजूद चौकीदारों से उनके गांव में अपराधियों के बारे में जानकारी लेकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान कुछ फरियादियों ने डीआईजी से मिलने का प्रयास किया। तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें थाने के गेट पर ही रोकने का प्रयास किया। डीआईजी की नजर जैसे ही फरियादियों पर पड़ी। तो उन्होंने पुलिस कर्मियों से फरियादियों को अंदर आने की बात कही। कुछ पुरुष व महिलाओं ने उनको शिकायती पत्र दिए। तो मामला जमीन से संबंधित होने पर उन्होंने सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा से मामलों में उपजिलाधिकारी से बात कर निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद डीआईजी ने नवाबगंज के दुनाया रोड पर लगभग 7 करोड़ की लागत से बन रहे थाने के नवीन भवन का जायजा लिया। उन्होंने कार्य करा रहे अधीक्षण अभियंता प्रकाश से निर्माण के बारे में जानकारी लीं। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता में कोई कमी न होने की बात कही। इस दौरान ऐई श्रीप्रकाश ने लगभग 35 प्रतिशत व अंटाइड 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। गुणवत्ता को लेकर उन्होंने भवन में लिंटर पढ़ने के दौरान सीओ मोहम्मदाबाद को मौके पर उपस्थिति रहने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, थानाध्यक्ष राजीव कुमार, अपराध निरीक्षक संजय कुमार राय, निरीक्षक राजेश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामसिंह, गीतम सिंह, एसआई जगराम, हेड मोहर्रिर वीरेन्द्र प्रताप सिंह, विजय कुमार, आलोक कुमार समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सर्विलांस टीम ने 101 मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को सौंपें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सर्विलांस टीम ने 101 गुमशुदा/खोए हुए एंड्रॉइड मोबाइल अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपए के बरामद किये। सभी फोनों को पुलिस लाइन सभागार में उनके मालिकों को सौंप दिया गया।

क्षेत्राधिकारी अमृतपुर संजय वर्मा ने बताया कि बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिए गए हैं। लंबे समय बाद अपने खोए हुए फोन वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। सर्विलांस टीम प्रभारी



फोन मिलने पर खुशी जताते मोबाइल स्वामी मौजूद सीओ

संत कुमार के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर अमित शर्मा, हेड कांस्टेबिल संदीप राव, अनुराग कुमार, सचिन सिंह और राहुल शर्मा ने जनपद सहित अन्य जिलों में लगातार प्रयास कर इन मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। सीओ संजय वर्मा ने सभी फोनों को पुलिस लाइन सभागार में उनके मालिकों को सौंप दिया गया। मोबाइल फोन पाकर स्वामियों ने सर्विलांस टीम व पुलिस का आभार व्यक्त किया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

## चोरी की सोलर पम्प सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की सोलर पम्प सेट सहित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना राजेपुर के उपनिरीक्षक सत्यदेव ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 नवम्बर 2025 को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर वादी के टयूबेल पर लगे सोलर पम्प सेट को रात्रि में चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में धारा 303(2) बीएनएस बनाम रूस्तम पुत्र मो0 मीर निवासी ग्राम भाऊपुर चौरासी थाना राजेपुर आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना शुरु कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रूस्तम उपरोक्त को चोरी किये गये 01 सोलर पम्प सेट सहित गिरफ्तार कर लिया।

# पोर्टल पर भरना होगा प्रत्येक स्कूल वाहन का विवरणः एआरटीओ

- अनफिट स्कूल वाहन किये जायेंगे सीज
- 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत के अनुसार जनपद के समस्त विद्यालयों को परिवहन विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर प्रत्येक स्कूल वाहन का विवरण भरना होगा। इसके साथ ही उन्हें एक शपथ पत्र भी अपलोड करना होगा। जिसमें पोर्टल पर भरे गए वाहनों की सत्यता प्रमाणित करनी होगी। पोर्टल पर प्रत्येक वाहन का विवरण उसकी फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा बीमा





पकड़ी गयी स्कूली वैन की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

की वैधता अंकित होगी। ड्राइवर के ड्राइविंग लाइसेंस एवं ड्राइवर के चरित्र सत्यापन का विवरण भी अपलोड किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकों की सूचना आदि का विवरण भी भरा जाएगा, जो विद्यालय यह विवरण नहीं भरेंगे। उनके विरुद्ध संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा कार्यवाही की जाएगी।जनपद में विद्यालयों के नाम 486 वाहन पंजीकृत हैं। वर्तमान में 130 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है, जिनमें से 33 वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जबकि स्कूली वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष है। 218 वाहनों के परमिट समाप्त है। शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा।

जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अनफिट स्कूल वाहनों को पुलिस एवं परिवहन विभाग सीज करे तथा बीएसए तथा डीआईओएस ऐसे स्कूलों के विरूद्ध मान्यता समाप्त कराने तथा एफआईआर कराने की कार्यवाही करायें। ऐसे सभी विद्यालय संचालक जिनके वाहन नष्ट हो गए हैं एवं संचालन में नहीं है, उनके पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त कराना सुनिश्चित करें तथा बिना फिटनेस संचालित वाहनों की फिटनेस कराना सुनिश्चित करें ताकि विधिक कार्रवाई से बचा जा सके।

# स्टेयरिंग फेल होने से कार पलटी, तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पट्टी कतरौली के पास स्टेयरिंग फेल होने से कार पलट गयी। जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गये। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कमालगंज थाना क्षेत्र के पट्टी कतरौली गांव के पास मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे कार का स्टेयरिंग फेल हो गया। जिससे कार पलट गयी। कार में सवार तीन युवक घायल हो गए। घायल आशिफ, वसीम और आकिब अपने गांव जारारी भड़ौसे से गुरसहायगंज जा रहे थे। पट्टी कतरौली के पास उनकी कार की स्टीयरिंग अचानक लॉक हो गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



क्षतिग्रस्त कार

हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना पुलिस ने अवैध असलहा रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ताजपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान श्याम कुमार उर्फ हुल्ली पुत्र रामसरण निवासी मोहल्ला गोला कोहना थाना कोतवाली फतेहगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक देसी तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। अमृतपुर कस्बा चौकी इंचार्ज दरोगा राहुल सिंह ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अपराध व अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### सिद्ध गुफा मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ



कथा का श्रवण करते भक्तगण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खुदागंज स्थित सिद्ध गुफा सरकार हनुमान मंदिर में 31 मार्च मंगलवार को भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमड़ पड़े। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। यह कथा कन्नौज जिले के बिराहिमपुर निवासी सुनील यादव फौजी के सहयोग से संपन्न हो रही है। कार्यक्रम मे श्रीमद् भागवत कथा का समापन 6 अप्रैल सोमवार को होगा। 7 अप्रैल मंगलवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में हवन-पूजन किया। इस दौरान उपस्थित भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। श्री सिद्धगुफा सरकार हनुमान मंदिर काली नदी पुल के पास स्थित एक प्राचीन और प्रसिद्ध आस्था केंद्र है। यह मंदिर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल माना जाता है। प्रत्येक वर्ष भादों माह के अंतिम मंगलवार को यहां भव्य मेला और विशाल भंडारे का आयोजन होता है। जिसमें हजारों भक्त शामिल होते हैं चल रही भागवत कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं।

# आईजी ने पुलिस लाइन सभागार का किया वार्षिक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर जोन हरीश चंदर ने रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने गार्द सलामी ली तथा सभी शाखाओं जैसे-पुलिस कार्यालय, स्टोर, भोजनालय, आरमरी, यातायात कार्यालय इत्यादि का निरीक्षण करते हुये शाखाओं/परिसर में साफ-सफाई रखने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने पुलिस लाइन कार्यालय, भोजनालय, मनोरंजन गृह, कैंटीन, स्टोर, एमटी कार्यालय, शस्त्रागार, बैरिक, लाइन परिसर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों के अभिलेख चेक किए। इसके बाद लाइन में मौजूद वाहनों को चेक किए। उनका रखरखाव सही रखे जाने,



अभिलेख चेक करते आईजी

लाइन परिसर में सफाई व्यवस्था सही रखने के निर्देश दिए। शस्त्रागार में मौजूद असलाह, कारतूसों को चेक किया। इसके बाद आईजी ने पुलिसकर्मियों की सम्पर्क सभा लेकर उनसे रुबरु होकर उनकी समस्याओं को सुना और पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

## आईजी ने बैठक कर पेंशनरों की समस्याओं को सुना

**फर्रुखाबाद।** पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर जोन हरीश चंदर ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में समस्त राजपत्रित अधि0/थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर जनपद में अपराधों की समीक्षा की और अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण हेतु व कार्यालयी कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाए जाने एवं अपराध की रोकथाम एकानून व्यवस्था के दृष्टिगत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एंव पुलिस पेंशनर्स को साइबर क्राइम के बारे में अवगत कराया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी कर बेहतर कानून व्यवस्था हेतु सुझाव लिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक आदि समस्त अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।





आईजी को सम्मानित करते पेंशनर्स

# पॉक्सो एक्ट में अभियुक्तों को कारावास, 50 व 12 हजार रूपये से भी अर्थदण्डित

- 12 हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित
- बीते दिन त्रुटिवश संदीप का नाम गलत अंकित हो गया था, जबकि संदीप को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त रमले उर्फ जितेंद्र पुत्र मुखराम निवासी चुरसाई जहानगंज को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व बारह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत नौ वर्ष पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र निवासी युवक ने 25 अक्टूबर 2017 को शाम साढ़े छः बजे मेरी 12 वर्षीय पुत्री शौच करने के लिए खेत में गई थी। वहां पर संदीप का मौसी का लड़का, जड़ेल सिंह, रमले मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गए। जब छोटी बेटी घर को बताने के लिए चली तो रमले ने पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा और गलत काम करने लगा। मेरी पुत्री चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर गांव के कई लोग आ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत, विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त रमले उर्फ जितेंद्र को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व बारह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं इसी मामले साक्ष्य के अभाव में संदीप को दोषमुक्त कर दिया गया। बीते दिन त्रुटिवश संदीप का नाम गलत अंकित हो गया था, जबकि संदीप को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पॉस्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त धर्मेंद्र पुत्र हीरालाल निवासी कछियाना लिंजीगंज को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत छः वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल 2017 को सुबह लगभग साढ़े चार बजे पुत्री 11 वर्षीय को मोहल्ले के धर्मेंद्र व अमित बहला फुसलाकर कही भगा ले गए। मेरी पुत्री पुश्तैनी जेवरात व नगद पांच हजार रुपए अपने साथ ले गई। काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं चला, मुझे आशंका है कि उक्त लोगों ने गलत काम करके उसकी हत्या भी कर सकते है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त धर्मेंद्र को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# पीत बसन सुन्दर तनु सोहें, कंध तुणीर धनुष मन मोहें



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुरामजी को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर प्रदोष काल में भगवान विष्णुजी ने परशुरामजी का यह अवतार लिया था। उन्होंने धरती पर यह अवतार पापी, विनाशकारी राजाओं और दुष्टों का संहार करने के लिए लिया था। माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर उन्होंने धरती पर यह अवतार लिया था।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



विशाल दुबे

उद्योग व्यापार मण्डल के मण्डल अध्यक्ष **विशाल दुबे** ने बताया एक बार परशुराम की माता रेणुका से कोई अपराध हो गया था। तब परशुराम के पिता ने क्रोधित होकर अपने सभी पुत्रों से मां का वध करने का आदेश दिया। भगवान परशुराम के सभी भाइयों ने मना कर दिया, लेकिन भगवान परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए अपनी माता वध कर दिया था। जिससे प्रसन्न होकर उनके पिता ने उनसे तीन वर मांगने के लिए कहा।



मुनीश चन्द्र मिश्रा

**जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुनीश चन्द्र मिश्रा** ने बताया परशुराम जी के गुरु स्वयं भगवान शिव है। वहीं विश्वामित्र और ऋचीक को भी इनका गुरु माना जाता है। भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण परशुराम जी के शिष्य थे। परशुराम जी ने भगवान राम को शारंग नाम का धनुष दिया था और भगवान कृष्ण को सुदर्शन चक्र। धर्म की स्थापना के लिए उन्होंने भगवान राम और कृष्ण की सहायता की थी। हम सब लोग मिलकर जन्मोत्सव मनायेंगे।



सुभ्रा पाठक

एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रधानाचार्या **सुभ्रा पाठक** ने बताया परशुराम को सप्त चिरंजीवियों में से एक माना जाता है। जबकि विष्णु भगवान के अन्य सभी अवतार पृथ्वी लोक से जा चुके हैं, इसलिए परशुरामा जी की पूजा नहीं बल्कि उनका आवाह्न किया जाता है। इसके साथ ही परशुराम जी भगवान विष्णु के उग्र अवतार माने गये हैं, जिनकी पूजा करने से अत्यधिक ऊर्जा आपको प्राप्त होती है।

# पूर्व सैनिक की पत्नी व पुत्र के साथ दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

- न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का पुलिस को दिया आदेश
- आरोपी सिपाही ने पीड़िता को जानमाल की दी धमकी
- चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर में घुसकर पूर्व सैनिक की बेवा पत्नी व उसके पुत्र के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस कर्मी सहित आठ लोगों के विरुद्ध न्यायालय ने फतेहगढ़ पुलिस को मुकदमा दर्ज करने आदेश दिया है।

सुमन पत्नी स्व0 सतेन्द्र सिंह निवासी नगला दीना कोतवाली फतेहगढ़ ने अपने अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह के माध्यम से न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि 27 फरवरी समय करीब 7:55 पर वह अपने घर के अंदर मौजूद थी, तभी मोहल्ले के नवीन उर्फ लालू, अंकित, गौरव पुत्रगण राजकुमार, शिल्पी, बबली पुत्री राजकुमार, रेनू पत्नी राजकुमार, राजकुमार पुत्र स्व0 मदारी लाल सभी एकराय होकर लाठी-डंडा लेकर मेरे घर के अंदर घुस आये और मुझे मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान मेरा पुत्र अंकित बचाने आया तो उसे भी इन लोगों ने बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये। तभी यह लोग जानमाल की धमकी देकर भाग गये। इस दौरान मेरे पुत्र का कीमती मोबाइल भी उठा ले गये। यह लोग मेरे परिवार से रंजिश मानते है। घायल पुत्र का लोहिया अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। कोतवाली गये, लेकिन मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। एसपी को भी प्रार्थना पत्र दिया।

इन सब की जानकारी होने पर पुलिस में सेवारत विनय उर्फ बबलू ने धमकी दी कि यदि कोई कार्यवाही की तुम्हारे पुत्रों को जान से मरवा देंगे या किसी फर्जी मामले में फांस देंगे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये है।

# भाजपा छह अप्रैल को मनायेगी स्थापना दिवस

**▸ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष ने ली बैठक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आगामी 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस के संदर्भ में तैयारी बैठक संपन्न हुई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष एवं मोर्चा के अध्यक्ष शामिल हुए। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया हर वर्ष की भांति 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाता है, यह स्थापना दिवस एक सेवा भाव के रूप में मनाया जाएगा। 6 अप्रैल 1980 को स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी जिसने अपनी राजनैतिक पारी में विषम परिस्थितियों के बावजूद भी जन कल्याण और जन सेवा के संकल्प के मंत्र के साथ अपनी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाया है। संगठन की योजना के अंतर्गत 5, 6 व 7 अप्रैल को जिला कार्यालय को फूलों, लाइटिंग एवं रंगोली द्वारा सजाया जाएगा। 6 अप्रैल के दिन ही पार्टी मुख्यालय पर ध्वज फहराने एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा।

कार्यालय पर पार्टी की विकास यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं उद्बोधन होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज फहराएंगे एवं प्रत्येक बूथ पर पार्टी के प्रेरक महापुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही बूथ पर ही 6 एवं 7 अप्रैल को प्राथमिक सदस्य सक्रिय सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर स्थापना दिवस के कार्यक्रम को मनाने का कार्य करेंगे।

साथ ही भाजपा की विचारधारा पर संगोष्ठी आयोजित करेंगे। जिला स्तर पर 8 व 9 अप्रैल तारीख के मध्य सक्रिय सम्मेलन आयोजित होंगे। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल के मध्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गांव एवं बस्तियों में भ्रमण करके केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों एवं योजनाओं का प्रचार करेंगे। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर भाजपा जिलाध्यक्ष को खाटू श्याम बाबा का फोटो चित्र देकर सम्मानित किया। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा भाजपा की स्थापना के बाद उसकी विकास यात्रा की बारे में संपूर्ण जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। विधायक सुशील शाक्य ने कहा भारत एक समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने में भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है।

संचालन गोपाल राठौर ने किया। इस अवसर पर अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, अनुराग दुबे, अभिषेक बाथम, जितेंद्र सिंह, सर्वेश कुशवाहा, संदेश राजपूत, अशनील दिवाकर, शिवांग रस्तोगी, संजीव गुप्ता, अनुराग सिंह, पंकज पाल, मनोज गंगवार, शिव मोहन सिंह, अभिषेक बाजपेई, श्वेता दुबे, प्रतिभा राजपूत, संजय सिंह, संतोष राजपूत, नीरज अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने गुरुजी का सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान


विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनता भारती इंटर कालेज भरखा में वरिष्ठ अध्यापक बृजकरन सिंह सोमवंशी का विदाई सम्मान समारोह हुआ। उनकी उत्तम सेवाओं की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह ने पुष्प माला व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में पूर्व प्रबंकधकस्व0 दुर्विजय सिंह के पुत्र कुंवर सिंह व अनिल कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व शिक्षक दशरथ सिंह राठौर ने किया। पूर्व प्रधानाचार्य ईश्वर दयाल पाठक, रामनरेश सिंह, डा0 सत्यपाल सिंह, कृष्ण कुमार शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, जगत पाल सिंह मौजूद रहे। वर्तमान शिक्षक अनिल सिंह राठौर, वीरेन्द्र कुमार शुक्ला, अनुराग सिंह, सोमनाथ तिवारी, सोनी बाथम, नीरज बाथम, शशिकुमारी मौजूद रही। विद्यालय के कर्मचारी विवेक कुमार, रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार व बृजकरन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शमसाबाद स्टेशन पर प्रदर्शन करने पहुंचे भाकियू नेता

**▸ पुलिस ने नहीं फूंकने दिया रेल मंत्री का पुतला**
**▸ रेलवे अधिकारी ने ट्रेनों के ठहराव का दिया आश्वासन**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


रेलवे स्टेशन का घेराव करने जाते भाकियू नेता


स्टेशन पर तैनात पुलिस बल

शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर मंगलवार को माहौल गरमा गया। किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंझना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। प्रशासन और जीआरपी पुलिस भारी संख्या में मौके पर पहुंच गयी। अधिकारियों की घेराबंदी और सूझबूझ के चलते प्रदर्शनकारी रेल मंत्री का पुतला नहीं फूंक सके। रेलवे स्टेशन मास्टर अरुण कुमार व जीआरपी इंस्पेक्टर ओपी मीणा ने प्रदर्शनकारियों को प्रशासनिक दस्तावेज दिखाते हुए आश्वस्त किया कि ट्रेन संख्या 15040 और 15041 कासगंज-फर्रुखाबाद एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रेलवे विभाग के विचाराधीन है और प्रस्ताव प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि स्थानीय भावनाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। 15 दिन के अंदर दोनों ट्रेनों का ठहराव रेलवे स्टेशन शमशाबाद पर होने लगेगा। जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा अपने साथियों के साथ रेलवे विभाग की कार्यशैली से संतुष्ट हुए और अपनी मांग को लेकर स्टेशन मास्टर अरुण कुमार को ज्ञापन सौंप दिया।

किसान यूनियन और क्षेत्रीय संगठनों का तर्क है कि शमसाबाद एक बड़ा केंद्र है। ट्रेनों के न रुकने से छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल प्रशासनिक आश्वासन के बाद प्रतीकात्मक प्रदर्शन को सीमित कर दिया गया है। इस मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा, जीआरपी के इंस्पेक्टर शेर सिंह, जीआरपी कायमगंज चौकी इंचार्ज वसीम अहमद, नवाबगंज थाना पुलिस के क्राइम इंस्पेक्टर संजय राय, दरोगा जगराम सिंह मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान के प्रति किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बालिकाओं को जागरुक करती पुलिस

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मंगलवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीम ने गांवों, कस्बों, मोहल्लों में जाकर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया। डायल-1090, यूपी-112 एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

महिला सुरक्षा दल और बीट पुलिसकर्मी अपने थाना क्षेत्रों के गांवों, पंचायत भवनों, प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और मंदिरों जैसे सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। वे बालिकाओं और महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कादरीगेट मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही कोतवाली कायमगंज, कोतवाली फतेहगढ़, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, महिला थाना, थाना राजेपुर क्षेत्र में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा बालिकाओं और महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) 102 (स्वास्थ्य सेवा) 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1078, 181, 112 के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। उन्हें महिला संबंधी अपराधों और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# टाइनी टेक मॉर्निंग स्टार स्कूल में ग्रेजुएशन डे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षिकायें

फतेहगढ़ के मोहल्ला गीता पुरम कॉलोनी हाथीखाना स्थित प्री-प्राइमरी शिक्षण संस्थान टाइनी टेक मॉर्निंग स्टार स्कूल में ग्रेजुएशन डे (दीक्षांत समारोह) धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा और उनके चेहरे की मुस्कान ने सबका मन मोह लिया। यह दिन उन नन्हे बच्चों के लिए खास था जो अपने जीवन की पहली शैक्षणिक सीढ़ी चढ़कर अब प्राथमिक शिक्षा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रहा। विद्यालय के प्रबंधक ने शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक द्वारा विजेता बच्चों को, आकर्षक शील्ड चमकते मेडल प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

प्रबंधक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये पुरस्कार केवल एक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि बच्चों की मेहनत और उनके शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि आज के ये नन्हे बच्चे ही कल के भविष्य हैं और इनकी नींव मजबूत करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। ग्रेजुएशन डे के इस अवसर पर बच्चों को गाउन और कैप पहने देख माता-पिता के चेहरे गर्व से खिले हुए थे। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए बताया कि खेल-खेल में शिक्षा देने की पद्धति से बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास तेजी से होता है। प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना है। टाइनी टेक मॉर्निंग स्टार स्कूल हमेशा से ही बच्चों को एक सुरक्षित और संस्कारयुक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आज जो बच्चे यहां से प्राथमिक शिक्षा की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं हमें विश्वास है कि वे आगे चलकर भी विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। नए सत्र के एडमिशन चल रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका, दिव्यांशी और स्टॉप निशा का विशेष योगदान रहा।

# एसबी पब्लिक स्कूल द्वारा किड्स कार्निवल में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा


प्रमाण पत्र के साथ बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसबी पब्लिक स्कूल किड्स कार्निवल एवं वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न बॉलीवुड और लोक गीतों पर मनमोहक डांस प्रोग्राम पेश किए। नन्हें बच्चों की मासूमियत और उनके नृत्य कौशल ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। परीक्षा फल वितरण और सम्मान कार्निवल के साथ-साथ वार्षिक परीक्षा का रिपोर्ट कार्ड वितरण भी किया गया। इसके साथ हमारे विद्यालय के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जैसे बीना, सूर्यांशी, अर्पित, मानवी, आस्था, लवीश, पीयूष, आरती, आरूषि, अनन्या, महिमा, गोविंद को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया तथा सत्र भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मेडल और सर्टिफिकेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रगति पर चर्चा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावकों के लिए मजेदार खेल खेले गये। कार्यक्रम में अभिभावक भी मौजूद रहे। अभिभावकों के लिए आयोजित पेपर फोल्डिंग, बैलून ग्लास गेम तथा अन्य फन गेम्स ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार कर दिया।

विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपहार भेंट किए गए। बच्चों तथा उनके अभिभावकों के लिए विद्यालय द्वारा विशेष जलपान की व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी ने जमकर लुफ्त उठाया। बच्चों और अभिभावकों ने विभिन्न खाद्य स्टॉलों का आनंद लिया।

डायरेक्टर डॉ0 विवेक सिंह यादव तथा चेयर पर्सन स्नेहा यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

उन्होंने सफल शैक्षणिक सत्र के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।

## पत्नी से आशनाई के शक में साढ़ू पर चाकू से हमला, मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत पत्नी से बातचीत और आशनाई के शक में एक व्यक्ति ने साढ़ू पर चाकू से हमला कर दिया वहीं इलाज के दौरान साढ़ू की मौत हो गई। बताया जाता है मुसाफिरखाना कस्बा निवासी विजय बहादुर विश्वकर्मा 13 मार्च को साढ़ू द्वारा चाकू से किए गए हमले से बुरी तरह घायल हो गए थे। लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, सुल्तानपुर जनपद के कुड़वार थाना क्षेत्र के कामापुर मजरे सोहगौली निवासी रोहित विश्वकर्मा एक प्रीतिभोज कार्यक्रम में शामिल होने मुसाफिरखाना आया था। आरोप है कि उसने अपने साढ़ू विजय बहादुर को नहर की पटरी पर बुलाया और पत्नी से बातचीत को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया 9वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस पर मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल परिसर में 9वां स्थापना दिवस बड़े हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया। निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, निदेशक राजीव मोहन पाण्डेय उपस्थित रहें। विद्यालय को आकर्षक रंग-बिरंगे फूलों से तथा गुब्बारों से सजाया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के स्थापना दिवस का उद्देश्य अब तक की उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसको सभी अध्यापकों ने बड़े मनोयोग के साथ सस्वर गाया।

## तमंचा कारतूस के साथ एक को पुलिस ने दबोचा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त जुनैद पुत्र अख्तर निवासी नयापुरवा मजरे खैरातपुर थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त जुनैद थाना जगदीशपुर में यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त है। जिसके विरूध्द जनपद के विभिन्न थानों में गोवध, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट के कुल 14 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में धीरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर, उ.नि. शेख नईम, का. अवनीश कुमार, का. ओमप्रकाश व का. नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

## जनगणना के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने अवगत कराया कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश में यह कार्य दिनांक 22 मई 6 से 20 जून तक प्रस्तावित है।

# शिक्षकों ने भरी हुंकार, 13 अप्रैल को टेट के विरोध में बाइक रैली


मजहर मोहम्मद खान


ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी


भूपेश प्रकाश पाठक


प्रवेश कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने हुंकार भरी है। आगामी 13 अप्रैल को जनपद में बाइक रैली निकालकर शिक्षक ताकत दिखायेंगे। उत्तर प्रादेशिक जू0 हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खान ने बताया कि टीईटी अनिवार्यता से शिक्षकों के ऊपर संकट आ जायेगा। शिक्षकों के परिवार के लोग सहमे हुए है। सरकार व उच्चतम न्यायालय गंभीरता से निर्णय लें।

अटेवा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री व अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के संरक्षक ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि हम टेट का पुनजोर विराध करते है। जरुरत पड़ी तो शिक्षक जनपद से लेकर प्रदेश व देश भर में आंदोलन करेंगे। जबकि राष्ट्र निर्माता शिक्षक को मानसिक रुप से प्रताड़ित करना देश के भविष्य का अंधकारमय करना है। आगामी 13 अप्रैल को जनपद के शिक्षक टेट का विरोध करते हुए बाइक रैली निकालेंगे।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने कहा कि शिक्षकों का जीवन ही संघर्ष का जीवन है। पढ़ाई के बाद जब कोई व्यक्ति शिक्षक बनता है तो बच्चों को शिक्षित बनाने का जिम्मा उनके ऊपर आ जाता है। उनकी जिम्मेदारी इतनी ज्यादा सरकार ने बढ़ा दी है। उसके बावजूद भी समय-समय पर विभिन्न प्रकार का बोझ डाल दिया जाता है। टेट अनिवार्यता से शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

उत्तर प्रादेशिक जू0 हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने बताया कि टेट अनिवार्यता के आदेश से शिक्षकों में रोष है। सरकार ने समय रहते निर्णय न लिया तो शिक्षक संगठन लामबंद होकर देशभर में आंदोलन करेंगे। शिक्षकों पर हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जनपद के शिक्षकों से अपील की गई है कि वह 19 अप्रैल को होने वाली बाइक रैली को सफल बनाये।

# असिमता खेलो इंडिया कबड्डी एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


ट्राफी के साथ विजेता टीम

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़इंडिया तथा उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देशानुसार स्वर्गीय ब्रह्मदत द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में अस्मिता खेलो इंडिया कबड्डी व हैंडबॉल प्रतियोगिता जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में संपन्न हुई। हैंडबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य के द्वारा किया गया। महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में कुल तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें पहला मैच ऑफीसर्स क्लब ने फतेहगढ़ स्टेडियम को हराकर जीता।

फाइनल मैच ऑफीसर्स क्लब तथा वीरपुर मोहम्मदाबाद के मध्य खेला गया। जिसमें ऑफीसर्स क्लब ने 3.0 से विजय प्राप्त की। बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल एकलव्य कबड्डी क्लब, सलेमपुर व रानी लक्ष्मीबाई कबड्डी क्लब, भरखा के मध्य खेला गया जिसमें विजयश्री एकलव्य कबड्डी क्लब सलेमपुर को मिली। दोनों ही प्रतियोगिता का फाइनल का पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी दीप्ति वत्स के द्वारा संपन्न हुआ। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहन हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की व्यवस्था ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन ने व संचालन सचिव अवनींद्र कुमार व धन्यवाद अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे ने ज्ञापित किया। कबड्डी में निर्णायक के रूप में कबड्डी सचिव कुलदीप यादव, सुनील कुमार पाल, संजीव द्विवेदी, सुभाष चंद्र, अभिषेक शाक्य, सपना देवी, अभिषेक पाल, विपिन कुमार, विनोद कुमार व विजयंत सिंह राजपूत रहे। जबकि हैंडबॉल प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में शबनम शाक्य, दुर्गा, अंशिका पाल, निकिता दुबे, योगेश शुक्ला, अजय प्रताप, वंश सक्सेना, चंदन कुमार आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### पहले ही प्रयास में पीसीएस में सफलता, धीरज वर्मा बने क्षेत्र की शान



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** पीसीएस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अलीगंज क्षेत्र के ग्राम अलियापुर निवासी धीरज वर्मा ने अपने परिवार सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में हर्ष का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार, प्रगतिशील किसान अनिल वर्मा के पुत्र धीरज वर्मा ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। वह पटेल संस्थान के पूर्व अध्यक्ष संजील वर्मा के भतीजे हैं। उनकी माता नीलम एक गृहिणी हैं, जबकि बड़े भाई अमित व भाभी रश्मि वर्मा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। धीरज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गोला गोकर्णनाथ स्थित विवेकानंद स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने कानपुर से बीएससी किया और इसके पश्चात सिविल सेवा की तैयारी के उद्देश्य से दिल्ली का रुख किया। कड़ी मेहनत का परिणाम यह रहा कि उन्होंने पहले ही प्रयास में पीसीएस परीक्षा में सफलता अर्जित कर ली। पीसीएस में चयनित होने के बाद उन्हें वाणिज्य कर विभाग में तैनाती मिलेगी। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, परिवारजनों एवं गुरुजनों को दिया है। धीरज वर्मा की इस उपलब्धि से क्षेत्र में गर्व का वातावरण है। स्थानीय लोगों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जेसीआई लखीमपुर में प्रभावी भाषण कला पर कार्यशाला आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में प्रभावी भाषण कला पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नेशनल ट्रेनर राममोहन गुप्ता व ज़ोन ट्रेनर मीता गर्ग ने प्रतिभागियों को भाषण कौशल, मंच भय दूर करने, शब्द चयन व प्रभावी प्रस्तुतीकरण के गुर सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान आदर्श गुप्ता, एकता शर्मा, अजय दीक्षित समेत कई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन व जेसीआई सदस्यों की उपस्थिति रही। मीडिया प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व विकास कराना है।

### निघासन में एसबीआई बैंक के पास खुला 'स्टार जिम'




**निघासन खीरी।** निघासन क्षेत्र में पलिया रोड स्थित एसबीआई बैंक के निकट सोमवार को 'स्टार जिम' नाम से एक नए जिम सेंटर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के दौरान क्षेत्र के लोगों, खासकर युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली, जिससे इलाके में फिटनेस को लेकर बढ़ती रुचि का अंदाजा लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में बरोठा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रहास राज, अमर शुक्ला सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की सुविधाएं पहले सीमित थीं, जिसके चलते युवाओं को फिटनेस के लिए शहरों का रुख करना पड़ता था। जिम संचालक के अनुसार, सेंटर में आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित ट्रेनर की व्यवस्था की गई है। हालांकि, स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसी सुविधाओं का लाभ तभी सार्थक होगा, जब यहां नियमित और किफायती सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे युवाओं ने भी जिम शुरू होने पर खुशी जताई, लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि यह सुविधा लंबे समय तक बेहतर ढंग से संचालित होती रहे। फिलहाल, जिम सेंटर की शुरुआत को क्षेत्र में फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इसकी सफलता संचालन और सुविधाओं की निरंतरता पर निर्भर करेगी।

### नकहा ब्लॉक में सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई, गीतों ने किया भावुक



**लखीमपुर खीरी।** विकास क्षेत्र नकहा में 31 मार्च को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। ब्लॉक संसाधन केंद्र चहमलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने मिलकर उन्हें सम्मानित किया। समारोह में कंपोजिट विद्यालय सिरैंचा की प्रधानाध्यापिका मनोरमा वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबुआपुर की प्रधानाध्यापिका सुषमा देवी, कंपोजिट विद्यालय बिलरिया के सहायक अध्यापक रमजान अली, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेल बंजरिया के सहायक अध्यापक राजेंद्र प्रसाद, प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की प्रधानाध्यापिका नसीम बेगम तथा प्राथमिक विद्यालय फरेंदहा के सहायक अध्यापक एजाज अहमद को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न सरोज के संरक्षण में आयोजित हुआ, जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीतू सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का स्वागत किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को माला पहनाकर अभिनंदन किया, वहीं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत विदाई गीतों ने माहौल को भावुक कर दिया। नीतू सिंह, प्रवीण कुमार यादव, गौरव कुमार और रासिना नसीम द्वारा प्रस्तुत गीतों को सुनकर कई शिक्षक भावुक हो उठे। इस अवसर पर शिक्षकों को स्मृति चिन्ह स्वरूप पुस्तकें एवं फूलों के गमले भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। अंत में सभी को जलपान कराया गया और गाजे-बाजे के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों को ब्लॉक संसाधन केंद्र नकहा से विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन नीतू सिंह ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक साथियों का विशेष सहयोग रहा।

### मृत किशोर के पिता ने कार चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी इस्माइल ने सोमवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर पुत्र को टक्कर मारने वाले कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है दी गयी तहरीर में बताया की पुत्र 15 वर्षीय मुख्तार मुहम्मद सोमवार की दोपहर बरी पेट्रोल पंप की तरफसे पैदल घर की तरफआ रहा था। की जैसे ही देशी शराब के दुकान के आगे पहुंचा की लालगंज की तरफसे तेजगति लापरवाही पूर्वक कार लेकर आ रहे कार चालक प्रयागराज जिला के मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज वार्ड संख्या पांच हाल पता हलिया निवासी मोहम्मद सद्दाम ने पुत्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे पुत्र की घटना स्थल पर मौत हो गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने पुत्र को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा पुत्र को मृत्यु घोषित कर दिया है। जिस पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुरे मामले की जांच एसआई घनश्याम सिंह द्वारा किया जा रहा है। टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मृत किशोर के पिता की तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### राज्यसभा सांसद ने हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायतों में विकास के लिए दिया सौगात

**हलिया (मिर्जापुर)।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने अपनी निधि से विकास खंड हलिया के ग्राम पंचायतों में सौगात दिया है । राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने ग्राम पंचायत हलिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में 35 लाख रूपये की लागत से पैथोलजी भवन निर्माण कार्य व ग्राम पंचायत बैधा के कवलझर सबरी आश्रम स्थित भवन बाउंड्रीवाल व स्थल विकास निर्माण तीस लाख व ग्राम पंचायत बरया में पंचायत भवन का बाउंड्री वाल व स्थल का विकास के लिए 35 लाख रूपये व ग्राम पंचायत सोनगढ़ा में कनौठी आश्रम के पास रैन बसेरा का निर्माण कार्य के लिए 35 लाख व ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह में सुखनई नदी पर रपटा निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रूपये व ग्राम पंचायत कोटार में शंकर जी के मंदिर के पास रिटर्निंग वाल का निर्माण के लिए 35 लाख रूपये की लागत का प्रस्ताव जिलाधिकारी मिर्जापुर को पत्र भेजकर दिया है । पत्र में जिलाधिकारी को बताया है की मेरे सांसद विकास निधि से निम्नलिखित कार्यों हेतु धनराशि आवंटित कर शेष धनराशि आगे की किस्त में समायोजित करें राजयसभा सांसद द्वारा हलिया विकास खंड के जनहित कार्यों के लिए अपने विकास निधि से प्रस्ताव भेजने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है ।

# फर्जी जीएसटी फर्म बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

- भोले-भाले लोगों के दस्तावेज लेकर करते थे इस्तेमाल
- 37 सिम कार्ड, 26 चेकबुक, लैपटॉप-मोबाइल समेत बड़ी मात्रा में दस्तावेज बरामद
- गरीब लोगों के आधार-पैन का दुरुपयोग कर करते थे धोखाधड़ी



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

साइबर क्राइम थाना खीरी पुलिस ने भोले-भाले गरीब लोगों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में सिम कार्ड, चेकबुक, आधार-पैन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। साइबर क्राइम थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक सिंह उर्फ भीमा (बाराबंकी), अंकित द्विवेदी (सीतापुर), धीरेन्द्र सिंह उर्फ कमल (सीतापुर) और राजू (ईसानगर, खीरी) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी गरीब और भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो, सिम कार्ड आदि ले लेते थे। इन दस्तावेजों के आधार पर फर्जी जीएसटी पंजीकरण, किरायानामा और अन्य कागजात तैयार कर विभिन्न प्रकार की साइबर व वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देते थे।

**बरामद हुआ भारी मात्रा में सामान:** पुलिस ने आरोपियों के पास से 37 सिम कार्ड, 26 चेकबुक, 16 पैन कार्ड, 20 आधार कार्ड, 21 किरायानामा स्टाम्प, 3 रबर स्टाम्प, 5 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 1 पेन ड्राइव, 1 डिजिटल सिग्नेचर डिवाइस और 19 तालों की चाबियां बरामद की हैं। इसके अलावा 4 जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, 4 उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, पार्टनरशिप डीड, रिटायरमेंट डीड, कई नोटबुक, पासपोर्ट साइज फोटो और आधार-पैन कार्ड की प्रतियां भी मिली हैं। आरोपियों से तलाशी के दौरान कुल रु.26,100 नकद भी बरामद हुए।

**पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे:** पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ जनपद खीरी के विभिन्न थानों में पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनकी विवेचना साइबर क्राइम थाना खीरी द्वारा की जा रही है। इस मामले में थाना साइबर क्राइम में मुकदमा भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट की धारा के तहत दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**टीम में शामिल रहे अधिकारी:** कार्रवाई में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक हेमन्त कुमार राय, उपनिरीक्षक आशीष सहरावत, उपनिरीक्षक तनवीर अहमद, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल मयंक वर्मा और कांस्टेबल वतन त्यागी शामिल रहे।

## आज से बौठा टोल हुआ महंगा, बस-ट्रक रिटर्न शुल्क बढ़ा, मासिक पास भी बढ़ा

- एनएचएआई ने एनएच-730 के फरधान स्थित बौठा टोल प्लाजा के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की संशोधित यूजर फीस जारी की



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी और खुटार के बीच नेशनल हाईवे-730 पर फरधान क्षेत्र में स्थित बौठा टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को 1 अप्रैल से अधिक टोल शुल्क चुकाना पड़ेगा। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संशोधित यूजर फीस जारी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद इस मार्ग से नियमित रूप से आने-जाने वाले वाहन चालकों के मासिक खर्च में बढ़ोतरी होगी।

एनएचएआई के अनुसार अभी तक वित्तीय वर्ष 2025-26 की दरें लागू थीं। 1 अप्रैल से लागू होने वाली नई दरों में कुछ श्रेणियों के टोल शुल्क में मामूली वृद्धि की गई है। कार, जीप और हल्के मोटर वाहनों के एकल और वापसी शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन इनके मासिक पास की दर बढ़ा दी गई है।

इसी तरह बस और ट्रक श्रेणी के वाहनों के वापसी शुल्क में भी वृद्धि की गई है। साथ ही कई भारी वाहनों के मासिक पास भी महंगे हो गए हैं। इससे खास तौर पर उन लोगों पर असर पड़ेगा जो रोजाना नौकरी, व्यापार या अन्य काम के लिए इस मार्ग से सफर करते हैं। परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि टोल दरों में बढ़ोतरी का सीधा असर माल ढुलाई की लागत पर पड़ता है। परिवहन खर्च बढ़ने से इसका प्रभाव बाजार में सामान की कीमतों पर भी पड़ सकता है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल शुल्क बढ़ने के साथ हाईवे की गुणवत्ता, सुरक्षा और यात्रियों की सुविधाओं में भी सुधार होना चाहिए।

**पहले क्या था, अब क्या होगा**

**कार/जीप एकल यात्रा-**
पहले रु.50 रु. अब रु.50
**कार/जीप वापसी-**
पहले रु.75 रु. अब रु.75
**कार/जीप मासिक पास-**
पहले रु.1650 रु. अब रु.1660
**लाइट कमर्शियल वाहन मासिक पास-**
पहले रु.2665 रु. अब रु.2685
**बस/ट्रक वापसी शुल्क-**
पहले रु.250 रु. अब रु.255
**बस/ट्रक मासिक पास-**
पहले रु.5585 रु. अब रु.5625
**तीन एक्सल वाहन मासिक पास-**
पहले रु.6095 रु. अब रु.6135
**4-6 एक्सल वाहन मासिक पास-**
पहले रु.8760 रु. अब रु.8820
**ओवरसाइज वाहन वापसी शुल्क-**
पहले रु.480 रु. अब रु.485
**स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहनों का मासिक पास-**
पहले रु.340 रु. अब रु.350

बौठा टोल प्लाजा के मैनेजर पिंटू गुप्ता ने बताया कि नई दरें 1 अप्रैल से प्रभावी कर दी गई हैं। यह बढ़ोतरी एनएचएआई के वार्षिक संशोधन के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा और सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर खीरी में भक्ति का उल्लास

- कोठीपुर में भंडारा, पड़रिया तुला में 2 अप्रैल को निकलेगी 10वीं पदयात्रा

**बांकेगंज/बिजुआ-खीरी।** जिले में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धा और उत्साह चरम पर है। कहीं विशाल भंडारों का आयोजन हो रहा है तो कहीं भव्य पदयात्राओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कोठीपुर और पड़रिया तुला में इस बार आयोजन खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुबह से ही मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। फूलों और आकर्षक सजावट से सजे मंदिर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष गूंजते रहे। पूजा के बाद शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। आयोजन में युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान कर व्यवस्थाएं संभालीं।

आयोजक रवि सिंह अर्कवंशी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सेवा भाव से कार्यक्रम कराया गया है। श्रद्धालु भक्ति भजनों पर झूमते नजर आए और पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा।

**भजन-कीर्तन और आतिशबाजी भी आकर्षण:** 2 अप्रैल की शाम बालाजी धाम में भव्य भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें भजन गायक हनुमान जी की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर आतिशबाजी और केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं, वहीं प्रशासन भी सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर सतर्क है। हनुमान जन्मोत्सव पर खीरी जिले में आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का यह संगम श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर रहा है।

### कोठीपुर में भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



विकासखंड बांकेगंज के ग्राम कोठीपुर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया गया। गांव निवासी रवि सिंह अर्कवंशी द्वारा देवी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पड़रिया तुला में 10वीं पदयात्रा की तैयारियां तेज



वहीं विकासखंड बिजुआ के पड़रिया तुला स्थित बालाजी धाम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। मंदिर परिसर को लाइटिंग और सजावट से सजाया जा रहा है, साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। आयोजन समिति के अनुसार, इस वर्ष 2 अप्रैल को 10वीं भव्य पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा सुबह बालाजी धाम से शुरू होकर चौंसधा बाबा आश्रम तक जाएगी। पूरे मार्ग को भगवा ध्वजों और बैनरों से सजाया जा रहा है और जगह-जगह स्वागत व जलपान की व्यवस्था की गई है। समिति सदस्य सोनू शुक्ल ने बताया कि पदयात्रा दिव्य ज्योति और ध्वज पताका के साथ निकलेगी। आश्रम पहुंचकर विशेष पूजन-अर्चन और भंडारे का आयोजन होगा।

## बंद मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर व नकदी चोरी

- सीसीटीवी में कैद हुआ संदिग्ध, इलाके में दहशत



**पलिया कलां (खीरी)।** नगर के मोहल्ला बाजार प्रथम में चोरी की एक वारदात ने लोगों की नींद उड़ा दी। अज्ञात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

मोहल्ला बाजार प्रथम निवासी राहुल गुप्ता पुत्र विनोद कुमार गुप्ता 29 मार्च 2026 को किसी कार्य से घर से बाहर गए थे। मकान बंद था और मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। इसी का फायदा उठाते हुए देर रात करीब 2 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति मौके पर पहुंचा और ताला तोड़कर घर में घुस गया। बताया जा रहा है कि चोर ने घर के भीतर रखी अलमारी व अन्य सामान को खंगालते हुए करीब 15 से 20 हजार रुपये नकद, लगभग 20 ग्राम की सोने की चैन और दो सोने की अंगूठियां (करीब 3-3 ग्राम) चोरी कर लीं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति घर में घुसते और बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहा है, लेकिन उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार में दहशत, आर्थिक नुकसान पीड़ित राहुल गुप्ता ने बताया कि इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घर का सामान अस्त-व्यस्थित मिला और परिवार में डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कोतवाली पलिया में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पर उठे सवाल, गश्त बढ़ाने की मांग स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

> पलिया थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया, मैं छुट्टी पर था, अब वापस आ गया हूं। मामले की जांच कराई जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई करते हुए एक युवक को 18 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दिघिया मोड़ के पास संदिग्ध स्थिति में एक युवक नजर आया। तलाशी लेने पर उसके झोले से 18 पाउच देशी अवैध शराब बरामद हुई। पकड़ा गया आरोपी नदना गांव निवासी शिवम सिंह बताया जा रहा है। जो उक्त शराब को बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा था। पुलिस ने मौके से ही उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### महिला ने दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खम्हरिया कला गांव निवासी आइसा बेगम ने सोमवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गयी तहरीर में बताया है की सोमवार की शाम चार बजे जमीन के विवाद व कब्जेदारी को लेकर विपक्षी गांव निवासी असरफउर्फबड़े व अबरार अली उर्फछोटे ने गाली गुप्ता देते हुए दरवाजे पर आ गए मना करने पर लाठी डंडे से मारने लगे जिस पर हल्ला सुनकर आयी चांदनी फातिमा व जैनव बानो तथा चाँद अली को भी मारपीट कर घायल कर दिया जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मारपीट में घायलों को उपचार के लिए पीएचसी हलिया उपचार के लिए भेज दिया। जंहा उपचार किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है।

## रफ्तार का कहर: काल बना बेकाबू टेलर, तीन की मौत



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** अहरौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रोशनहर हाईवे पर एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार टेलर ने मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीन लोगो की मौत हो गई । टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार टेलर में फंस गया । टेलर ने शव को घसीटते हुए कुछ दूर ले गया और एक महिला समेत दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे भारी टेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और लंबा जाम लग गया सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और यातायात बहाल कराया। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि हाईवे पर निर्धारित गति सीमा का पालन करें। इस घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की जरूरत को उजागर कर दिया है।

## आकांक्षी ब्लॉक के सूचकांक की प्रगति बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार की अध्यक्षता में एएनएम की बीडब्ल्यूआरध्डेटा वेलिडेशनध्समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सीएम फेलो गौरव सिंह, एआरओ संतोष कुमार गौतम, बीएचडबल्यू, डेटा एंट्री ऑपरेटर और 37 उपकेंद्रों की एएनएम उपस्थित थी। बैठक में आकाँक्षी ब्लॉक के सभी सूचकांकों की प्रगति बढ़ाने जिसमे प्रथम तिमाही में पंजीकरण, बींत एएनसी जाँच, हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की जाँच 9 से 11 माह के बीच सम्पूर्ण टीकाकरण,आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति,टीबी के संभावित रोगियों का चिन्हीकरण एवं उनका उपचार, आयुष्मान केन्द्रों की भौतिक स्थिति, पिछले सप्ताह के लक्ष्यों की समीक्षा, टीकाकरण स्थिति एवं वीएचएसएनडी प्रदर्शन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रगति, उच्च जोखिम गर्भावस्था फॉलो-अप, कुपोषण/सैम मैम बच्चों की निगरानी, परिवार नियोजन सेवाएँ, रोग निगरानी एवं प्रकोप रिपोर्टिंग, पोर्टल डेटा आदि की समीक्षा, फील्ड में आने वाली समस्याएँ और अगले सप्ताह की कार्ययोजना बना कर कार्य करने पर विस्तृत समीक्षा किया गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गलरा के पंचायत भवन में भाजपा गड़बड़ा धाम मंडल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण वर्ग का मंगलवार को समापन हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण वर्ग के समापन के मुख्य अतिथि राजेश सिंह हिंद रहे। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा और जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई आयोजित दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, बूथ स्तर पर कार्य विस्तार और संगठनात्मक जिम्मेदारियों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गड़बड़ा धाम मिथिलेश सिंह ने किया। इस दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य ज्ञानेश्वर दुबे, जय प्रकाश उपाध्याय, मुकेश सिंह, महेश सिंह, रामकृष्ण राय, जय प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ सपा का हल्ला बोल, कार्रवाई की उठाई आवाज

- सपा जिलाध्यक्ष बोले- कार्रवाई न होने पर होगा आन्दोलन

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के अगुवाई में मंगलवार को पैदल मार्च कर पुलिस प्रसासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित मांग पत्र क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला को सौपा । पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पुलिस प्रसाशन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कटरा कोतवाली पर जाने के लिए निकले रमईपट्टी जिला पंचायत कार्यालय के पास पुलिस प्रसाशन ने रोक दिया। समाजवादी पार्टी के नेताओ ने कहा पुर्व छात्र संघ अध्यक्ष जी डी बिनानी कालेज, को 29 मार्च 2026 को सांय काल लगभग 6 बजे मार्केट करने बेलतर थाना कोतवाली गया था बाइक हटाने को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा से बातचीत के दौरान बहस हुआ जिस मामले से नाराज होकर प्रभारी निरीक्षक ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित यादव को थाने ले जाकर भद्दी भद्दी गाली - गुप्ता देते हुए बुरी तरीके से बहुत गंभीर रूप से मारे पीटे और 126/135 ठछै में चालान कर दिया जिससे उसके हाथ में काफी गंभीर चोटे आई हैं। जिसका पुनः मेडिकल जाँच कराकर विपक्षीगण (1) अजय प्रताप सिंह व (2) प्रभारी निरीक्षक वैद्यनाथ सिंह के खिलाफ कार्यवाही की जाए अन्यथा समाजावादी पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर जिलध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा की उत्पीडन करने वाले खिलाफकार्यवाही की जाय। प्रदर्शन एवं कटरा कोतवाली घेराव करने जाने वालो में मुख्य रूप से मुन्नी यादव, श्याम अचल यादव, गोविन्दा सोनकर, सियाराम जैसल, लल्लू शुक्ला, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, राममिलन यादव, कौशिक कन्नौजिया, राजू पासी, अतिक खान, रवि सोनकर, हर्षित श्रीवास्तव, आकाश कोल आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।